# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-31-05-2024

# दो को सात साल की कैद

**गोरखपुर।** मड़ई में आग लगाने का जुर्म सिद्ध पाए पर अपर सत्र न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने खजनी थाना क्षेत्र के ग्राम मेउड़ी निवासी अभियुक्त लालू व मुन्नर को सात साल के कठोर कारावास एवं प्रत्येक को 15 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है।अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को एक साल का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रमोद मौर्य एवं रविंद्र यादव का कहना था कि वादिनी फूलमती देवी की एक मड़ई बहुत पहले से अभियुक्तों के निकास के करीब स्थित थी।अभियुक्त हमेशा इस फिराक में रहते थे कि किसी तरह मड़ई को समाप्त कर दिया जाए।

# गैर इरादतन हत्या के जुर्म में दस साल की कैद

**गोरखपुर (एसएनबी)**।गैर इरादतन हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश अवनीश कुमार राय ने गोला थाना क्षेत्र के ग्राम बेवरी वार्ड नम्बर-3 निवासी अभियुक्त रणधीर को दस साल के कठोर कारावास एवं 25 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है।अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को 75 दिन का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेंद्र दूबे एवं अतुल कुमार शुक्ल का कहना था कि अभियुक्त रणधीर ने ही थाने पर सूचना दी थी। उसका कहना था कि 4 मई 23 की शाम करीब 6.30 बजे उसके पड़ोसी रोकी,रीना व दीपक उसके पिता लल्लन प्रसाद को लाठी डंडा व लात मुक्का से मारे पीटे। इलाज कराने सरकारी अस्पताल गोला ले गए जहां उसके पिता की मृत्यु हो गई। दौरान विवेचना यह पता चला कि अभियुक्त अपने पिता लल्लन प्रसाद को गाली दे रहा था और मारने के लिए उग्र हो रहा था। अभियुक्त रणधीर के पिता द्वारा मना करने पर अभियुक्त और उग्र हो गया और अपने पिता को उठाकर आरसीसी रोड पर पटक दिया और लात मुक्का से मारा पीटा। इलाज के लिए उसे सरकारी अस्पताल ले गए जहां उसकी मृत्यु हो गई।

## कच्ची संग एक धराया, दूसरा भागा

**भटहट (एसएनबी)**। कच्ची शराब की खेप ले जा रहे बाइक सवार को आबकारी विभाग एवं गुलरिहा पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर भटहट-बांसस्थान रोड से दबोच लिया। 60 लीटर कच्ची शराब, 750 ग्राम नौसादर और दो किग्रा यूरिया भी बरामद किया। वहीं दूसरा व्यक्ति पुलिस चकमा देकर फरार हो गया। उपनिरीक्षक अंजनी कुमार तिवारी की तहरीर पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को न्याय में पेश कर जेल भेज दिया। पकड़े गए युवक ने नाम तूफानी निषाद निवासी अतरौली थाना पिपराइच बताया।

## शिकायत करने पर मनबढ़ों ने किया हमला

**बड़हलगंज (एसएनबी)**। बालू की अवैध खनन करने की शिकायत पर मनबढ़ों ने शिकायतकर्ता मुसाफिर यादव को सरेराह मारपीट कर घायल कर दिया। यही नहीं जानमाल की धमकी देते हुए भाग गये। पीड़ित ने कोतवाली मे तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गुरुवार को दिये गए तहरीर मे डेरवा गांव निवासी पीड़ित मुसाफिर यादव ने कहा है कि कुछ मनबढ़ हल्का पुलिस की साठगांठ से अवैध बालू खनन करते हैं। जिसकी शिकायत हल्का दरोगा से फोन से किया था। हल्का पुलिस ने इसकी सूचना अवैध बालू खनन करने वाले मनबढ़ो को दे दी। जिस पर उक्त मनबढ़ अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दे रहा था। गुरुवार को सुबह नौ बजे मैं बाइक मे तेल लेने डेरवा चौराहे पर पहुचा ही था कि पहले से घात लगाये मनबढ़ो ने लाठी-डण्डा व राड से हमला कर मुझे घायल कर दिया।

## एसएसपी के आदेश पर दर्ज हुआ छेड़खानी का केस

**पादरी बाजार (एसएनबी)**। शाहपुर इलाके के एक मोहल्ले की युवती के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है, घटना 22 मई की है। एसएसपी के आदेश पर बुधवार को शाहपुर पुलिस जंगल तुलसीराम निवासी अक्षय कुमार के खिलाफ छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। शाहपुर इलाके के एक मोहल्ले की महिला ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 22 मई की रात 3 बजे सभी लोग घर में सोए थे। इसी दौरान मौका देकर अक्षय कुमार घर में घुस गया और उनकी बेटी को पकड़ कर छेड़खानी करने लगा और उसका कपड़ा खींचने लगा। बेटी ने अपनी इज्जत बचाने के लिए शोर मचाया तो सभी की नींद टूटी। इसके बाद आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गया। सुबह स्थानीय चौकी और शाहपुर पुलिस को घटना की जानकारी दी लेकिन, पुलिस ने कार्रवाई नहीं किया जिसके बाद एसएसपी से गुहार लगायी। उनके निर्देश पर बुधवार को शाहपुर पुलिस ने आरोपी अक्षय कुमार पुत्र रामसरन के खिलाफ छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस अभियुक्त की तलाश कर रही है।

# फ्लैग मार्च कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**जैतपुर (एसएनबी)**। पिपरौली ब्लाक क्षेत्र के जैतपुर, नगवां, संरया, छपिया कस्बे में चुनाव को लेकर गोडा थाना प्रभारी द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। जानकारी के अनुसार आज जैतपुर कस्बे से लेकर नगवां संरया छपिया नन्दापार कस्बे में सातवें चरण का अन्तिम चुनाव जो काफी सजग पुलिस



प्रशासन द्वारा रोड पर फ्लैग मार्च किया गया इस उमस भरी गर्मी में जनता एवं पुलिस प्रशासन परेशान दिख रहे हैं फिर भी रोड पर अपनी ड्यूटी निभाई जा रही है। जिससे कोई दिक्कत न हो जाए प्रशासन सुरक्षा में तैनात है।

# एसएसबी के जवानों के साथ किया फ्लैगमार्च

**जगदीशपुर (एसएनबी)**। लोक सभा चुनाव के मद्देनजर एम्स थाने की पुलिस ने एसएसबी के जवानों के साथ क्षेत्र में फ्लैगमार्च किया। बृहस्पतिवार को शाम एम्स थानाध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने जगदीशपुर, सोनबरसा बाजार, कुसम्ही बाजार कुसम्ही कोठी आदि जगहों पर फ्लैगमार्च किया। लोगों को शांतिपूर्ण और ज्यादा से ज्यादा मतदान की अपील की और हिदायत दिया कि चुनाव में अगर किसी ने खलल डाला तो सख्त से सख्त कार्य



की जाएगी। इस मौके पर एम्स थानाध्यक्ष संजय सिंह, चौकी प्रभारी जगदीशपुर रमेश कुशवाहा, सोनेंद्र सिंह, वंश बहादुर, अजय चौधरी, संजय सिंह, प्रभाकर चौधरी, संतोष सिंह आदि पुलिस फोर्स तथा एसएसबी के जवान मौजूद रहे।

# 18 हजार पुलिस और सशस्त्र बल के जवान कराएंगे मतदान

**गोरखपुर (एसएनबी)।** 64 गोरखपुर लोकसभा 67 बासंगाव लोकसभा का मतदान सप्तम चरण में एक जून को चुनाव सम्पन्न होगा। पुलिस लाइन में एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने पुलिस अधिकारियों, सशस्त्र बल के राजपत्रिक अधिकारियों और जवानों को ब्रीफ करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

डा. ग्रोवर ने बताया कि गोरखपुर जनपद में दो लोकसभा क्षेत्र पड़ता है जिसको 29 जोन तथा 252 सेक्टर में विभाजित किया गया है प्रत्येक थाना क्षेत्र को 02-02 क्यूआरटी टीम उपलब्ध करायी गयी है। गोरखपुर की बाहरी सीमाओं पर 32 स्थानों पर अन्तजर नपदीय बैरियर की व्यवस्था की गयी है। इसके अतिरिक्त 50 स्थानों पर आन्तरिक पिकेट (चेक पोस्ट) की व्यवस्था की गयी है। सप्तम चरण में कुल 1773 मतदान केन्द्रों तथा 3271 मतदेय स्थलों पर मतदान किया जाना है। इसमें से लोकसभा क्षेत्र 64 गोरखपुर में 140 मतदान केन्द्र व 214 बूथ क्रिटिकल है। लोकसभा क्षेत्र 67 बांसगांव में 96 मतदान केन्द्र व 186 बूथ क्रिटिकल जिन पर विशेष निगरानी की आवश्यकता है। लोस क्षेत्र 64 गोरखपुर में बलरेबिल मजरों की संख्या - 05 है। लोकसभा क्षेत्र 67 बांसगांव में बलरेबिल मजरो की संख्या 02 है।

■ 29 जोन तथा 252 सेक्टर में विभाजित किया गया है गोरखपुर-बांसगांव लोकसभा क्षेत्र, जहां करेंगे 37 लाख मतदाता करेंगे मतदान

■ 1773 मतदान केन्द्रों तथा 3271 मतदेय स्थलों पर किया जायेगा एक जून को मतदान

गोरखपुर बांसगांव लोकसभा में कुल 3667756 वोटर है जिनमे 1972307 पुरुष 1695198 महिला 251 जेंडर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे जिनकी सुरक्षा व्यवस्था के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने चुनाव आयोग के निर्देश पर 966 उप निरीक्षक 7478 हेड कांस्टेबल जिनमें शस्त्र के साथ 4788 बिना शस्त्र के साथ 2690 महिला आरक्षी 352 होमगार्ड 5468 इसके साथ 24 सेक्शन पीएसी 2185 सेक्शन सीपीएमएफ अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए सकुशल चुनाव संपन्न करने में अपना अहम योगदान देंगे। कोई भी मतदाता मतदान केंद्र तक मोबाइल नहीं ले जा सकता कोई भी जनप्रतिनिधि अगर उनके साथ है सशस्त्र जवान नियुक्त है तो 100 मीटर पहले ही रहेगा। इस दौरान चुनाव नोडल अधिकारी एसपी ट्रैफिक संजय कुमार ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी, एसपी मंदिर सुरक्षा अनुराग सिंह, सहायक पुलिस अधीक्षक अंशिका वर्मा,सहायक पुलिस अधीक्षक आलोक भाटी सहित सशस्त्र बल अधिकारी व गोरखपुर के सभी राजपत्रित अधिकारी मौजूद रहे।



मतदान के लिए आयोजित बैठक को सम्बोधित करते एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर।

# गुलरिहा क्षेत्र में फिर सड़क पर फेंका मिला भ्रूण

- पहले पिपरी जमुनहवां में झाड़ी और जैनपुर के तालाब में मिला था, पांच महीने का बताया जा रहा भ्रूण
- पुलिस की जांच में एक निजी अस्पताल का नाम आया था सामने, नहीं हुई कार्रवाई

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : गुलरिहा थाना क्षेत्र में गुरुवार को पांच महीने का भ्रूण बरामद हुआ। बीते सात महीने के अंदर थाना क्षेत्र में तीसरी बार भ्रूण फेंका मिला है। इसके पहले पिपरी के जमुनहवां स्थित झाड़ी में गत्ते में फेंका हुआ भ्रूण बरामद हुआ था। गत्ते में एक डाक्टर की पर्ची भी मिली थी। पुलिस की जांच में एक निजी अस्पताल का नाम सामने आया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। वहीं, जैनपुर गांव में स्थित तालाब में झोले में फेंका भ्रूण बरामद हुआ था। पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की, लेकिन कोई नतीजा सामने नहीं आया। फिर भ्रूण मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

भटहट संवाददाता के अनुसार गुलरिहा थाना क्षेत्र के बढ़हरिया के समीप तुर्रा नाला पर बनी पुलिया के पास दोपहर 1:30 बजे पालीथिन में फेंका हुआ भ्रूण देखकर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की। पूछताछ में आसपास के लोगों ने बताया कि आटो में सवार किसी महिला ने पालीथिन को सड़क पर फेंका है। पालीथिन के फटने से भ्रूण बाहर आ गया। उस पर कपड़ा डालकर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के अनुसार भ्रूण पांच महीने का बताया जा रहा है।



सड़क पर भ्रूण फेंके जाने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस • जागरण

**क्षेत्र मे चलते है कई निजी अस्पताल :** बीते दिनों पुलिस ने एंबुलेंस माफिया पर कार्रवाई की थी तो यह पता चला था कि इस क्षेत्र में अवैध रूप से कई निजी अस्पताल संचालित हैं। पूछताछ में एंबुलेंस माफिया ने बताया था कि वह बीआरडी मेडिकल कालेज से रोगी को ले जाकर गुलरिहा क्षेत्र के अस्पतालों में भर्ती कराते थे। पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की जांच में भी कई फर्जी अस्पताल चलते मिले थे, जिसे सीज कर कार्रवाई की गई थी। फिर नाम बदलकर कुछ अस्पताल संचालित हो रहे हैं।

**यह और अन्य खबरें देखें**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# चोर को पकड़ कर पुलिस को सौंपा

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के सरैया बाजार स्थित मंदिर के पुजारी का बुधवार की रात चार हजार रुपया अज्ञात चोर चुरा लिया। चोरी की घटना परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसके आधार पर आरोपी चोर को पहचान कर मंदिर परिसर से पकड़ लिया गया। उसके जेब से 350 रुपया बरामद कर डायल 112 पर सूचना दिया गया। स्थानीय लोगों ने बरामद पैसे के साथ आरोपी को थाने पहुंचा दिया। **भटहट प्रतिनिधि** के अनुसार पीड़ित संतोषीदास पुत्र बच्चू लाल के मुताबिक एक झोले में चार हजार रुपया, दवाई और कपड़ा रखे थे। बुधवार को रात करीब 9 बजे एक अज्ञात व्यक्ति पैसा और सामान चुरा ले गया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। गुरुवार को सुबह छह बजे घर के बच्चे गांव के बाहर देख कर अज्ञात व्यक्ति को पहचान लिए। स्थनीय लोग बरामद पैसे के साथ अज्ञात व्यक्ति को थाने ले गए और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस के पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान पड़ोसी जनपद कुशीनगर के अहिरौली थाना क्षेत्र के लखिमा निवासी दिनेश के रुप में बताया। प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

# माता-पिता का हत्यारा पुत्र धराया

**गोला (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के फत्तेपुर गांव में वृद्ध माता- पिता की हत्या कर फरार चल रहे आरोपी पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लेने का दावा किया है। यद्यपि चर्चा है कि वह भूख से बिलबिला रहा था और ग्रामीणों से खाने के लिए भोजन मांग रहा था। शक होने पर ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस उसे गिरफ्तार कर थाने लाई। अभी अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

बीते रविवार की रात गांव में अपने घर के बरामदे में सो रहे वृद्ध दंपति की हत्या उसके छोटे व नशेड़ी पुत्र दयानंद ने हैंडपंप के हैंडिल से सिर फोड़कर कर दिया था। हत्या करने के बाद फरार आरोपित की तलाश में पुलिस की दो टीमें लगातार दबिश दे रही थीं लेकिन उसका पता नहीं चल पा रहा था। घर के लोग भी उसकी गिरफ्तारी न होने से परेशान थे। उन लोगों की आशंका थी कि वह अपने पत्नी और बच्चों पर दोबारा हमला न कर दे। गिरफ्तारी की सूचना देते हुए थानाध्यक्ष मधुपनाथ मिश्र ने बताया कि पुलिस ने गांवों में हत्यारोपित की फोटो और मोबाइल नंबर बांटा था। गुरुवार को सुबह आरोपित बड़हलगंज थाना क्षेत्र के जमीन शुक्ल गांव में दिखा। उसे देखते ही मुखबिर ने सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। दूसरी ओर चर्चा है कि आरोपित बुधवार की रात लगभग 11 बजे जमीन शुक्ल गांव पहुंचकर लोगों से खाने के लिए भोजन मांगने लगा। भोजन देने के बहाने जब ग्रामीणों ने उससे बातचीत शुरू की तो वह जल्दी ही टूट गया और अपना नाम व पता बता दिया। ग्रामीणों ने तत्काल उसको पकड़ लिया और पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दिया। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस उसे थाने उठा लाई।

**नशेड़ी पति को दे दो फांसी :** हत्यारोपित दयानंद की पत्नी चंदा ने कहा कि मेरे पति ने मेरे बूढ़े सास और श्वसुर की निर्मम हत्या की है। उसे फांसी होनी चाहिए। मैं अपने बच्चों को मजदूरी करके पालन कर लूंगी। मैं सात वर्षों से उससे दूर हूं। वह मेरी हत्या का कई प्रयास कर चुका है। वह मेरे और मेरे बच्चों की भी हत्या कर सकता है। मुझे अपने परिवार पर पूरा भरोसा है। वे लोग मेरा साथ देंगे लेकिन उसे हर हाल में सजा होनी चाहिए।

# राजकीय संप्रेक्षण गृह का जनपद न्यायाधीश ने किया निरीक्षण

**गोरखपुर (एसएनबी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में गुरुवार को जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी द्वारा राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) का औचक निरीक्षण किया गया।

अपर सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विकास सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश के साथ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अपर जिलाधिकारी नगर व पुलिस अधीक्षक नगर उपस्थित रहे। संप्रेक्षण गृह में गोरखपुर जनपद के अतिरिक्त अन्य जनपद के भी बाल अपचारी निरुद्ध है। निरीक्षण के दौरान बाल अपचारियों से उनके स्वास्थ्य आदि के बारे में पूछा गया। प्रभारी को निर्देशित किया गया कि वह संप्रेक्षण गृह की नियमित रूप से साफ-सफाई कराते रहे। यदि किसी बाल अपचारी को किसी प्रकार के विधिक सहायता या निशुल्क पैरवी हेतु अधिवक्ता की



आवश्यकता हो तो उसका प्रार्थना पत्र तैयार कराकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में उपलब्ध कराए।

# प्रेक्षक व एसएसपी ने मजिस्ट्रेट व सुरक्षाकर्मियों को बताई जिम्मेदारी

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : चुनाव प्रेक्षक आर मेनका व एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने पुलिस लाइन में गुरुवार की दोपहर चुनाव ड्यूटी में लगे जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, अर्द्धसैनिक बल, पीएसी, पुलिस व होमगार्ड के अधिकारियों को ब्रीफ किया। चुनाव आयोग की ओर से जारी निर्देश की जानकारी देने के साथ ही अनुपालन कराने को कहा।

एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने कहा कि मतदान ड्यूटी में लगे कर्मचारी व सुरक्षाकर्मी सतर्कता बरतते हुए कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। समय से ड्यूटी प्वाइंट पर पहुंचने के साथ ही मतदान स्थल के आस-पास अनावश्यक भीड़ एकत्र नहीं होने देंगे। ड्यूटी के दौरान किसी भी बाहरी व्यक्ति से सुविधा न लें। किसी भी प्रकार के प्रलोभन में ने पड़ें। कोई भी गड़बड़ी या अव्यवस्था होने पर इसकी सूचना तत्काल कंट्रोल रूम व अधिकारियों को देंगे। चुनाव ड्यूटी एक अतिमहत्वपूर्ण ड्यूटी है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। अर्द्धसैनिक बल बूथ की पुलिस व पीएसी के जवान बाहर की सुरक्षा-व्यवस्था देखेंगे। सभी लोग गरिमा बनाए रखते हुए पूर्ण सतर्कता बरतते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। चुनाव प्रचार करने का समय खत्म हो गया है। अगर किसी ने चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया तो थानेदार तुरंत कार्रवाई करें।



मतदान की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात सुरक्षा बलों व पुलिस अधिकारियों को सम्बोधित करते एसएसपी डा .गौरव ग्रोवर ● जागरण

### जारी रहेगी आवश्यक सेवा

एसएसपी डा . गौरव ग्रोवर ने बताया कि मतदान के दिन आवश्यक सेवा जारी रहेगी । दूध, दवा, सब्जी के साथ ही समाचार पत्र के वाहनों की आवाजाही पर कोई रोक नहीं रहेगी। चुनाव ड्यूटी में लगे सभी पुलिसकर्मियों को इसकी जानकारी दे दी गई है।

# पत्नी समेत 12 के विरुद्ध दर्ज हुआ मुकदमा दर्ज

भटहट : गुलरिहा थाना क्षेत्र के संध्या विहार कालोनी निवासी रमाशंकर मिश्र ने गुरुवार को थाने में तहरीर देकर पत्नी समेत 11 पर केस दर्ज कराया। दो दिन पहले पत्नी ने पति समेत ससुरालियों पर मारपीट करने, छेड़खानी और दहेज के लिए प्रताड़ित करने का केस दर्ज कराया था। पुलिस दोनों के आरोपों की जांच कर रही है। रमाशंकर ने बताया कि उसकी शादी पिपराइच थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती से हुई थी। शादी के बाद से ही पत्नी विवाद और मारपीट करती थी। कुछ दिन पहले उसने 10 लाख रुपये की मांग की। मना करने पर पूरे परिवार पर मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी थी। डर से उसने पत्नी के नाम से आइसीआइसीआइ बैंक में खाता खुलवाकर छह लाख रुपये जमा कराया। इसके बाद भी 26 मई की सुबह वह मायके वालों को बुलाकर घर में रखे जेवर व नकदी लेकर चली गई। इसके बाद शाम चार बजे वह पिता, भाई व रिश्तेदारों के साथ पहुंची और घर में घुसकर मारपीट की। ईंट से मारकर कार क्षतिग्रस्त कर दिया।

# झोपड़ी जलाने के मामले में दो को सात साल कारावास

विधि संवाददाता, गोरखपुर : झोपड़ी में आग लगाने का मामला सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने खजनी थाना क्षेत्र के ग्राम मेउड़ी निवासी अभियुक्त लालू व मुन्नर को सात साल के कठोर कारावास एवं प्रत्येक को 15 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को एक साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रमोद मौर्य एवं रविंद्र यादव का कहना था कि वादिनी फूलमती देवी की एक झोपड़ी बहुत पहले से अभियुक्तों के निकास के करीब स्थित थी। अभियुक्त हमेशा इस फिराक में रहते थे कि किसी तरह झोपड़ी को समाप्त कर दिया जाए जिससे उनकी जमीन का विस्तार हो सके। 19/20 जून, 2003 की रात करीब एक बजे अभियुक्त वादिनी के छप्पर के पास आए और वादिनी को गाली गुप्ता देते हुए उसके छप्पर में आग लगा दिए। वादिनी किसी तरह निकलकर अपनी जान बचाई। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उक्त निर्णय दिया।

# कच्ची बेचने वाला गैंगस्टर का आरोपित गिरफ्तार

जासं, गोरखपुर : गुलरिहा थाना क्षेत्र में आयुष विश्वविद्यालय के पास गुरुवार सुबह पुलिस ने गैंगस्टर के आरोपित पिपराइच थाना क्षेत्र के अतरौलिया के तूफानी को गिरफ्तार किया। उसका एक साथी भाग गया। पुलिस ने 60 लीटर कच्ची, 750 ग्राम नौसादर, दो किलो यूरिया भी बरामद की। चुनाव में कच्ची पर अंकुश लगाने के लिए गुरुवार को संयुक्त अभियान चला था।

# चुनाव ड्यूटी में आए चालक व युवक की मृत्यु

- स्कूल बस लेकर आए थे देवरिया के रहने वाले शशि भूषण यादव
- हीट वेव से पीड़ित पत्नी का उपचार कराने आए थे झंगहा के राजेश

जासं., गोरखपुर : लोक सभा चुनाव ड्यूटी में स्कूल बस लेकर आए चालक की गुरुवार की दोपहर में तबीयत बिगड़ से मृत्यु हो गई। इसके अलावा हीट वेव से पीड़ित पत्नी को एम्स में दिखाने आए युवक की गेट नंबर दो पर तबीयत बिगड़ गई और कुछ देर बाद मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि गर्मी की वजह से दोनों की जान गई है। देवरिया जिले के रुद्रपुर कोड़र गांव में रहने वाले शशि भूषण यादव (40) जगदीशपुर एकेडमी स्कूल की बस लेकर गोरखपुर आए थे। गुरुवार को पुलिस लाइन में अचानक शशि भूषण की तबीयत खराब हुई। उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर उनकी मौत हो गई। स्वजन का कहना है कि उन्हें कोई बीमारी नहीं थी, वह चुनाव ड्यूटी में आना नहीं चाह रहे थे, लेकिन स्कूल प्रबंधक ने जबरन उन्हें भेजा। वहीं लोगों का कहना है गर्मी की वजह से उनकी मौत हुई है। झंगहा के निबही, बार्डर मौजा के रहने वाले राजेश वर्मा की पत्नी वंदना की तबीयत हीट वेव की वजह से बिगड़ गई थी। गुरुवार की दोपहर में पत्नी को दिखाने एम्स में आए थे। दोपहर में गेट नंबर दो के बाहर निकले, इसी बीच तबीयत बिगड़ने से मृत्यु हो गई। कुछ देर तक वह गेट के पास पड़े रहे। लोगों ने सूचना एम्स प्रशासन व पुलिस को दी। उपचार कराने आई वंदना का रो-रोकर बुरा हाल है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि चालक व उपचार कराने आए युवक की मृत्यु कैसे हुई यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा।



शशि भूषण यादव ● फाइल फोटो

## एंबुलेंस पायलट की अचानक तबीयत बिगड़ी, मौत

पडरौना स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात एक एंबुलेंस पायलट की अचानक तबीयत बिगड़ने से गुरुवार को मौत हो गई। वह रोगी को बीआरडी मेडिकल कालेज में भर्ती कराकर वापस पडरौना जा रहे थे। भटहट के बरगदही में उनकी तबीयत खराब हो गई। उल्टी होने लगी। तेज बुखार से शरीर कांपने लगा। थोड़ी देर बाद बेहोश हो गए। उनके सहयोगी इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (ईएमटी) उन्हें लेकर बीआरडी मेडिकल कालेज पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। गोंडा जिले के खरगूपुर क्षेत्र के असिधा गांव के रहने वाले 40 वर्षीय राजेश तिवारी कुशीनगर के पडरौना स्वास्थ्य केंद्र पर 108 नंबर एंबुलेंस के पायलट थे। सुबह आठ बजे वह ड्यूटी पर पहुंचे। वहां से रोगी को लेकर गोरखपुर आए थे। तबीयत खराब होने पर पहले ईएमटी उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भटहट ले गए। सीएचसी भटहट के चिकित्सा अधीक्षक डा. अश्वनी चौरसिया ने बताया कि एंबुलेंस पायलट बेहोशी की हालत में आए थे। एंबुलेंस में ही चिकित्सक ने उन्हें देखा और आक्सीजन लगाने के बाद बीआरडी मेडिकल कालेज भेज दिया था। तबीयत किसी वजह से खराब हुई होगी।

# गैर इरादतन हत्या के मामले में पुत्र को दस वर्ष कठोर कारावास

जासं., गोरखपुर : गैर इरादतन हत्या का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश अवनीश कुमार राय ने गोला थाना क्षेत्र के ग्राम बेवरी वार्ड नंबर तीन निवासी अभियुक्त रणधीर को दस साल के कठोर कारावास एवं 25 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को 75 दिन का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेंद्र दूबे एवं अतुल कुमार शुक्ल का कहना था कि रणधीर ने ही थाने पर सूचना दी थी। मुकदमा दर्ज कराया था कि चार मई, 2023 की शाम करीब 6.30 बजे पड़ोसियों ने लाठी-डंडे से पिता लल्लन प्रसाद को पीटा। उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। विवेचना में पता चला कि अभियुक्त रणधीर, पिता लल्लन प्रसाद को गाली दे रहा था। विरोध पर उसने पिता को उठाकर आरसीसी रोड पर पटक दिया। उनकी पिटाई भी की। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त को दोषी पाते हुए उक्त निर्णय दिया।

# संप्रेक्षण गृह पहुंचे जिला जज अपचारियों से ली स्वास्थ्य की जानकारी



राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर का निरीक्षण कर बाहर आते जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी, साथ में पुलिस अधीक्षक नगर केके बिश्नोई व अन्य • सौ . सूचना विभाग

जासं.गोरखपुर: जिला जज तेज प्रताप तिवारी ने गुरुवार को गुरुवार को राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) का निरीक्षण किया। साफ-सफाई व गर्मी से बचाव के लिए किए गए इंतजाम को देखने के बाद अपचारियों से बात की। अधीक्षक को निर्देश दिया कि कोई परेशानी होने या किसी अपचारी को पैरवी के लिए अधिवक्ता की आवश्यकता होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में प्रार्थना पत्र उपलब्ध करा दें।

यह जानकारी अपर सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विकास सिंह ने दी।उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश के साथ साथ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अपर जिलाधिकारी नगर व एसपी सिटी उपस्थित रहें। संप्रेक्षण गृह में गोरखपुर जनपद के अतिरिक्त अन्य जनपद के भी बाल अपचारी निरुद्ध हैं। निरीक्षण के दौरान बाल अपचारियों से उनके स्वास्थ्य आदि के बारे में पूछा गया।साथ ही साथ प्रभारी को निर्देशित किया गया कि वह संप्रेक्षण गृह की नियमित रूप से साफ सफाई करवाते रहे। गर्मी से बचाव का व्यापक इंतजाम करें।

# चुनाव ड्यूटी में गैरहाजिर कर्मचारी दर्ज किया गया मुकदमा

गोरखपुर : चुनाव के लिए हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल न होने पर कैंट थाना पुलिस ने कार्मल गर्ल्स कालेज के लिपिक नवनीत कुमार पर मुकदमा दर्ज किया है। जिला विद्यालय निरीक्षक डा. अमरकांत सिंह ने तहरीर में लिखा है कि 11 व 12 मई को गोरखपुर विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण था, जिसमें नवनीत गैरहाजिर हो गए।

# गैंगस्टर के फरार आरोपित पर केस

गोरखपुर : रामगढ़ताल थानेदार ने गैंगस्टर एक्ट के फरार आरोपित कुंदन शाह पर न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने का मुकदमा दर्ज कराया है। बिहार के पूर्णिया जिले के मरीगंज थाना क्षेत्र स्थित खगहा गांव के रहने वाले आरोपित के विरुद्ध कोर्ट से 82 की नोटिस जारी हुई थी, जिसके बाद पुलिस ने घर पर नोटिस चस्पा किया लेकिन वह हाजिर नहीं हुआ है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि अब पुलिस कुर्की के लिए कोर्ट में अर्जी देगी।

# गनर के लिए धरने पर बैठे निर्दल प्रत्याशी मिलने पर हटे

जासं, गोरखपुर: लोकसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी नफीस एडवोकेट गुरुवार की सुबह गांधी प्रतिमा के पास धरने पर बैठ गए। उनकी मांग थी कि उन्हें गनर दिया जाए। इसकी जानकारी होते ही एसएसपी ने दो गनर दिलवा दिया, जिसके बाद धरना समाप्त हुआ।

नफीस एडवोकेट निर्दलीय गोरखपुर सदर लोकसभा से चुनाव मैदान में हैं। नियमानुसार जिसे गनर की जरूरत होती है, उन्हें मांग करना होता है। इसी चूक में उन्हें गनर नहीं मिला और गुरुवार की सुबह वह गनर के लिए धरने पर बैठ गए। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि प्रत्याशी को गनर दे दिया गया है।

# आज 12वीं पास मेधावियों को किया जाएगा सम्मानित

**स्पार्क-2024 इवेंट में होगा 12वीं पास टैलेंटेड स्टूडेंट्स का सम्मान**

newsroom@ine&t.co.in

**GORAKHPUR (30 May):** अगर आपका 12वीं का रिजल्ट आ चुका है और आपने 12वीं में 75 प्रतिशत से ज्यादा मार्क्स हासिल किए हैं, तो यूनाइटेड यूनिवर्सिटी प्रेजेंट्स दैनिक जागरण आई नेक्स्ट ऐसे टैलेंटेड स्टूडेंट्स के लिए लेकर आया है स्पार्क-2024 इवेंट. इस इवेंट में यूपी बोर्ड, आईएससी और सीबीएसई बोर्ड के 12वीं में 75 परसेंट से ज्यादा मार्क्स हासिल करने वाले स्टूडेंट्स को सम्मानित किया जाएगा. यह सम्मान समारोह सिविल लाइंस स्थित गोकुल अतिथि भवन में आयोजित किया जाएगा. इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि आईपीएस अंशिका वर्मा मेधावियों का मार्गदर्शन करेंगी.



## ये होंगे एक्सपर्ट

### डॉ. निशांत दबहड़े

अस्सिटेंट प्रोफेसर एंड प्रोग्राम कॉर्डिनेटर- एमबीए, फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट, यूनाइटेड यूनिवर्सिटी, प्रयागराज

### तुषार चेतवानी

इंडिया बेस्ट मेमोरी ट्रेनर, बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित, 16 लाख स्टूडेंट का प्रशिक्षण




**यूनाइटेड यूनिवर्सिटी प्रेजेंट्स दैनिक जागरण आईनेक्स्ट टैलेंटेड स्टूडेंट्स के लिए लेकर आया है स्पार्क-2024 इवेंट**

## सेमिनार में जानिए

- कैसे चुने Admission की सही दिशा
- कैसे करें एक बेहतर institute का selection
- कैसे करें best graduation course का selection
- जानिए सफलता के लिए जरूरी व्यवहारिक बदलाव

## यहां होगा कार्यक्रम

- सम्मान समारोह का कार्यक्रम स्थल - गोकुल अतिथि भवन, सिविल लाइंस
- कार्यक्रम का शुभारंभ - सुबह 9.30 बजे से
- मुख्य अतिथि - आईपीएस अंशिका वर्मा



## स्कैन करें और इवेंट का हिस्सा बनें

इस इवेंट में शामिल होने की प्रक्रिया भी बेहद आसान है. इसमें 12वी पास स्टूडेंट्स फ्र ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकते है. इसके लिए इस खबर के साथ दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करना है. 12वी के बाद सही करियर का चयन स्टूडेंट्स के करियर का टर्निंग प्वाइंट होता है, इसलिए इस सम्मान समारोह में देश के जाने-माने एक्सपर्ट्स बताएंगे 12वी के बाद करियर का सक्सेस मंत्रा. इसके साथ ही सेमिनार में आपको और भी जरूरी जानकारियां दी जाएंगी.

## सम्मान समारोह में क्या मिलेगा ?

- मेडल और सर्टिफिकेट

**12 वीं पास स्टूडेंट्स फ्री ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकते है. इसके लिए इस खबर के साथ दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करना है.**

# न्यायालय के आदेश की अवहेलना का मुकदमा

पादरी बाजार। रामगढ़ताल पुलिस ने गैंगस्टर के फरार अभियुक्त कुंदन शाह पर न्यायालय के अवहेलना का केस दर्ज कर लिया है। आरोपी के खिलाफ कोर्ट से 82 की नोटिस जारी हुई थी, जिसके बाद पुलिस ने घर पर नोटिस चस्पा की। लेकिन, इसके बाद भी वह हाजिर नहीं हुआ है। अब पुलिस ने उस पर केस दर्ज कर लिया है और कुर्की के लिए कोर्ट में अर्जी देगी।

# गैर इरादतन हत्या में दस साल की सजा

गोला बाजार। गैर इरादतन हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश अवनीश कुमार राय ने गोला थाना क्षेत्र के ग्राम बेवरी वार्ड नंबर तीन निवासी अभियुक्त रणधीर को दस साल के कारावास एवं 25 हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को 75 दिन का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियुक्त पर आरोप था कि विवाद में उसने अपने पिता को जमीन पर पटक दिया था। इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

# एसएसपी के आदेश पर छेड़खानी का केस दर्ज

- शाहपुर क्षेत्र के एक मोहल्ले की घटना
- केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस

पादरी बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। शाहपुर इलाके के एक मोहल्ले की युवती के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है। घटना 22 मई की है। एसएसपी के आदेश पर शाहपुर पुलिस ने आरोपी अक्षय कुमार के खिलाफ छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, शाहपुर इलाके के एक मोहल्ले की महिला ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 22 मई की रात 3 बजे सभी लोग घर में सोए थे। इसी दौरान मौका देकर अक्षय कुमार घर में घुस गया और उनकी बेटी को पकड़ कर छेड़खानी करने लगा। उसका कपड़ा खींचने लगा। बेटी ने अपनी इज्जत बचाने के लिए शोर मचाया तो सभी की नींद टूटी।

इसके बाद आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गया। सुबह स्थानीय चौकी और शाहपुर पुलिस को घटना की जानकारी दी। लेकिन, पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद एसएसपी से गुहार लगायी। उनके निर्देश पर बुधवार को शाहपुर पुलिस ने आरोपी अक्षय कुमार के खिलाफ छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया।

# ड्यूटी में गैरहाजिर कर्मचारी पर केस

गोरखपुर। चुनाव के लिए हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में नहीं आने पर कैंट थाने में कार्मल गर्ल्स कॉलेज के लिपिक नवनीत कुमार पर गुरुवार को केस दर्ज कर लिया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अमरकांत सिंह ने केस दर्ज कराया है। उनका कहना है कि 11 मई और 12 मई को गोरखपुर विश्वविद्यालय में इन्हें आना था, लेकिन गैरहाजिर हो गए। जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश पर केस दर्ज कराया गया है।

# कच्ची शराब के साथ गैंगस्टर गिरफ्तार, गया जेल

गुलरिहा। गुलरिहा क्षेत्र के आयुष विश्वविद्यालय के पास गुरुवार की सुबह गुलरिहा पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने जांच के दौरान कच्ची शराब बेचने वाले गैंगस्टर पिपराइच क्षेत्र के अतरौलिया निवासी तूफानी निषाद को बाइक समेत गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 60 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। जेल भेज दिया गया। पुलिस बाइक से कूदकर फरार होने वाले दूसरे आरोपी की तलाश कर रही है।

# धरने पर बैठे निर्दल प्रत्याशियों को मिले गनर

गोरखपुर। लोकसभा चुनाव में निर्दल प्रत्याशी के तौर पर भागीदारी कर रहे तीन नेता पिन्टू साहनी, नफीस अख्तर और सुधांशु बृहस्पतिवार को टाउनहाल के पास धरने पर बैठ गए। प्रत्याशियों ने सुरक्षा की मांग को लेकर गनर मुहैया कराने की मांग की। सूचना पर अधिकारियों ने धरना दे रहे तीनों प्रत्याशियों को दो-दो गनर उपलब्ध करवा दिए। संवाद

# लोकसभा चुनाव : 49,500 सुरक्षाकर्मी मतदान केंद्रों पर संभालेंगे सुरक्षा की कमान

## सातवें चरण में कल गोरखपुर मंडल के जिलों में होना है मतदान, मंडल के चार जिलों में 6,408 मतदान केंद्र और 7,600 मतदेय स्थल पर पड़ेंगे वोट

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। गोरखपुर मंडल के चारों जिलों में सातवें चरण में एक जून को मतदान होना है। मतदान को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष कराने के लिए करीब 49,500 पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है।

यह फोर्स मंडल के 6,408 मतदान केंद्र व 7,600 मतदेय स्थल पर तैनात रहेंगे। इसके अलावा कानून व्यवस्था के लिए विशेष भ्रमण के लिए पुलिस और अर्द्ध सैनिक बल अलग से मुस्तैद रहेंगे।



मतदान की सुरक्षा में लगने वाले सेना के जवान और पुलिसकर्मी। संवाद

सातवें चरण में गोरखपुर, बांसगांव, देवरिया, सलेमपुर, कुशीनगर और महराजगंज लोकसभा सीट पर शनिवार को मतदान होना है। पुलिस अधिकारी चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पुख्ता इंतजाम करने में जुट गए हैं। यह फोर्स पोलिंग पार्टी के साथ शुक्रवार को मतदान केंद्र के लिए रवाना हो जाएगी। सुरक्षा की दृष्टि से चिह्नित संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र और मतदेय स्थल पर सुरक्षा बलों की अलग से तैनाती की जाएगी। चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न हो इसके लिए चुनाव ड्यूटी में लगने वाले पुलिस, अर्द्ध सैनिक बलों एवं होमगार्ड के जवानों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है।

### महराजगंज

महराजगंज लोकसभा सीट के लिए 1134 मतदान केंद्र, 284 मतदेय स्थल पर वोट पड़ेंगे। इसमें 226 मतदान केंद्र, 328 मतदेय स्थल को संवेदनशील के रूप में चिह्नित किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए 210 दरोगा/इंस्पेक्टर, 1268 मुख्य कांस्टेबल, 747 सिपाही कांस्टेबल, 3233 होमगार्ड, 13 कंपनी अर्द्ध सैनिक बल तैनात किया गया है।

### कुशीनगर

कुशीनगर लोकसभा सीट के लिए 1480 मतदान केंद्र व 2633 मतदेय स्थल पर वोट पड़ना है। इसमें 37 मतदान केंद्र व 52 मतदेय स्थल संवेदनशील के रूप में चिह्नित किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था में 755 दरोगा/इंस्पेक्टर, 3978 मुख्य कांस्टेबल, 2282 सिपाही कांस्टेबल, 6359 होमगार्ड और 22 कंपनी अर्द्ध सैनिक बल तैनात किया गया है।

### देवरिया में दो सीट

देवरिया जिले में (देवरिया, सलेमपुर) दो लोकसभा सीटों पर एक जून को कुल 1575 मतदान केंद्र, 2515 मतदेय स्थल पर वोट पड़ना है। इसमें 209 मतदान केंद्र संवेदनशील के रूप में चिह्नित किया गया है। 723 दरोगा/इंस्पेक्टर, 4294 मुख्य कांस्टेबल, 2037 सिपाही कांस्टेबल, 4777 होमगार्ड के साथ 24 कंपनी अर्द्ध सैनिक बल को तैनात किया गया है।

### *32 जोन व 293 सेक्टर में बांट कर होगी गोरखपुर में चुनाव की निगरानी*

*गोरखपुर की दो लोकसभा सीटों (सदर और बांसगांव) पर होने वाले मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए 32 जोन और 293 सेक्टर में बांटा गया है। गोरखपुर सदर सीट पर 984 मतदान केंद्र व 238 मतदेय स्थल पर वोट पड़ना है। 144 मतदान केंद्र व 214 मतदेय स्थलों को संवेदनशील के रूप में चिह्नित किया गया है। गोरखपुर सीट के लिए 247 दरोगा/इंस्पेक्टर, मुख्य कांस्टेबल 1968, सिपाही कांस्टेबल 839, 3151 होमगार्ड व 13 कंपनी अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई है। इसके अलावा कानून व्यवस्था में 613 दरोगा/इंस्पेक्टर, 1242 मुख्य कांस्टेबल, 1449 सिपाही कांस्टेबल, 292 होमगार्ड एवं सात कंपनी अर्द्ध सैनिक बल अलग से तैनात किया गया है। बांसगांव लोकसभा सीट के लिए 1235 मतदान केंद्र, 1930 मतदेय स्थल पर वोट पड़ना है। इसमें 168 मतदान केंद्र व 328 मतदेय स्थल को संवेदनशील के रूप में चिह्नित किया गया है। सुरक्षा को लेकर 86 दरोगा/इंस्पेक्टर, मुख्य कांस्टेबल 1578, सिपाही कांस्टेबल 341, 2025 होमगार्ड, सात कंपनी अर्द्ध सैनिक बल तैनात किया गया है।*

# सड़क किनारे पुल के नीचे फेंका मिला भ्रूण

गुलरिहा। क्षेत्र के बड़हरिया में तुर्रा नाला पर बने पुलिया के पास बृहस्पतिवार दोपहर में डेढ़ बजे प्लास्टिक में लपेटकर फेंका गया भ्रूण देखा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लिया। आसपास के लोगों का कहना है कि ऑटो में सवार किसी महिला ने सड़क पर प्लास्टिक का पैकेट फेंका, जिसमें से भ्रूण बाहर आ गया। भ्रूण करीब चार से पांच माह का बताया जा रहा है। पुलिस ने भ्रूण को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में भेज दिया। ब्यूरो

# साफ-सफाई व गर्मी से बचाव के इंतजाम को जांचा



बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण करते जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी, एडीएम, एसपी सिटी व अन्य। संवाद

गोरखपुर। जिला जज तेज प्रताप तिवारी ने गुरुवार को बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया। साफ-सफाई व गर्मी से बचाव के लिए किए गए इंतजाम को देखने के बाद अपचारियों से बात की। अधीक्षक को निर्देश दिए कि कोई परेशानी होने या अपचारी को पैरवी के लिए अधिवक्ता की आवश्यकता होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में प्रार्थना पत्र उपलब्ध करा दें। यह जानकारी अपर सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विकास सिंह ने दी। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश के साथ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, एडीएम नगर व एसपी सिटी मौजूद रहे। इस दौरान बाल अपचारियों से उनके स्वास्थ्य आदि के बारे में पूछा गया। साथ ही प्रभारी को निर्देशित किया गया कि वह संप्रेक्षण गृह की नियमित रूप से साफ-सफाई करवाते रहें। संवाद

# लड़की भगाने के आरोप में पांच पर केस

सहजनवां। क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में एक युवती और एक किशोरी प्रेमी संग घर से भाग गईं। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने पांच के खिलाफ केस दर्ज किया है। सहजनवां थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया कि गांव में ननिहाल में रहने वाला युवक परिजनों की मदद से 19 मई को युवती को भगा ले गया है। दूसरे मामले में सहजनवां क्षेत्र की किशोरी के गायब हो जाने के बाद परिजनों ने गांव के ही युवक पर 25 मई को बहला-फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। ब्यूरो

# एक सप्ताह में युवती का दूसरी बार अपहरण, केस

गोरखपुर। एम्स पुलिस को दी तहरीर में महिला ने बताया है कि एक धर्म विशेष के युवक ने बेटी को बहला-फुसलाकर प्रेमजाल में फंसा लिया। पांच दिन पहले वह उसे भगा ले गया था, लेकिन बाद में बेटी वापस आ गई। 28 मई को वह दोबारा बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने आरोपी साहिल और उसकी मदद करने वाले इरशाद उर्फ कुरैशी के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। संवाद

# सतर्कता बरतते हुए दायित्वों का करें पालन: एसएसपी

गोरखपुर। चुनाव प्रेक्षक आर मेनका व एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने पुलिस लाइन में बृहस्पतिवार की दोपहर चुनाव ड्यूटी में लगे जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, अर्द्धसैनिक बल, पीएसी, पुलिस व होमगार्ड के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान चुनाव आयोग की ओर से जारी निर्देश की जानकारी दी गई। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने कहा कि मतदान ड्यूटी में लगे कर्मचारी व सुरक्षाकर्मी सतर्कता बरतते हुए कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। संवाद

## छह महीने से छात्रा को परेशान कर रहा शोहदा, केस

गोरखपुर। एम्स इलाके के नंदानगर दरगहिया निवासी छात्रा को शोहदा छह महीने से परेशान कर रहा है। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी माड़ापर निवासी संतोष मिस्त्री के खिलाफ केस दर्ज कर जांच कर रही है। छात्रा की मां ने तहरीर में बताया कि 21 वर्षीय बेटी शहर के डिग्री कॉलेज में पढ़ती है। आरोपी पिछले छह माह से उसे छेड़खानी कर परेशान कर रहा है। डर की से उसने स्कूल जाना बंद कर दिया। आरोप है कि इसके बाद वह फोन कर परेशान करता रहता है। संवाद

## शोहदे ने घर में घुस कर की छेड़खानी, केस दर्ज

**पादरी बाजार (गोरखपुर)।** शाहपुर इलाके के मोहल्ले की युवती से छेड़खानी का मामला सामने आया है। आरोपी आधी रात में घर में घुस गया और छेड़खानी शुरू कर दी। घटना 22 मई की बताई जा रही है। परिजनों ने इसकी सूचना डॉयल 112 पर पुलिस को दी। एसएसपी के निर्देश पर शाहपुर पुलिस ने जंगल तुलसीराम निवासी अक्षय कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

# कच्ची शराब के साथ गैंगस्टर गिरफ्तार

गुलरिहा (गोरखपुर)। आयुष विश्वविद्यालय के पास बृहस्पतिवार को गुलरिहा पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने कच्ची शराब के साथ पिपराइच क्षेत्र के अतरौलिया निवासी गैंगस्टर तुफानी निषाद को गिरफ्तार किया। इसके पास से 60 लीटर कच्ची शराब, 750 ग्राम नौसादर, दो किलो यूरिया बरामद किया गया। पुलिस ने गैंगस्टर को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं उसके एक अन्य साथी की पुलिस तलाश कर रही है। ब्यूरो

# युवक पर बेटी को भगाने का आरोप, केस दर्ज

गुलरिहा। क्षेत्र की एक महिला ने गांव के युवक पर 18 वर्षीय बेटी को भगाने का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस आरोपी पर केस दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है। महिला का आरोप है कि बेटी घर से कीमती जेवर भी साथ लेकर चली गई है। मां ने बेटी के साथ अनहोनी की आशंका जताई है। ब्यूरो

# भाभी से बात करने पर पत्नी ने किया एतराज तो पति ने कर दी पिटाई

अमर उजाला ब्यूरो

## पत्नी ने चिलुआताल थाने में दर्ज कराया पति पर केस पुलिस कर रही जांच

चिलुआताल (गोरखपुर)। थाना क्षेत्र के एक गांव में बाहर से कमाकर चार साल बाद लौटे पति को भाभी से बात करने पर पत्नी ने टोक दिया। इसके बाद पति ने अपनी भाभी संग मिलकर पत्नी को मार-पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति और भाभी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

मजनू चौकी क्षेत्र के ग्राम अवईपाकड़ निवासी पूनम पत्नी राजेन्द्र ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि उसके पति बाहर रह कर मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। 29 मई को चार साल बाद वह घर वापस आए। वह अपनी भाभी उर्मिला पत्नी लक्ष्मण के पास बैठ कर बात कर रहे थे। जो उसे नागवार लगी, इसका विरोध किया तो पति राजेन्द्र ने भाभी उर्मिला संग उसको मारा-पीटा। जिससे उसे काफी चोटें आईं। पुलिस ने केस दर्ज कर जाचं शुरू कर दी है।

# आग लगाने के जुर्म में दो को सात साल कारावास

गोरखपुर। मड़ई में आग लगाने का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने खजनी थाना क्षेत्र के ग्राम मेउड़ी निवासी अभियुक्त लालू व मुन्नर को सात साल के कठोर कारावास एवं प्रत्येक को 15 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को एक साल का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष का कोर्ट में कहना था कि वादिनी फूलमती की मड़ई बहुत पहले से अभियुक्तों के निकास के करीब स्थित थी।अभियुक्त हमेशा इस फिराक में रहते थे कि किसी तरह मड़ई को समाप्त कर दिया जाए जिससे उनकी जमीन का विस्तार हो सके। 19/20 जून 2003 की रात छप्पर में आग लगा दिए। संवाद

# गैर इरादतन हत्या में 10 साल की सजा

**अदालत से**

**गोरखपुर।** गैरइरादतन हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश अवनीश कुमार राय ने गोला क्षेत्र के ग्राम बेवरी वार्ड नंबर 3 निवासी आरोपी रणधीर को दस साल के कठोर कारावास और 25 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अदा न देने पर आरोपी को 75 दिन का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष का कोर्ट में कहना था कि आरोपी रणधीर ने ही थाने पर सूचना दी थी। उसका कहना था कि 4 मई 2023 की शाम 6:30 बजे उनके पड़ोसी रॉकी, कृष, रीना व दीपक उसके पिता लल्लन प्रसाद को लाठी-डंडे से मारे-पीटे। इलाज कराने सरकारी अस्पताल गोला ले गए, जहां पिता की मृत्यु हो गई। विवेचना के दौरान पता चला कि आरोपी पिता लल्लन प्रसाद को मारने के लिए उग्र हो रहा था। आरोपी रणधीर के पिता के मना करने पर अभियुक्त और उग्र हो गया और अपने पिता को उठाकर आरसीसी रोड पर पटक दिया। इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। संवाद

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 31-05-2024

# तीन स्थानों से रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

देवरिया(एसएनबी)। सातवें चरण में जिले में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए मतदान आगामी 1 जून को होगा। मतदान के मद्देनजर 31 मई को पोलिंग पार्टियां तीन स्थानों से रवाना होंगी। जिला मुख्यालय स्थित स्व. रवीन्द्र किशोर शाही स्पोर्टस स्टेडियम, राजकीय इंटर कालेज देवरिया व माहाराज अग्रसेन इंटर कालेज देवरिया को पोलिंग पार्टियों का रवानगी स्थल बनाया गया है। इनमें स्व. रवीन्द्र किशोर शाही स्टेडियम देवरिया से रुद्रपुर, देवरिया व बरहज विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। जबकि राजकीय इंहटर कालेज देवरिया से पथरदेवां व रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। इसीप्रकार महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज देवरिया से भाटपाररानी व सलेमपुर विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी।

# भीषण गर्मी से अधेड़ की मौत

# एफएसटी अधिकारी बीमार

**भाटपाररानी (एसएनबी)।** सूर्य के प्रचण्ड ताप व ऊमस भरी गर्मी के कारण आज सुबह अपने दरवाजे पर मिट्टी बराबर करने के दौरान थाना क्षेत्र के भेड़ा पाकड़ गांव निवासी सुभाष गोड़ (43) पुत्र रामचन्द्र गोड़ की तबियत अचानक बिगड़ गई। परिजन उसे लेकर सलेमपुर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर भाटपाररानी तहसील क्षेत्र के भिंगारी बाजार स्थित विहार सीमा पर चुनाव ड्यूटी करते एफएसटी अधिकारी प्रो. अवध विहारी को अचानक उल्टी व दस्त होने लगा। जिसे देखकर उनके संग तैनात सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें तत्काल पीएचसी पर भर्ती कराया।

# ताड़ के पेड़ से गिरा, मौत

**बरहज (एसएनबी)।** नगर क्षेत्र में ताड़ के पेड़ो की संख्या काफी है। ताड़ी पीने के शौकीनों की कमी नही है। विहार प्रांत से आकर वहाँ के आदमी ताड़ के पेड़ पर चढ़कर ताड़ी उतारते है। गुरुवार की सांय ताड़ के पेड़ पर विहार से आये गहवाह श्याम पी प्रसाद जय नगर क्षेत्र के बारी टोला में ताड़ के पेड़ पर चढ़कर ताड़ उतारने जा रहा था। अत्यधिक गर्मी के कारण शरीर पर पसीना होने के बाद वह पेड़ से फिसल कर नीचे जमीन पर गिर गया। मौजूद लोगों ने इलाज के लिए उसे देवरिया भिजवाया। जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# फ्लाइंग स्क्वायड ने किया वाहन चेकिंग

**तरकुलवा (एसएनबी)।** लोकसभा चुनाव को लेकर फ्लाइंग स्क्वायड टीम ने बृहस्पतिवार को गढ़रामपुर चेकपोस्ट पर वाहनों का सघन चेकिंग किया। इस दौरान उड़न दस्ता प्रभारी डा. सुधीर कुमार के साथ एसआई राजमणि सिंह, हेड कान्स्टेबल अनिल रैना आदि ने सड़क पर आवागमन कर रहे सभी चार व दो पहिया वाहनों को रोकर तलाशी लिया। टीम के सदस्यों ने सभी वाहनों की डिग्गी को खोलकर उसमें रखे सामानों की तलाशी ली। उड़न दस्ता प्रभारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में आदर्श चुनाव आचार संहिता के मद्देनजर यह जांच की जा रही है।

s

# अगले 48 घंटे तक सार्वजनिक सभाओं के आयोजन पर प्रतिबंध

**देवरिया(एसएनबी)।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि वर्तमान समय में जनपद देवरिया में लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के चुनाव की प्रक्रिया गतिमान है।

इस संबंध में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 में मतदान की समाप्ति के लिए नियत किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटों की कालावधि के दौरान सार्वजनिक सभाओं का प्रतिषेध का प्राविधान है।

# चुनाव प्रचार थमा, बार्डर पर चौकसी बढ़ी, बिहार सीमा सील

**भाटपाररानी/बनकटा/श्रीरामपुर (एसएनबी)।** लोक सभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर 01 जून के मतदान की सुचिता व सुरक्षा की दृष्टि से चुनाव आयोग के निर्देशानुसार बिहार सीमावर्ती क्षेत्र में बैरियर लगाकर सघन चेकिंग की जा रही है। गुरूवार की शाम चुनाव प्रचार थमने के उपरान्त प्रत्याशी व समर्थक गांव-गांव जाकर मतदाताओं से सम्पर्क करने में जुटे हैं।



विहार सीमा पर वाहनों की चेंकिग करते कर्मचारी व अधिकारी। फोटो : एसएनबी

भाटपाररानी थाना क्षेत्र में मंझरिया व महूजा, खामपार थाना क्षेत्र के भिंगारी बाजार व कुकुरघांटी, श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के भवानी छापर, चकिया कोठी, बंकुल पुल, मैदनिया पुल, चित्रसेन बनकटा, रामपुर प्रतापपुर, बनकटा थाना क्षेत्र में सुन्दरपार, रामपुर बुजुर्ग, एकडंगा पंड़ित, रामकोला चट्टी, भटनी थाना के बलुआ अफगान व चखनी घाट पर पुलिस प्रशासन द्वारा बैरियर लगाया गया है। इसी प्रकार प्रमुख आवागमन वाले मार्गों पर एफएसटी टीम व उड़न दस्ता की निगरानी हो रही है। जिसमें रामपुर बुजुर्ग, प्रतापपुर रतसिया चौराहा, भिंगारी बाजार आदि प्रमुख है। लोक सभा चुनाव को देखते हुए जिले के बनकटा एवं श्रीरामपुर थाना क्षेत्र से लगी बिहार बार्डर की सभी सीमाएं गुरुवार की शाम 5 बजे से आदर्श आचार संहिता के नियमों के अनुपालन में सील कर दी गई हैं।

इस बाबत जानकारी देते हुए श्रीरामपुर थानाध्यक्ष कल्याण सिंह सागर ने बताया कि क्षेत्र के बिहार बार्डर जैसे भवानीछापर, चकिया कोठी, बंकुल घाट, प्रतापपुर, मैदनिया व चित्रसेन बनकटा आदि बिहार बार्डर की सभी सीमाएं लोक सभा चुनाव 2024 के निमित्त चुनाव आयोग के निर्देशानुसार सभी वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई हैं।

बनकटा थानाध्यक्ष अमित राय ने बताया कि बिहार सीमा से जुड़ी पुलिस बैरियर रामपुर बुजुर्ग रामकोला चट्टी एकदेंगे मोड़ ग्वाल आदि स्थानों पर बैरियर लगाकर पुलिस की गहन चेकिंग चलेगी। सामान्य तौर पर आवागमन जारी रहेंगे।

थानाध्यक्ष श्रीरामपुर कल्याण सिंह सागर ने बताया कि लोक सभा चुनाव के निमित्त बिहार बार्डर की सभी सीमाएं सील कर दी गई हैं। सभी प्रकार के वाहनो की आवाजाही पर रोक रहेगी।

# पुरानी रंजिश में मनबढ़ों ने युवक को मारा चाकू

देवरिया। पुरानी रंजिश को लेकर गुरुवार को देर रात मनबढ़ों ने एक युवक को चाकू से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजन घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सदर कोतवाली क्षेत्र के अबूबकर नगर के रहने वाले एक गुफरान का विवाद पिछले कुछ माह से एक व्यक्ति के परिवार से चल रहा है। जिसे लेकर कुछ दिन पूर्व ही हमलावरों ने युवक को उसके दोस्तों पर हमला किया था। घटना में गुफरान घायल हुआ था।

पीड़ित ने घटना की तहरीर सदर कोतवाली पुलिस को दी, लेकिन पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया। गुरुवार की देर रात हमलावरों ने घर के पास गुफरान पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसको इलाज के जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# मारपीट में पुलिस ने दर्ज किया 12 पर केस

गौरीबाजार। रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुई कहासुनी का मामला मंगलवार की देर शाम को तूल पकड़ लिया। एक पक्ष से चले ईंट पत्थर से दूसरे पक्ष के पांच लोग घायल हो गए। बाइकें क्षतिग्रस्त हो गई। सीएचसी से रेफर होने पर घायलों को मेडिकल कालेज देवरिया में भर्ती कराया गया। घायल कारोबारी के तहरीर पर पुलिस ने दूसरे पक्ष के एक दर्जन लोगों के खिलाफ मारपीट व प्राणघातक हमले का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने दबिश देकर कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया है।

# पैना बूथ पहुंचीं चुनाव प्रेक्षक, जाना हाल

**बरहज।** क्षेत्र के वरनेबल बूथ पैना पर बृहस्पतिवार को चुनाव प्रेक्षक मेनका राजप्रभु अधिकारियों के साथ पहुंचीं। जहां उन्होंने मतदान केंद्र का हाल जाना। चुनाव प्रेक्षक ने गांव के जिम्मेदारों के साथ बैठक कर शांतिपूर्ण माहौल में वोट करने की अपील की। दोपहर को चुनाव प्रेक्षक पैना पहुंचीं। वहां उन्होंने बूथ का निरीक्षण करने के साथ भीषण गर्मी में जुटने वाले मतदाताओं की सहूलियत, प्याऊ, शौचालय, कमरों में लगे पंखों, विद्युत प्रकाश आदि के बारे में जानकारी ली। चुनाव प्रेक्षक ने गांव के जिम्मेदारों के साथ बैठक भी किया। मेनका राजप्रभु ने चुनाव के दिन सभी से घरों से निकलकर शांति माहौल में मतदान कराने की अपील की। संवाद

# युवक की मौत के मामले में केस दर्ज

रुद्रपुर। गौरीबाजार थाना क्षेत्र के करमले गांव के रहने वाले रामसूरत प्रजापति पुत्र स्व.संवरू प्रजापति ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि 28 मई को उनका बेटा रविन्द्र प्रजापति अपनी ज्ञान्ती देवी को बाइक से श्री दुग्धेश्वरनाथ मन्दिर दर्शन पूजन करने के लिए रुद्रपुर जा रहा था। इसी बीच गहिला दुधैला गांव के निकट सामने से ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे रविन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ज्ञान्ती देवी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। मामले में पुलिस ने गुरुवार को ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज की है।

# चार लोगों पर मारपीट का केस

मेहरौनाघाट। लार थाना क्षेत्र के नदौली गांव निवासी मुन्ना यादव पुत्र भूखाली यादव ने लार पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि 25 मई की शाम बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर हमारे गांव के कुछ लोग गाली गुप्ता देते हुए लाठी डंडा, लात मुक्का, ईंट से मारपीट कर मेरे नाती रोहित यादव, धीरज यादव, मन्नू यादव को घायल कर दिया।

पुलिस ने इस मामले में राजबसंत यादव,रामसूरत यादव, लक्ष्मी देवी,अनीता देवी के विरुद्ध धारा 323, 504 व 506 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया है।

# मरीज की मौत के मामले की जांच करेगी कमेटी

देवरिया, निज संवाददाता। महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज की बिल्डिंग से छलांग लगाने से मरीज की मौत मामले की जांच को गुरुवार को तीन सदस्यीय कमेटी को पत्र मिला। अब शुक्रवार से कमेटी के सदस्यों द्वारा मामले की जांच की जायेगी। इसमें इमरजेंसी से लेकर वार्ड तक में तैनात डाक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ से ब्योरा लिया जायेगा।

मेडिकल कालेज की इमरजेंसी में मंगलवार की सुबह 8 बजे सदर कोतवाली के बसडीला बड़का टोला निवासी सत्येंद्र कुमार गौतम (32) पुत्र कन्हैया गौतम को किसी ने घायल हालत में भर्ती कराया। भर्ती कराते बताया गया कि वह ट्रेन की चपेट में आकर घायल हो गया है। इमरजेंसी में प्राथमिक उपचार के बाद उसे पौने दस बजे सर्जिकल वार्ड के बेड संख्या-31 पर शिफ्ट कर दिया गया। रात में भी उसका कोई परिजन उससे मिलने नहीं आया। बुधवार की सुबह करीब 7 बजे वह बाथरूम जाने को वार्ड से निकला और दूसरी मंजिल पर सीढ़ी के पास से छलांग लगा दिया। इससे मेडिकल कालेज में हड़कंप मच गया। गंभीर हालत में उसे इमरजेंसी में पहुंचाया गया, लेकिन करीब 15 मिनट बाद उसे सर्जिकल वार्ड में उसके बेड पर पहुंचा दिया गया। जहां पर जांच, इलाज के दौरान डाक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों को घटना की जानकारी दी गयी। इसके बाद एक सब इंसपेक्टर ने ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्सों से मरीज का ब्योरा लिया तथा घटना स्थल का जायजा लिया। मामला चर्चित होने पर मेडिकल कालेज के प्राचार्य ने सर्जरी के हेड डा. राकेश कुमार की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित की। इसमें प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डा. अजीत पाल व डा. अरूणेश कुमार शामिल हैं। गुरूवार को कमेटी के सदस्यों को जांच को पत्र मिला। उनसे सोमवार तक जांचकर रिपोर्ट मांगी गयी है।

# नाबालिग को भगाने में दो के खिलाफ केस दर्ज

रुद्रपुर। एक नाबालिग को बहला फुसला कर भगाने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज की है। रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी 17 वर्षीया पुत्री को एक युवक अपने एक साथी के सहयोग से भगा ले गया है।

# शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव को अधिकारियों ने दिए टिप्स

**निर्देश**

- चुनाव में खलल डालने वालों से सख्ती से निपटें
- डीएम, एसपी संग प्रेक्षक ने दी जानकारी




पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में बैठक के दौरान डीएम-एसपी ने सुरक्षाबलों को जरूरी निर्देश दिए।

देवरिया, निज संवाददाता। लोकसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा बलों के साथ गुरुवार को पुलिस लाइन में डीएम, एसपी और पुलिस प्रेक्षक ने बैठक किया। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा बलों को जरूरी निर्देश दिए।

जिले में लोक सभा चुनाव के लिए 2514 बूथों पर 1 जून को मतदान होगा। शुक्रवार को शहर के तीन स्थानों से पोलिंग पार्टी रवाना होगी। इसके पूर्व गुरुवार को पुलिस लाइन में चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस और अर्धसैनिक बलों के साथ ब्रीफिंग का आयोजन किया गया। जहां जिला मजिस्ट्रेट अखंड प्रताप सिंह तथा पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा, पुलिस प्रेक्षक सारंग बी अवाई ने चुनाव ड्यूटी में लगे समस्त जोनल, सेक्टर, पुलिस के अधिकारी, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल, राज्य सशस्त्र पुलिस बल, प्रान्तीय आर्म्ड कांस्टेबिलरी तथा नागरिक पुलिस व होमगार्ड के अधिकारी और कर्मचारीगण को ब्रीफिंग किया। डीएम ने कहा कि मतदान के दिन चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित अधिकारों, कर्तव्यों का पालन करने व आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराएं। एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि चुनाव का शांतिपूर्वक सम्पन्न कराना सभी का कर्तव्य है। इस दौरान एएसपी उत्तरी दीपेन्द्र चौधरी, एएसपी दक्षिणी भीम कुमार गौतम, एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, एडीएम वित्त, सीओ सदर संजय रेड्डी, सलेमपुर सीओ दीपक शुक्ला, रुद्रपुर सीओ अंशुमान श्रीवास्तव, भाटपाररानी सीओ शिव प्रताप सिंह, बरहज आदित्य कुमार गौतम, डिप्टी कमाडेंट डीसी चौधरी, कंपनी कमाडंर, अर्धसैनिक बलों के राजपत्रित अधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक विजय राज सिंह, प्रभारी चुनाव सेल व थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# तीन जिले पार करें या नाव से जाएं मतदानकर्मी

■ विवेकानंद मिश्र

बरहज। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए जहां आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है। वहीं बांसगांव संसदीय क्षेत्र बरहज विधान सभा क्षेत्र में आधा दर्जन ऐसे बूथ है जहां पहुंचने के लिए निर्वाचन कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ेगी। कहीं नाव तो कहीं कई जिलों का सफर तय करना पड़ेगा।

सरयू का जलस्तर एकाएक बढ़ने से मंगलवार को पीपा पुल बंद होने से आवागमन की दुश्वारी बढ़ गई है। यहां की भौगोलिक परिस्थितियां भी काफी दुरुह हैं। सरयू के दियारा में बसे परसिया देवार व विशुनपुर देवार मुख्य मार्ग से नहीं जुड़ सके हैं तो राप्ती की गोद में बसा भदिला प्रथम पहुंचने के लिए नाव ही एक मात्र सहारा है। मतदान के लिए बूथ पर निर्वाचन कर्मियों को पहुंचाने को प्रशासन को विशेष तैयारी करनी पड़ती है।

**इस रास्ते जा सकते हैं परसिया व विशुनपुर देवार:** परसिया देवार व विशुनपुर देवार जाने के लिए नाव से नदी पार करनी पड़ती है। पीपा पुल बनता तो है, लेकिन आए दिन टूटता रहता है। सड़क मार्ग से इन गांवों तक पहुंचने के लिए कपरवार के रास्ते गोरखपुर के बड़हलगंज, मऊ के दोहरीघाट, मधुबन होते हुए जा सकते हैं।

## जिले में सातवें चरण में एक जून को होगा मतदान, शहर के तीन स्थानों से मतदान कराने के लिए रवाना होंगे मतदान कर्मी

# चुनाव प्रचार थमा, आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

देवरिया, निज संवाददाता। लोकसभा चुनाव के लिए जिले में गुरुवार की शाम 6 बजे प्रचार कार्य थम गया। शुक्रवार को पोलिंग पार्टियां बूथों के लिए रवाना होंगी। पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए शहर में तीन स्थानों पर इंतजाम किया गया है। जिले में 1 जून को वोट पड़ेगा। देवरिया सदर लोकसभा क्षेत्र से कुल सात दावेदार मैदान में हैं। चुनाव प्रचार थमने के बाद अब वे शुक्रवार को व्यक्तिगत रूप से मतदाताओं से सम्पर्क कर सकेंगे।

जिले में सातवें चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए विधानसभा वार पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के लिए शहर के तीन स्थानों को चिन्हित किया गया है। जिनमें रविन्द्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम से रुद्रपुर, देवरिया व बरहज विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। जिनमें रुद्रपुर के लिए 17, देवरिया व बरहज के लिए 18-18 टेबल बनाए गए हैं। इसी प्रकार राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज से पथरदेवा व रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। यहां पथरदेवा विधानसभा क्षेत्र के लिए 19 व रामपुर कारखाना के लिए 20 टेबल बनाए गए हैं। वहीं महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज से भाटपाररानी व सलेमपुर विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। यहां भाटपाररानी के लिए 19 व सलेमपुर के लिए 18 टेबल लगाए गए हैं। सभी रवानगी स्थलों पर बैरिकेडिंग के साथ टेंट लगाया गया है। गुरुवार को भी तीनों स्थानों पर दिन भर मजदूर तैयारी करने में जुटे रहे। इसके साथ ही सभी वाहनों को निर्धारित रवानगी स्थलों पर खड़ा कर दिया गया है। इसके अलावा शुगर मिल ग्राउंड पर भी वाहनों को खड़ा किया गया है।

**तीन लोकसभा क्षेत्रों के लिए देवरिया में पड़ेंगे वोट:** देवरिया जिले की सात विधानसभा क्षेत्रों के मतदाता तीन लोकसभा क्षेत्रों के लिए मतदान करेंगे। देवरिया सदर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में डटे सात प्रत्याशियों के लिए देवरिया सदर, रामपुर कारखाना और पथरदेवा के मतदाता वोट डालेंगे। इस लोकसभा क्षेत्र में कुशीनगर की फाजिलनगर और तमकुहीराज विधानसभा आती है। सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए मैदान में उतरे 9 प्रत्याशियों के लिए सलेमपुर और भाटपाररानी के मतदाता वोट डालेंगे। इस लोकसभा क्षेत्र में आने वाली बेल्थरारोड, सिकंन्दरपुर और बांसडीह बलिया जिले में पड़ती हैं। रुद्रपुर और बरहज के मतदाता बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान करेंगे।



पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए जीआईसी में खड़ी बसें।

### 21 जोनल व 156 सेक्टर मजिस्ट्रेट की है तैनाती

लोकसभा चुनाव सम्पन्न कराने के लिए जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 21 जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 3-3 जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। इसके अलावा कुल 156 सेक्टर मजिस्ट्रेट चुनाव प्रक्रिया की सतत निगरानी करेंगे।

- रवानगी स्थल पर हुई है बैरिकेडिंग, खड़ी कर दी गई हैं बसें

### रवानगी स्थल पर लगाए गए दो-दो सौ पंखे-कूलर

भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने अपनी तरफ से पर्याप्त इंतजाम किया है। पोलिंग पार्टियों की तीनों रवानगी स्थल पर कुल 200 कूलर व 200 पंखे का इंतजाम किया गया है। जिससे मतदान कार्मिकों को भीषण गर्मी से राहत मिल सके। इसके अलावा ओआरएस व दवा आदि का भी इंतजाम रहेगा जिससे तबीयत बिगड़ने पर मतदानकर्मियों को तत्काल दिया जा सके।

# वाहन स्वामियों पर एआरटीओ ने कसा शिकंजा तो पहुंचे वाहन

देवरिया, निज संवाददाता। लोकसभा चुनाव में मतदान कर्मियों को ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था हो गई है। एआरटीओ ने इसके लिए 200 बसों को बस्ती, संतकबीरनगर और अम्बेडकर नगर से मंगाया है।

वहीं स्कूलों की छोटी बसों को रिजर्व में रखा गया है। एआरटीओ ने प्रशासन के लिए 300 और पुलिस के लिए 400 छोटी गाड़ियों को मुहैया कराया है। वाहन स्वामियों पर एआरटीओ ने शिकंजा कसा तब अधिकांश वाहन पहुंचे। पिछले दो दिनों से एआरटीओ सड़कों पर वाहनों को कब्जे में लेने के लिए अभियान चला रहे थे। इसके साथ ही स्कूलों के प्रबंधकों से सम्पर्क कर बसों को अपने कब्जे में लिए। विधान सभा चुनाव में मतदान कर्मियों को मतदान केन्द्रों तक पहुंचाने के लिए 750 बसों की आवश्यकता थी। जिले में सवा साढ़े पांच सौ बसें ही थी। बसों की कमी होने से बस्ती, संतकबीरनगर और अम्बेडकरनगर जिले से 200 बसें मंगाई गई हैं।

# फोर्स कराएगी 431 बर्नरेबुल बूथों पर मतदान

देवरिया। जिले में शांति और निष्पक्ष चुनाव के लिए जिला प्रशासन और पुलिस ने व्यापक तैयारी की है। जिले के 431 क्रिटिकल और बर्नेबुल बूथों की सुरक्षा अर्द्धसैनिक बलों के हवाले है। सामान्य रूप से सभी बूथों पर पांच से छह अर्धसैनिक बल तैनात रहेंगे लेकिन बर्नेबुल और क्रिटिकल बूथों पर इनकी संख्या अधिक होगी। अर्द्धसैनिक बल मतदान केन्द्रों पर पहुंचते ही कमान अपने हाथों में ले लेंगे। जिले के देवरिया, पथरदेवा, रामपुर कारखाना, रुद्रपुर, बरहज, सलेमपुर और भाटपाररानी विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1575 मतदान केंद्रों के 2514 बूथों पर मतदान होगा। पुलिस ने 431 बूथों को बर्नेबुल और क्रिटिकल बूथ के रुप में चिन्हित किया है। इसमें 420 क्रिटिकल और 11 बर्नेबुल बूथ हैं। जिले के बर्नेबुल और क्रिटिकल बूथ की सुरक्षा की जिम्मेदारी अर्द्धसैनिक बलों की होगी। जिले को लोक सभा चुनाव के लिए पहले 25 कंपनी अर्द्धसैनिक बल मिले है। इसके साथ ही दो कंपनी पीएसी मिली है। इसके साथ ही लगभग 12 हजार पुलिस कर्मी और होमगार्ड की ड्यूटी लगाई जाएंगी। 25 की रात से लेकर मंगलवार की दोपहर तक अर्द्धसैनिक बल, पुलिस और होमगार्ड जिले में पहुंच गए हैं। सभी थानेदार अपने अपने क्षेत्र में रुके हुए सुरक्षा बलों की देख रेख कर रहे हैं।

# किसी भी मतदान केंद्र पर सेल्फी नहीं ले सकेंगे मतदाता

जागरण संवाददाता, महराजगंज: मतदान वाले दिन यानि एक जून को सेल्फी की उम्मीद पाले लोगों खासकर युवाओं को निराशा हाथ लगेगी। क्योंकि स्मार्ट फोन से मतदान के बाद केंद्र पर इसके लिए होड़ मच जाती और स्थिति संभालने में सुरक्षाकर्मियों को मशक्कत करनी पड़ती है। आयोग ने इस चाहत पर पाबंदी लगा दी है। यही नहीं 100 मीटर के दायरे में मोबाइल फोन ले जाना प्रतिबंधित रहेगा।

मतदान को लेकर युवाओं में खासा उत्साह रहता है। यह केवल वोट डालने तक सीमित नहीं रहता, बल्कि संदेश के रूप में अपनी अपनी फोटो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने का चलन बढ़ा है। यूं तो नियम पहले भी थे, लेकिन इस बार आयोग ने इसे गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा कारणों से यह प्रतिबंध कड़ाई से लागू करने के निर्देश दिए हैं। कोई मतदाता मोबाइल फोन लेकर जाता है तो उसे लौटा दिया जाएगा। अपर जिलाधिकारी पंकज कुमार वर्मा ने कहा कि मतदान केंद्र के अलावा मतदान केंद्र के 100 मीटर दायरे में मोबाइल प्रतिबंधित किया गया है।

# मतदान केंद्रों के लिए आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

## तीन स्थानों से किया जाएगा रवाना, सातों विधानसभाओं में मतदान केंद्रों पर सुरक्षा का होगा पुख्ता इंतजाम

जागरण संवाददाता, देवरिया: लोकसभा चुनाव के मतदान कराने को शुक्रवार को सुबह आठ बजे से शहर के तीन स्थानों से पोलिंग पार्टियां रवाना की जाएंगी। इसके लिए सभी तैयारियां गुरुवार को पूरी कर ली गई। उधर रवानगी स्थल का अधिकारियों ने निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

जिले में सात विधान सभा क्षेत्र हैं, जिसमें देवरिया सदर, रामपुर कारखाना व पथरदेवा लोकसभा क्षेत्र देवरिया में हैं, जबकि सलेमपुर व भाटपाररानी विधान सभा क्षेत्र लोकसभा क्षेत्र सलेमपुर व बरहज तथा रुद्रपुर विधान सभा क्षेत्र बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में शामिल हैं। सदर लोकसभा क्षेत्र में कुशीनगर की दो विधान सभा फाजिलनगर व तमुकहीराज तथा सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र में बलिया जनपद की तीन विधान सभा क्षेत्र बेल्थरा रोड, सिकंदरपुर, बांसडीह शामिल हैं। देवरिया जनपद में कुल 1575 मतदान केंद्र व 2514 बूथ हैं। सुबह आठ बजे से राजकीय इंटर कालेज देवरिया, महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज देवरिया व रविन्द्र किशोर शाही स्पोर्टस स्टेडियम देवरिया से पोलिंग पार्टियां रवाना की जाएंगी। इसकी सभी तैयारियां शाम को पूरी कर ली गई।



स्टेडियम मे पोलिंग पार्टी रवाना करने के लिए लगाए गए टेबल व टेंट • जागरण

**जिले में 2385181 मतदाता करेंगे अपने मत का प्रयोग:** जिले के सभी सातों विधान सभा क्षेत्र में कुल 2385181 मतदाता हैं, जिसमें 1250424 पुरुष, 1134670 महिला तथा 87 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। यह अपने मत का प्रयोग करेंगे।

**सलेमपुर लोकसभा के लिए 1776982 मतदाता करेंगे मतदान:** लोकसभा क्षेत्र सलेमपुर के पांचों विधान सभा क्षेत्र में कुल 1775982 मतदाता अपने तक का प्रयोग करेंगे। इसमें 945475 पुरुष, 831440 महिला व 67 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल होंगे।

**देवरिया लोकसभा क्षेत्र में 1873821 हैं मतदाता:** देवरिया लोकसभा क्षेत्र सात प्रत्याशी मैदान में हैं। इनका चुनाव 1873821 मतदाता करेंगे। इसमें 991341 पुरुष, 882371 महिला व 109 थर्ड जेंडर शामिल हैं।

**क्रिटिकल बूथों पर होगी विशेष नजर:** जिले के क्रिटिकल बूथों पर प्रशासन की विशेष नजर होगी। इन बूथों पर अर्द्ध सैनिक बल के जवान तैनात किए जाएंगे।

जिले में मतदान कराने के लिए 24 कंपनी अर्द्ध सैनिक बल के जवान, 450 इंस्पेक्टर व दारोगा समेत साढ़े नौ हजार फोर्स गैर जनपद से आई है। इसके अलावा जनपद की फोर्स भी सुरक्षा में तैनात रहेगी।

**यहां बनाया गया है स्ट्रांग रूम:** मतदान होने के बाद ईवीएम जमा करने के लिए दो स्थानों पर स्ट्रांग रूम बनाया गया है, जिसमें महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज व देवरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं।

महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज में बने स्ट्रांग रूम में सलेमपुर, भाटपाररानी, बरहज व रुद्रपुर विधान सभा क्षेत्र से आने वाले ईवीएम जमा किए जाएंगे, जबकि देवरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बने स्ट्रांग रूम में पथरदेवा, रामपुर कारखाना व देवरिया सदर विधान सभा क्षेत्र के ईवीएम।

### जिले में मतदान केंद्र

| विधानसभा क्षेत्र | मतदान केंद्र | बूथ | वल्नरेबल | क्रिटिकल |
|---|---|---|---|---|
| रुद्रपुर | 203 | 344 | 01 | 34 |
| देवरिया | 178 | 348 | 01 | 33 |
| पथरदेवा | 234 | 361 | 00 | 25 |
| रामपुर कारखाना | 258 | 384 | 02 | 28 |
| भाटपाररानी | 243 | 374 | 02 | 38 |
| सलेमपुर | 216 | 350 | 03 | 13 |
| बरहज | 243 | 353 | 02 | 38 |
| कुल योग | 575 | 2514 | 11 | 209 |

### अब 48 घंटे तक जिले में कोई भी सार्वजनिक सभाएं नहीं होंगी

देवरिया: उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि लोकसभा चुनाव प्रचार थम गया है। अब 48 घंटे तक जिले में कोई भी सार्वजनिक सभाएं नहीं होंगी। कोई भी जुलूस नही निकलेगी। संगीत समारोह या कोई नाट्य प्रस्तुति नही होगी।

लोकसभा चुनाव के चल रहे प्रचार पर गुरुवार की शाम छह बज थम गया। अंतिम दिन प्रत्याशियों ने प्रचार मे अपनी ताकत झोंक दी। कोई रैली निकाली तो कोई धूप में दरवाजे-दरवाजे पहुंच लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। ऐसे तो लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार-प्रचार महीनों से चल रहे थे, लेकिन चुनाव चिन्ह आवंटित होने के बाद से ही हर प्रत्याशी एक-एक मत को सहेजने में जुटे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं की जनसभा व रैली हुई। सातवें चरण का चुनाव प्रचार शाम छह बजे समाप्त हो गया। अंतिम दिन प्रत्याशी एक-एक मत सहेजते नजर आए।

# मतदाताओं से अच्छा व्यवहार करें पुलिसकर्मी

- पुलिस लाइन ग्राउंड में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी को लेकर की गई ब्रीफिंग
- किसी भी दशा में मतदान केंद्र के अंदर नहीं जाना चाहिए इलेक्ट्रानिक उपकरण

जागरण संवाददाता, देवरिया: लोकसभा चुनाव के मतदान को लेकर पुलिस लाइन के ग्राउंड में गुरुवार को पुलिस कर्मियों की ब्रीफिंग की गई। पुलिस प्रेक्षक सारंग डी अवाड ने कहा कि मतदान केंद्र पर पुलिसकर्मी सुरक्षा के लिहाज से तैनात किए जाते हैं। इसलिए सभी मतदाताओं के साथ अच्छा व्यवहार करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी केवल सुरक्षा के लिए है। ईवीएम अपने हाथ में नहीं लेंगे। वह ईवीएम की सुरक्षा करेंगे और मतदान कार्मिक ही ईवीएम को अपने हाथ में लेंगे। किसी तरह की गड़बड़ी होने पर तत्काल सेक्टर मजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारियों को सूचित करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि जिले को 156 सेक्टर में बांटा गया है। 156 सेक्टर मजिस्ट्रेट व 156 पुलिस सेक्टर अधिकारी की तैनाती की गई है। यह दोनों एक साथ समन्वय के साथ चलेंगे। किसी तरह की सूचना आने पर त्वरित मौके पर पहुंच कर उसका निस्तारण करेंगे। क्रिटिकल बूथों पर अर्द्ध सैनिक बल के जवान तैनात रहेंगे। 50 प्रतिशत बूथों की वेबकास्टिंग की जाएगी। सुरक्षाकर्मी यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी मतदाता मतदान केंद्र के अन्य मोबाइल या अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण नहीं ले जाएगा। अगर किसी तरह की दिक्कत होगी तो तत्काल कंट्रोल रूम या संबंधित थाने को सूचना देंगे। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने कहा कि मतदान महत्वपूर्ण व संवेदनशील होता है। इसलिए इसकी ड्यूटी गंभीरता से निभाएं। कोई भी पुलिसकर्मी अपने संसाधन से मतदान केंद्र को नहीं जाएगा। वह पोलिंग पार्टी के साथ ही उसी वाहन से रवाना होंगे। साथ ही कोई भी मतदान कार्मिक या पुलिसकर्मी किसी का भोजन नहीं नहीं करेंगे। अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी, सीओ सिटी संजय कुमार रेड्डी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




पुलिस लाइन ग्राउंड में पुलिस कर्मियों की ब्रीफिंग करते जिला निर्वाचन अधिकारी अखंड प्रताप सिंह • जागरण

# मतदान कर्मियों में चुनाव सामग्री का वितरण आज

## वितरण के लिए शहर में बनाए गए हैं तीन डिस्पैच सेंटर

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** 66-देवरिया लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जिले में 1 जून को होने वाले मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों के दल को 31 मई को रवाना किया जाएगा।

जिले में मतदान सामग्री के वितरण के लिए तीन डिस्पैच सेंटर बनाए गए हैं। जहां से मतदान कर्मियों के बीच चुनाव सामग्री का वितरण कर रवाना किया जाएगा। रुद्रपुर विस, देवरिया सदर व बरहज विधानसभा क्षेत्र के मतदान कर्मियों को रविंद्र किशोर शादी स्पोर्ट्स स्टेडियम से रवाना किया जाएगा। यहां पर रुद्रपुर के लिए 17, देवरिया सदर के लिए 18 व बरहज के लिए 18 टेबल बनाए गए हैं। यहां से चुनाव सामग्री का वितरण होगा।

इसी तरह राजकीय इंटर कॉलेज में बने डिस्पैच सेंटर से पथरदेवा के लिए 19 व रामपुर कारखाना के लिए 20 टेबल बनाए गए हैं। महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज से भाटपार रानी व सलेमपुर के मतदान कर्मी रवाना होंगे। भाटपार रानी के लिए 19 तो सलेमपुर के लिए 20 टेबल बनाए हैं।

**मतदान के बाद दो सेंटर पर जमा होंगी ईवीएम :** एक जून को मतदान समाप्ति के बाद ईवीएम जमा करने के लिए शहर के महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज व डीएसएसएस कसया बाईपास रोड को रिसिविंग सेंटर व स्ट्रांग रूम बनाया गया है। महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में रुद्रपुर, भाटपाररानी, सलेमपुर व बरहज की ईवीएम जमा होंगी। इसके लिए क्रमशः 17, 19, 18 व 18 टेबल बनाए गए हैं।

इसी तरह डीएसएसएस कसया बाईपास रोड पर देवरिया, पथरदेवा व रामपुर कारखाना का इवीएम जमा कराया जाएगा। इसके लिए 18, 19 व 20 टेबल बनाए गए हैं।



पोलिंग पार्टियों को ले जाने के लिए तैयार बसें। संवाद

### पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए 1215 वाहन अधिग्रहीत

परिवहन विभाग ने चुनाव के लिए बड़े एवं छोटे वाहनों को मिलाकर कुल 1215 वाहनों का अधिग्रहण शुरू कर दिया है। परिवहन विभाग की तरफ से अधिग्रहीत वाहन मतदान सामग्री के लिए बने तीनों डिस्पैच सेंटर पर पहुंच गए हैं। परिवहन विभाग के अधिकारियों की मानें तो पोलिंग पार्टी और पोलिंग सामग्री को बूथों तक पहुंचाने के लिए वाहनों का अधिग्रहण करने का कार्य काफी दिनों से चल रहा है। लोकसभा चुनाव कराने के लिए मतदान कार्मिकों को बूथ तक पहुंचाने के लिए करीब 1215 बड़े एवं छोटे वाहनों उपलब्ध हो चुके हैं। इसमें बस, बोलेरो, स्कार्पियो व डीसीएम आदि वाहन शामिल हैं। एआरटीओ आशुतोष शुक्ला ने बताया कि अधिग्रहीत किए गए छोटे-बड़े सभी वाहन स्वामियों को नोटिस भेजा जा चुका है। वाहन स्वामियों को 30 मई तक जिला मुख्यालय पर उपस्थिति दर्ज कराने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं। उनका कहना है कि लोकसभा चुनाव के लिए वाहन उपलब्ध न कराने वाले स्वामी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार शाम करीब पांच बजे तक 650 हल्के वाहन, जिसमें बोलेरो व स्कार्पियो, 540 बसें और 25 डीसीएम तीनों डिस्पैच सेंटर पर पहुंच चुके हैं। अन्य वाहन के भी पहुंचने की उम्मीद है। सुबह मतदान सामग्री वितरण के बाद पोलिंग पार्टियां इन वाहनों से मतदान केंद्र के लिए रवाना होंगी।

# KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 31-05-2024

# कुशीनगर जिले में आज व कल रहेगा रूट डायवर्जन

**लोकसभा चुनाव**

**पडरौना, निसं।** एसपी धवल जायसवाल के निर्देश के क्रम में 31 मई को पोलिंग पार्टियों के बूथों पर रवाना होने एवं एक जून को मतदान समाप्त होने के बाद विभिन्न मतदान केन्द्रों से ईवीएम जमा करने के यातायात प्रबंधन के लिए रूट डायवर्जन किया गया है।

शुक्रवार को पोलिंग पार्टियों के मतदान केन्द्रों पर प्रस्थान के दौरान कसया से रामकोला, कप्तानगंज की तरफ जाने वाले सभी कामर्शियल वाहन टेकुआटार, रामकोला होते हुए व खड्डा, रामकोला से कसया एवं फाजिलनगर की तरफ सभी प्रकार के कामर्शियल वाहन बावली चौक, मिश्रौली नहर, रामकोला, टेकुआटार, कसया एनएच 28 होते हुए अपने गंतव्य को जायेंगे। किसी भी कामर्शियल वाहन (ट्रक, पिकअप, ट्रैक्टर ट्राला/ट्राली, जेसीबी) के लिए शुक्रवार को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक नो इंट्री प्वाइंटस खिरकिया पुलिस चौकी, खिरिया टोला नहर मोड़, बावली चौक, मिश्रौली नहर, हरका तिराहा एवं बैरिया कांटा रहेगा। एक जून को ईवीएम जमा करने के दौरान कसया से रामकोला व कप्तानगंज की तरफ जाने वाले सभी कामर्शियल वाहन टेकुआटार, रामकोला होते हुए व खड्डा, रामकोला से कसया एवं फाजिलनगर की तरफ कामर्शियल वाहन बावली चौक, मिश्रौली नहर, रामकोला, टेकुआटार, कसया एनएच 28 होते हुए अपने गंतव्य को जायेंगे। कामर्शियल वाहन (ट्रक, पिकअप, ट्रैक्टर ट्राला/ ट्राली, जेसीबी) के लिए एक जून को सुबह 8 बजे से रात्रि 12 बजे तक नो इंट्री प्वाइंट्स खिरकिया पुलिस चौकी, खिरिया टोला नहर मोड़, बावली चौक, मिश्रौली नहर, हरका तिराहा एवं बैरिया कांटा रहेगा।

# भोर में तीन बजे पहुंच जाएं वेयरहाउस

पडरौना। लोकसभा को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम उमेश मिश्रा, एसपी धवल जायसवाल ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व अधिकृत एजेंटो के साथ बैठक की। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि कल 31 मई को पोलिंग पार्टियों की रवानगी बुद्धा पार्क, जिला स्टेडियम व पुलिस लाइन से होगी। उन्होंने कहा कि आप सभी प्रातः 3 बजे वेयरहाउस जहां पर विधानसभा वार मशीन सुरक्षित रखी गई हैं, वहां पर आने का कष्ट करें।

गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में डीएम उमेश मिश्रा, एसपी धवल जायसवाल व सीडीओ गुंजन द्विवेदी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व अधिकृत एजेंटो के साथ बैठक की।

# हत्या के प्रयास के में वांछित गिरफ्तार

**कुशीनगर।** वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान में गुरूवार को कसया थाने की पुलिस हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में दर्ज केस में वांछित अभियुक्त गोलू चौधरी पुत्र जयप्रकाश चौधरी निवासी महुई बुजुर्ग थाना कसया को गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओ गिरिजेश उपाध्याय, एसआई जिएलाल कनौजिया, कांस्टेबल आशुतोष सिंह एवं कमलेश कुमार शामिल रहे।

# सौतेली मां का हत्यारा बेटा पत्नी समेत गिरफ्तार

**हाटा, हिसं।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के गांव परसौनी निवासी रीता पत्नी मिश्री की हत्या उसी के सौतेले बेटे सुनील व बहू अनीता ने मंगलवार की रात जमीनी विवाद को लेकर सब्जी काटने वाले हंसिया से कर दी थी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने बुधवार को हत्या का केस दर्ज कर 24 घंटे के अंदर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

परसौनी निवासी मिश्री उर्फ़ गोबरी प्रजापति ने पहली पत्नी के कहीं अन्यत्र चले जाने के बाद तीन दशक पहले रीता नामक दूसरी महिला से शादी कर ली थी। कुछ मांह पूर्व मिश्री ने अपनी दूसरी पत्नी रीता के नाम तीस डिस्मिल जमीन बैनामा कर दिया था। इसी बात को लेकर आये दिन पिता पुत्र व सौतेली मां से झगड़ा हुआ करता था। बीते मंगलवार की शाम मां बेटे में कहासुनी हुई।

# चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

कुशीनगर। एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरूवार को रविन्द्र नगर धूस थाने की पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर साहब हुसैन पुत्र इसायल अंसारी निवासी लोहरवलिया थाना चौराखास को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से पुलिस ने चोरी की बाइक बरामद किया। पुलिस के मुताबिक साहब हुसैन के पेशेवर चोर हैं।

# फार्मासिस्ट डूबे, दो दोस्तों को लोगों ने बचाया

**खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद।** क्षेत्र के ग्राम भैसहा स्थित नारायणी नदी में दोस्तों के साथ नहाने गया खड्डा कस्बा निवासी फार्मासिस्ट नदी में डूबकर लापता हो गया। जबकि नदी में डूब रहे दोनों दोस्तों को लोगों ने बचा लिया। इस हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीण गोताखोर लापता फार्मासिस्ट की तलाश में जुटे हुए हैं जबकि एसडीआरएफ को भी तलाश के लिए बुलाया गया है।

खड्डा के इंदिरानगर मोहल्ला निवासी बच्चा लाल गुप्ता सुभाष चौक पर फल की दुकान चलाते हैं। इनके तीन पुत्रों में बड़ा अजय गुप्ता एडवोकेट है। जबकि दूसरा पुत्र अभय 28 वर्ष प्राइवेट फार्मासिस्ट की डिग्री लेकर दवा की दुकान खोल रखा है। छोटा पुत्र अंकित पढाई करता है। गुरुवार की शाम फार्मासिस्ट अभय गुप्ता पडरौना क्षेत्र के सोहसा मठिया निवासी मित्र कबीर 24 वर्ष व अजय 25 वर्ष के साथ क्षेत्र के भैसहा स्थित बीएन सिंह के ठोकर के समीप नारायणी नदी में नहाने गया। वहां नहाते समय तीनों गहरे पानी में चले गए, जिससे तीनों नदी में डूबने लगे। वहां मौजूद रहे लोगों ने नदी में कूदकर कबीर व अमित को बचा लिया लेकिन अभय पानी में डूबकर लापता हो गया। इसकी जानकारी मिलते ही परिजनों में रोना पिटना मच गया। वहीं इस घटना की खबर मिलते ही मौके लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसी दौरान विधायक विवेकानन्द पांडेय, तहसीलदार महेश कुमार, चेयरमैन प्रतिनिधि दुर्गेश्वर वर्मा, आनन्द सिंह, प्रदीप सिंह, ब्यास गिरि, राजू गुप्ता, कोमल यादव सहित पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गयी और स्थानीय गोताखोरों के सहयोग से लापता अभय की चारों तरफ खोजबीन कराया लेकिन उसका पता नहीं चल सका। विधायक ने एसडीआरएफ टीम मौके बुलाया है। एसडीआरएफ टीम आने के बाद नदी में लापता हुए अभय की तलाश करेगी। अभय ने छह माह पूर्व लव मैरिज शादी की है। इस हादसे की खबर सुनकर उसकी पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है।

# उड़न दस्ते से सपा प्रत्याशी की नोक झोंक

**कसया, हिन्दुस्तान संवाद।** जिला निर्वाचन विभाग की उड़न दस्ता टीम ने गुरुवार की रात आठ बजे कुशीनगर स्थित लोटस होटल में छापेमारी की। इस होटल में सपा उम्मीदवार पिंटू सिंह सैंथवार ठहरे हैं। टीम को पता चला था कि यहां भारी भीड़ जुटी है और लोगों को प्रलोभन दिए जाने का अंदेशा है। सपा के लोगों का आरोप है कि बेवजह विपक्षी सत्ता का लाभ लेकर प्रताड़ित कर रहे हैं।



छापेमारी करने पहुंची पुलिस से सपा प्रत्याशी की हुई नोंकझोंक। ● हिन्दुस्तान

अपने निर्धारित समय शाम 5 बजे चुनाव प्रचार का समय समाप्त होने के बाद होटल में काफी संख्या में लोग जुट गए। किसी ने प्रशासन को सूचना दी की दावत चल रही है, और रुपये बांटे जा रहा है। होटल पर टीम पहुंची तो काफी संख्या में लोग मौजूद थे। धारा 144 का उल्लंघन मानते हुए उड़न दस्ता टीम ने कार्यवाही शुरू की। सभी वाहनों का नंबर नोट किया और कुछ लोगों की तलाशी भी ली। सपा समर्थकों के विरोध करने पर तलाशी बंद कर दी गयी। अधिकारियों ने भीड़ जुटने का कारण पूछा तो बताया गया कि वोटर लिस्ट बंट रहा है। कार्यकर्ता बूथों पर वोटर लिस्ट आदि पहुंचाने के निमित्त आए थे। सपा उम्मीदवार सिंह ने सरकार और प्रशासन पर चुनाव के अंतिम चरणों में उसे प्रभावित करने का आरोप लगाया। कहा कि प्रचार समाप्त होने के बाद मैं होटल पर आ गया था। वोटर लिस्ट आदि बांटे जाने का कार्यक्रम चल रहा था।

# दुबई से मजदूर की पहुंची लाश

खड्डा। तीन माह पूर्व इलेक्ट्रीशियन का काम करने दुबई गए खड्डा थाना क्षेत्र निवासी 24 वर्षीय युवक की एक सप्ताह पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। बुधवार की रात्रि दुबई से उसका शव गांव पहुंचा तो मातम छा गया। गुरुवार को परिजनों ने नारायणी तट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

ग्राम सोहरौना के मदन कुशवाहा का पुत्र विजय कुशवाहा लगभग तीन माह पूर्व दुबई स्थित कन्वेंशन इलेक्ट्रो मेकेनिकल कंपनी में इलेक्ट्रीशियन का काम करने गया था। वहां वह गुरुवार की रात्रि कंपनी से काम कर अपने रुम पर गया, जहां दूसरे दिन बुधवार की सुबह उसका शव कमरे में पड़ा मिला। आसपास रहने वाले लोगों ने इसकी सूचना वहां की पुलिस सहित उसके परिजनों को दी। दुबई पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



लापता हुई मानसिक रूप से बीमार बच्ची को बरामद कर उसकी मां को सौंपती पनियहवा जीआरपी। ● हिन्दुस्तान

# लापता बच्ची को परिजनों को सौंपा

खड्डा। गोरखपुर से इलाज कराकर एक्सप्रेस ट्रेन से बिहार के बेतिया लौट रही महिला की मानसिक रूप से कमजोर 9 वर्षीय लापता हुई पुत्री को पनियहवा जीआरपी ने 24 घंटे के भीतर कोठीभार क्षेत्र से बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पश्चिमी चम्पारण बिहार के जिला बेतिया थाना सिकटा के झुमका निवासी मोहम्मद जान की नौ वर्षीय पुत्री तब्बसूम आरा मानसिक रुप से बीमार है।

# ईवीएम की जांच कर सकते हैं राजनीतिक दल

## विधानसभावार रहे हैं ईवीएम, जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए वेयरहाउस पहुंचने के निर्देश

जागरण संवाददाता,पडरौना: लोकसभा चुनाव की तैयारियों के क्रम में शुक्रवार की सुबह वेयरहाउस पहुंच कर राजनीतिक दलों के प्रत्याशी या उनके अधिकृत एजेंट विधानसभावार रखे गए ईवीएम की जांच कर सकते हैं। यह निर्देश गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के साथ संयुक्त बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्र ने दिए।

एसपी धवल जायसवाल व सीडीओ गुंजन द्विवेदी की मौजूदगी में हुई बैठक में कहा कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी बुद्धा पार्क रविंद्र नगर, जिला स्टेडियम तथा पुलिस लाइन ग्राउंड से होगी। वेयरहाउस में आवंटित विधानसभावार ईवीएम रखा गया, जिसे खुद देख सकते हैं। निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की कोई समस्या आए तो तत्काल अवगत कराएं। अफवाहों पर ध्यान न दें।



कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों की बैठक को संबोधित करते डीएम उमेश मिश्र बीच में व मौजूद एसपी धवल जायसवाल, सीडीओ गुंजन द्विवेदी • जागरण

बताया कि मतदान शुरू होने के 90 मिनट पहले माकपोल के समय पोलिंग एजेंट जरूर मौजूद रहें। मतदान कार्मिकों के तीसरे रेंडमाइजेशन में बूथवार तैनाती की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। मतदान समाप्त होने के बाद ईवीएम स्ट्रांग रूम उदित नारायण इंटर व डिग्री कालेज में रखे जाएंगे। रिजर्व अनुप्रयोग ईवीएम वेयरहाउस में रखवाया जाएगा। किसी भी प्रकार के ईवीएम के जमा होने के स्थल में दुविधा हो तो तत्काल अवगत कराएं। बताया कि मतगणना के लिए 14 टेबल क्रमवार विधानसभा वार लगाए जाएंगे। उस दिन के लिए एजेंट नियुक्त कर दें। मतगणना के दिन स्ट्रांग रूम एजेंटों की निगरानी में ही खुलवाया जाएगा। इसलिए प्रत्याशी के प्रतिनिधि से मतगणना के दिन चार जून को सुबह छह बजे मतगणना स्थल पर पहुंचने का अनुरोध किया गया। एसपी ने कहा कि हर बूथ पर फोर्स तैनात रहकर दायित्वों का निर्वहन करेंगे। भ्रामक खबर प्रचारित करने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीडीओ ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए बताया कि मतदेय स्थलों पर मतदान कार्मिक का (ईडीसी) इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट जारी हुआ है। इस व्यवस्था के अंतर्गत मतदान कार्मिक अपने ड्यूटी बूथ पर रहकर ईडीसी के जरिए मतदान करेंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद जफर,सज्जन गुप्ता, केशव नाथ उपाध्याय, श्री प्रकाश सिंह, राम नाथ कुमार चौहान, सुनील कुमार शुक्ला, हरिकेश आदि मौजूद रहे।

# अर्धसैनिक बलों के साथपुलिस ने किया मार्च

बरवापट्टी। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने अर्धसैनिक बलों के साथ थानाध्यक्ष राजेश कुमार व एसएसआई संजय सिंह के नेतृत्व में बरवापट्टी थाना क्षेत्र में गुरूवार की शाम पैदल मार्च किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पैदल मार्च आम चुनावों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निकाला गया है ताकि लोग एक जून को बिना किसी डर के मतदान कर सकें।

# ईमानदारी से निभाएं अपनी ड्यूटी : एसपी

जागरण संवाददाता, पडरौना : पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने गुरुवार को पुलिस लाइन में पैरामिलिट्री फोर्स व पुलिसकर्मियों को ब्रीफ किया। निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से चुनाव संपन्न कराने की प्रतिबद्धता जताई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी कर्मी ड्यूटी ईमानदारी से निभाएं। अराजकतत्वों से सख्ती से निपटें। किसी तरह की कोई सूचना मिलने पर नामित मजिस्ट्रेट और पुलिस टीम मौके पर पहुंचेगी। मोबाइल टीमें भी सक्रिय रहेंगी।

सुरक्षित तथा भयमुक्त माहौल में मतदाताओं को बिना किसी प्रभाव के स्वतंत्र रूप में मतदान कराएं। बूथ के बाहर तथा मतदान केंद्र के बाहर की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मतदान केंद्र के बाहर अनावश्यक भीड़ एकत्रित न होने दी जाए। चुनाव ड्यूटी के दौरान किसी भी राजनीतिक दल तथा व्यक्ति के बारे में चर्चा या टिप्पणी न की जाए। मतदान केंद्रों की 100 मीटर की परिधि में चुनाव, पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के अतिरिक्त किसी व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन, वायरलेस आदि का प्रयोग प्रतिबंधित है। एएसपी रितेश कुमार सिंह ने कहा कि पुलिसकर्मी अपनी-अपनी ड्यूटी पर निर्धारित समय पर पहुंचे। पोलिंग पार्टियों के साथ लगे पुलिस बल को समय से पोलिंग पार्टियों के साथ मतदान स्थलों पर पहुंचना तथा मतदान समाप्ति के बाद उसी वाहन से स्ट्रांग रूम तक ईवीएम को पहुंचाना दायित्व है। एएसपी अभिनव त्यागी ने कहा कि संवदेनशील तथा अति संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर नागरिकों में आत्मविश्वास बनाए रखना है। होटल, सराय, गेस्ट हाउस की जांच होगी।



अतिसंवेदनशील बूथ मिश्रौली का निरीक्षण करते सीआरपीएफ के कमांडेंट नीतींद्र नाथ बाएं से दूसरे। ● पुलिस मीडिया सेल

## सीआरपीएफ ने देखे अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र

जासं,पडरौना : कमांडेंट नीतींद्र नाथ के नेतृत्व में सीआरपीएफ की टीम ने गुरुवार को नगर से सटे संवेदनशील बूथों का निरीक्षण कर सुरक्षा का खाका खींचा। पुलिस-प्रशासन से समन्वय स्थापित कर शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराने की प्रतिबद्धता जताई। शाम को चार बजे सीआरपीएफ टीम नगर से सटे बसहिया बनवीरपुर स्थित मतदान केंद्र पहुंची। बीएलओ से जानकारी ली। आसपास के घरों के लोगों से भी बात कर सूचनाएं एकत्रित की।

इसी क्रम में टीम ने मिश्रौली व बड़हरा पहुंच मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। ये मतदान केंद्र अति संवेदनशील श्रेणी में चिन्हित हैं। टीम ने यहां के बीएलओ से मतदाताओं की संख्या, पिछले चुनाव में पड़े वोट की जानकारी तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पडरौना से विवाद आदि के बारे में जानकारी ली। कमांडेंट ने बताया कि पुलिस-प्रशासन से समन्वय स्थापित कर चुनाव को सकुशल संपन्न कराने को लेकर फोर्स तैयार है। जिले में दो कंपनी सीआरपीएफ टीम सक्रिय है। व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वालों की खैर नहीं होगी। बड़ी संख्या में फोर्स मौजूद रही।

**24 घंटे सतर्क रहें टीमें :** एसपी ने कहा कि फ्लाइंग स्क्वाड टीम, स्टेटिक सर्विलांस टीम, वीडियो निगरानी टीम 24 घंटे सतर्क दृष्टि बनाए रखें। अंतरराज्यीय, अंतरजनपदीय सीमा पर बने चेक पोस्टों पर दिन रात वाहन तथा संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की जाए। क्यूआरटी, क्लस्टर मोबाइल, सेक्टर मोबाइल, जोनल मोबाइल, रिजर्व मोबाइल में लगे पुलिस कर्मी जांच करेंगे।

# मतगणना स्थल पर सुरक्षा का रहे पुख्ता इंतजाम

जासं, पडरौना: जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा ने एसपी धवल जायसवाल को अवगत कराया कि चार जून को उदित नारायण डिग्री कालेज व इंटर कालेज में मतगणना होनी है। इसको लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कराएं। प्रवेश द्वार पर वृहद जांच की जाए, जिससे किसी भी राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता अस्त्र, शस्त्र लेकर अंदर प्रवेश न पा सकें।

# शव के साथ साढ़े तीन घंटे काटा बवाल, स्टेट हाईवे जाम

## पोस्टमार्टम के बाद मुंबई से शव आने पर **स्वजन ने होटल पर बोला धावा,** संचालक पर हत्या कराने का आरोप

जागरण संवाददाता, कसया (कुशीनगर): नगर के वीर सावरकर नगर (सवयां) के युवक की मुंबई में हुई मृत्यु के मामले में दूसरे दिन भी गुरुवार को साढ़े तीन घंटे तक स्वजन ने बवाल काटा। पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर आरोपित के होटल के सामने पहुंच गए। कसया-देवरिया स्टेट हाईवे जाम कर कार्रवाई की मांग करने लगे। इस दौरान होटल पर धावा बोल रही भीड़ को खदेड़ने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई के आश्वासन पर लोग किसी तरह माने, उसके बाद जाम समाप्त हुआ।



संतोष निषाद। फाइल फोटो।



कसया में मृतक के भाई से वार्ता करते तहसीलदार धर्मवीर सिंह बीच में • जागरण



होटल पर धावा बोलने वाली महिलाओं को खदेड़ती पुलिस • जागरण

वार्डवासी रमायन निषाद एवं होटल संचालक किशोर निषाद के बीच कुछ दिनों से भूमि विवाद चल रहा है। बीते 20 मई को रमायन का 35 वर्षीय पुत्र संतोष निषाद रोजगार के सिलसिले में मुंबई गया, 28 मई को वहीं एक कमरे में संदिग्ध परिस्थिति में उसका शव पाया गया। होटल संचालक पर हत्या कराए जाने का आरोप लगाते हुए कुछ लोगों ने बुधवार को होटल में तोड़फोड़ की थी। दूसरे दिन सुबह 10 बजे शव गांव लाया गया तो स्वजन उसे लेकर 11 बजे होटल के सामने स्टेट हाईवे पर आ गए।

संचालक के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज करने, कब्जा की गई भूमि मुक्त कराने और गिरफ्तारी की मांग को लेकर मार्ग जाम कर दिए। स्वजन के आक्रोश का आलम यह था, कि चिलचिलाती धूप में साढ़े तीन घंटे विरोध करते रहे। नायब तहसीलदार धर्मवीर सिंह, नायब तहसीलदार शैलेश सिंह, सीओ कुंदन सिंह व प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय कई बार समझाने का प्रयास किए, लेकिन लोग नहीं माने। इस दौरान स्वजन संग मौजूद भीड़ ने होटल पर धावा बोल दिया। खदेड़ने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। दोपहर बाद 3.30 बजे प्रशासन और स्वजन के बीच पुनः वार्ता हुई। तहसीलदार और सीओ ने तहरीर लेकर मामले की जांच करने और कार्रवाई आश्वासन दिया तो जाम समाप्त हुआ। तहसीलदार ने बताया कि पुलिस को जांच का निर्देश दिया गया है।

# 2633 बूथों पर 10532 कार्मिक कराएंगे मतदान

## तैयारियां पूरी, आज रवाना होंगी **पोलिंग पार्टियां,** पुलिस लाइंस से विस खड्डा व रामकोला के लिए जाएगी टीम

**चुनाव की तैयारी**

जागरण संवाददाता, पडरौना: एक जून को होने वाले मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां शुक्रवार को मुख्यालय स्थित जिला स्टेडियम व बुद्धा पार्क व पुलिस लाइन से रवाना होंगी। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान के लिए 2633 बूथों पर 10532 कार्मिक लगाए जाएंगे। कुल कार्मिकों के दस प्रतिशत अतिरिक्त में रिजर्व किया गया है। प्रत्येक बूथ पर पीठासीन अधिकारी समेत चार की संख्या में कार्मिक मतदान कराएंगे। बूथों पर पुलिस के दो जवानों की भी तैनाती रहेगी। विधानसभावार खड्डा में 354, पडरौना में 370, तमकुहीराज में 394, फाजिलनगर में 407, कुशीनगर में 377, हाटा में 374, रामकोला में 357 बूथों के लिए पार्टियां बनाई गई हैं। सुबह छह बजे संबंधित मतदान कर्मियों पहुंचने को कहा गया गया है।



बुद्धा पार्क में वाहन चालकों को निर्देश देते एआरटीओ मो .अजीम दाएं से तीसरे • जागरण



बुद्धा पार्क में पोलिंग पार्टियों के लिए लगाया गया टेंट व कुर्सियां • जागरण

वाहनों को पकड़ने में लगे रहे अधिकारी : वाहनों की व्यवस्था में जुटे एआरटीओ मोहम्मद अजीम ने कहा कि आवश्यकतानुसार वाहनों की व्यवस्था की जा रही है। इस दौरान उन्होंने मातहतों व चालकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वाहनों की कमी को देखते हुए आरआइ आरडी वर्मा बसों को पकड़ने में जुटे रहे। बुद्धा पार्क में आने-जाने वाले वाहनों को प्रवेश गेट पर कार्यालय अधीक्षक हर्षवर्धन राज की देखरेख में आरपी सिंह, मुख्तारूल हसन, राहुल सिंह, राजेंद्र प्रसाद सिंह, धीरज पांडेय, सुनील श्रीवास्तव, वीरेंद्र गुप्ता, मुन्ना पांडेय, अजय पाठक, राजू सिंह, रामसूरत आदि वाहनों का लाग बुक बनाकर आवंटन की प्रक्रिया पूरी करने में जुटे रहे। दूसरी सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों के लिए वाहनों का आवंटन करने में एआरटीओ कार्यालय में यातायात प्रभारी दिलीप कुमार की देखरेख में कर्मचारी जितेंद्र सिन्हा व विजय कुमार तथा अरविंद कुमार सिन्हा जुटे रहे।

### क्षेत्र में रात्रि विश्राम करेंगे सेक्टर मजिस्ट्रेट

शुक्रवार को सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र में रात्रि विश्राम करेंगे। यह निर्देश देते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव मिश्र ने बताया कि अगले दिन सुबह क्षेत्र में दायित्वों का निर्वहन करेंगे।



बुद्धा पार्क में खड़े वाहन • जागरण

मतदान तक बंद रहेंगी शराब की दुकानें : जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्र ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदान के 48 घंटे पूर्व मदिरा की सभी दुकानें बंद हो गई हैं। आयोग द्वारा शुष्क दिवस घोषित किए जाने के कारण अंग्रेजी, देशी, बीयर की दुकानों के साथ सभी माडलशाप, भांग व ताड़ी की दुकानें दो दिन बंद रहेंगी। आयोग के निर्देशों को अनुपालन को लेकर जिला आबकारी अधिकारी समेत सभी इंसपेक्टरों को निर्देश दिया गया है।

### मतदान के दिन जनपद में रहेगा सार्वजनिक अवकाश

आयोग के निर्देश के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्र ने बताया कि मतदान दिवस एक जून को जनपद में सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

### चुनाव प्रचार पर रोक, अब घर-घर होगा संपर्क

जासं,पडरौना: सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मो. जफर ने बताया कि चुनाव प्रचार पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। अब प्रत्याशी घर-घर जाकर ही संपर्क कर सकते है।

# टोल प्लाजा पर चला सघन जांच अभियान

जागरण संवाददाता, तरयासुजान : लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन चौकस है। यूपी-बिहार की सीमा पर स्थित मार्गों पर पुलिस सघन जांच अभियान चला रही है। गुरुवार को सुबह आठ बजे से टड़वा के समीप टोल प्लाजा पर वाहनों की जांच शुरू हुई। 24 घंटे की जांच में टोल प्लाजा पर कोई अवैध सामग्री नहीं पकड़ी जा सकी। इसके अलावा क्षेत्र के रामपुर बंगरा, मठिया श्रीराम, अहिरौली दान सहित बहादुरपुर पुलिस चौकी, बिहार जाने वाले मार्ग पर छत्तरपुर के पास बिहार सीमा पर भी पुलिस जांच कर रही है। जांच के दौरान हर आने-जाने वालों का नाम, पता भी अगल रजिस्टर में दर्ज किया जा रहा। पहचान पत्र के बाद ही पुलिस बार्डर उस पार से आने वालों को जिले में प्रवेश की अनुमति दे रही है।

# मतदान प्रभावित करने वालों पर नजर रखेंगी नौ टीमें

जासं, पडरौनाः लोकसभा चुनाव को लेकर जिले सातों विधानसभा क्षेत्रों के लिए गठित उड़नदस्ता टीम सक्रिय हो गई है। पहले तीन की जगह अब नौ टीमें लगाई गई हैं। जनपद में दो टोल प्लाजा समेत 23 चिह्नित स्पाट पर टीम मौजूद रह रही है। एक विधानसभा क्षेत्र में एक साथ तीन टीमें भ्रमण करेंगी। आठ-आठ घंटे की तीन शिफ्टों में मजिस्ट्रेट सहित पांच कर्मचारियों को तैनात किया गया है। साथ में वीडियोग्राफी टीम भी लगाई गई है। चिह्नित स्थानों पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है, जहां उड़नदस्ता टीम आने-जाने वाले वाहनों की सघनता से जांच कर रही है। इसके अलावा 21 स्टेटिक सर्विलांस क्षेत्र में भ्रमण कर निगरानी कर रही है। एक विधान सभा क्षेत्र में तीन-तीन अर्थात खड्डा, पडरौना, रामकोला, कुशीनगर, हाटा, तमकुहीराज तथा फाजिलनगर में टीमें कार्य कर रही है। जबकि हेतिम मुजहना व सलेमगढ़ टोल प्लाजा पर एक-एक टीम लगी है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव मिश्र ने बताया किचुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर जिला प्रशासन कटिबद्ध है। आयोग के निर्देशानुसार चुनाव कार्य में लगे अधिकारी दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करें। टीम वीडियोग्राफी के साथ भ्रमण कर रही है।

# बीडीसी के निधन पर शोक

जोकवा बाजार : फाजिलनगर के गांव कोटवा करजही के क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) रियाजुद्दीन अंसारी उर्फ पंडित का गुरुवार की सुबह निधन हो गया। उनके निधन की वजह से रहसू बाजार की दुकानें बंद रही। (विज्ञप्ति)

# बछड़ों को छोड़ पिकअप चालक फरार

समउर बाजार: तमकुहीराज के गंगुआ बाजार के समीप बुधवार की रात पांच बछड़ों व एक बछिया को निर्जन स्थान पर छोड़ पिकअप चालक बिहार की ओर फरार हो गया। सुबह लोगों को जब इसकी जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दिए। बताया जा रहा कि रात करीब 11 बजे कुछ लोगों ने समउर-तमकुही मार्ग के रास्ते गंगुआ बाजार की ओर पिकअप को जाते देखा। गंगुआ बाजार के पास पिकअप कुछ देर तक रुकी रही, फिर बिहार की ओर चली गई। सुबह खेत की ओर गए लोगों ने लावारिस हाल में बछड़ों को देखा।

# निर्माणाधीन मकान में कार्य कर रहे मजदूर की मृत्यु

- कार्य करने के दौरान अचानक गिर पड़े,हीट वेव से मृत्यु की आशंका
- कानूनी कार्रवाई से इन्कार करते हुए नहीं कराया शव का पोस्टमार्टम

जागरण संवाददाता, फाजिलनगर (कुशीनगर) : बाजार के फोरलेन के पास स्थित सिनेमाहाल के पास एक निर्माणाधीन मकान में कार्य कर रहा मजदूर अचानक चक्कर खाकर बांस-बल्ली से नीचे गिर गया। मौके पर ही मृत्यु हो गई। स्वजन शव लेकर घर आ गए। घटना का कारण हीट वेव माना जा रहा है।

तुर्कपट्टी थाने के दहारी पट्टी के 36 वर्षीय रामबेलास राजभर गुरुवार को नए सिनेमा हाल के पास एक निर्माणाधीन मकान में मजदूरी कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दीवार को जोडने के लिए बनाए गए बांस बल्ली पर चढ़ कर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक चक्कर आने से नीचे गिर गए। मौके पर मौजूद लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फाजिलनगर ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पहुंचे स्वजन कानूनी कार्रवाई से मना कर दिए। सीएचसी के चिकित्सकों का कहना है कि ऐसी स्थिति, हीट वेव से भी हो सकती है, लेकिन बिना पोस्टमार्टम के इसकी पुष्टि नहीं की जा सकती है।

चौकी प्रभारी रवि भूषण राय ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। तहरीर मिलेगी तो उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# उड़नदस्ता टीम ने होटल में की छापेमारी

जासं, कसया : लोकसभा चुनाव को लेकर गठित उड़नदस्ता टीम ने गुरुवार की रात 8:30 बजे कुशीनगर स्थित लोटस होटल में छापेमारी की। इस होटल में सपा उम्मीदवार पिंटू सिंह सैंथवार ठहरे हैं। शाम 5:00 बजे चुनाव प्रचार का समय समाप्त होने के बाद होटल में काफी संख्या में लोग जुट गए।

किसी ने प्रशासन को सूचना दी कि दावत चल रही है, और रुपये बांटे जा रहे हैं। होटल पर प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय के नेतृत्व में टीम पहुंची तो काफी संख्या में लोग मौजूद थे। धारा 144 का उल्लंघन मानते हुए टीम ने कार्रवाई शुरू की। सभी वाहनों का नंबर नोट किया और लोगों को वहां से हटाने की चेतावनी दी। भीड़ जुटने का कारण पूछने पर बताया गया कि वोटर लिस्ट बंट रहा था। कार्यकर्ता बूथों पर वोटर लिस्ट आदि पहुंचने की तैयारी में थे। इसी निमित्त लोग आए थे। सपा उम्मीदवार ने सरकार और प्रशासन पर चुनाव प्रभावित करने का आरोप लगाया। कहा कि प्रचार समाप्त होने के बाद मैं होटल पर आ गया था। वोटर लिस्ट आदि बांटे जाने का कार्यक्रम चल रहा था। प्रशासन ने बेवजह छापामारी करके कार्यकर्ताओं को भगा दिया। इसकी शिकायत चुनाव आयोग से करूंगा। एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि चुनाव प्रभावित करने की सूचना पर टीम पहुंची थी, लेकिन मौके पर कुछ नहीं मिला।

# लोकसभा चुनाव : 49,500 सुरक्षाकर्मी मतदान केंद्रों पर संभालेंगे सुरक्षा की कमान

## सातवें चरण में कल गोरखपुर मंडल के जिलों में होना है मतदान, मंडल के चार जिलों में 6,408 मतदान केंद्र और 7,600 मतदेय स्थल पर पड़ेंगे वोट



महराजगंज

कुशीनगर

देवरिया में दो सीट

### 32 जोन व 293 सेक्टर में बांट कर होगी गोरखपुर में चुनाव की निगरानी

# आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां, तैयारियां पूरी

## कुशीनगर लोकसभा सीट : 1875215 मतदाता नौ उम्मीदवारों का तय करेंगे भविष्य, 13 हजार कार्मिकों की लगाई ड्यूटी

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** कुशीनगर लोकसभा सीट पर पहली जून को होने वाले चुनाव के लिए शुक्रवार सुबह से पुलिस लाइन, स्टेडियम और बुद्धा पार्क में अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र के लिए पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगी। 13 हजार मतदानकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिला मुख्यालय से बूथों पर मतदानकर्मियों को जाने के लिए 710 बड़े और 310 छोटे वाहनों की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा 450 छोटे वाहन पुलिसकर्मियों को दिया गया है। पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। पानी और छाया का इंतजाम किया गया है। पुलिस लाइन, स्टेडियम के हाल में कार्मिकों को बैठने के लिए कुर्सियां लगवाई गई है और पंखे, कूलर का इंतजाम किया गया है। डॉक्टरों की टीम भी मौके पर मौजूद रहेगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा ने बताया कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी स्थल पर बैरिकेडिंग कराई गई है। विधानसभावार काउंटर बनाए गए हैं। मौसम को देखते हुए तीन जगह से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाएगा। पुलिस लाइन से खड्डा विधानसभा क्षेत्र, रामकोला विधानसभा क्षेत्र और बुद्धा पार्क से फाजिलनगर विधानसभा क्षेत्र, तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र और स्टेडियम से कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र, हाटा विधानसभा क्षेत्र और पडरौना विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियां रवाना की जाएंगी। इसके लिए विधानसभावार टेबल बनाया गया है और टेंट भी लगाया गया है। धूप और लू के कारण किसी भी मतदानकर्मी को किसी तरह की कोई दिक्कत न हो, इसका ख्याल रखा जाएगा। बूथों पर भी मतदानकर्मियों और आने वाले वोटरों के लिए छाया, पानी, पंखे की व्यवस्था की गई है। कहीं से व्यवस्था में कोई चूक न हो, इसके लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए गए हैं।

जिले में 161 क्रिटिकल और 52 वन्नरेबुल बूथों की सुरक्षा की जिम्मेदारी पैरामिलिट्री फोर्स के जिम्मे रहेगी। इसके लिए 20 कंपनी सीपीएमएफ, सीआईएसएफ पंजाब पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है। पुलिस विभाग की क्यूआरटी टीमें भ्रमणशील रहेंगी, जो सूचना पर तत्काल बूथों पर पहुंचेगी। सेक्टर मजिस्ट्रेट और सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के वाहन जीपीएस से लैस किया गया है। ताकि उनकी रियल टाइम लोकेशन की जानकारी लिया जा सके। रूट को भी जीपीएस पर फीड कराया गया है। ताकि फोर्स को भी मतदान केंद्रों पर पहुंचने में कोई दिक्कत न हो।

**प्रचार थमा, डोर टूट डोर तेज हुआ संपर्क :** चुनाव प्रचार और जनसभा पर बृहस्पतिवार की शाम 5 बजे ब्रेक लग गया। प्रत्याशी और समर्थन मतदाताओं के घर डोर-टू डोर पहुंचकर अपने पक्ष में मतदान के लिए अपील करते दिखे। चुनावी शोर थमने के बाद चाय की दुकानों और चौक चौराहों पर अपने उम्मीदवार के पक्ष में मतदान की अपील की चर्चा आम रही।



स्टेडियम में लगे टेंट में वैरिकेटिंग करता मजदूर। संवाद

### कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र

- कुल मतदाता-1875215,
- लोकसभा क्षेत्र में महिला मतदाता-888974,
- लोकसभा क्षेत्र में पुरुष मतदाता-986145,
- लोकसभा क्षेत्र में थर्ड जेंडर मतदाता-96

### सुरक्षाकर्मियों को कराया दायित्व का बोध

**पडरौना।** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिसकर्मियों व अन्य सुरक्षाकर्मियों को उनकी ड्यूटी पुलिस लाइन में बृहस्पतिवार की शाम को ब्रीफ की गई। इसमें जोनल मजिस्ट्रेट, सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारियों के अलावा थानाध्यक्ष मौजूद रहे। बूथों पर किसी तरह की गड़बड़ी पर सख्ती से निटपने को कहा गया। एसपी धवल जायसवाल ने पुलिसकर्मियों और पैरा मिलिट्री फोर्स को के जवानों, अधिकारियों को उनके दायित्व का बोध कराया। उन्हे निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के दायरे में रहते हुए कानून व्यवस्था को बनाए रखने का तौर-तरीका बताया। आयोग की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुसार अपने-अपने बूथों पर निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए जरूरी निर्देश दिया। मतदान के दिन अनुशासित रहने, अच्छी वर्दी पहने, समय से ड्यूटी पर पहुंने। पहचान पत्र व ड्यूटी कार्ड को साथ में रखें,चुनाव संबंधी अधिनियमों से भलीं-भांति अवगत होले व अपने ड्यूटी को अच्छी प्रकार समझ लें, मतदान हेतु एकत्रित भीड़ में से संदिग्ध व्यक्तियों व सामग्रियों पर सतर्क दृष्टि रखें,पीठासीन अधिकारी मतदान स्टाफ, अपने अस्त्र-शस्त्र को सुरक्षित व सदैव जिम्मेदारी पूर्वक रखें,अपने साथ पानी की बोतल,टार्च,रखा दैनिक उपयोग में लाए जाने वाली सामग्री अवश्य रखें,पीठासीन अधिकारी की ओर से दिए गए उचित निर्देश का पालन करें। संवाद

### तमकुहीराज के 200 बूथों की होगी वेब कास्टिंग

**तमकुहीरोड।** तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र में बनाए गए 394 बूथों में से सभी वन्नरेबल और क्रिटिकल बूथों के साथ 200 बूथों की वेब कास्टिंग कराई जाएगी। इसके लिए सभी बूथों पर पॉवर सॉकिट व निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था कर दी गई है। वहां अन्य तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं। देवरिया लोकसभा सीट के लिए तमकुहीराज विधान सभा क्षेत्र में मतदान होना है। इसके लिए कुल 394 बूथ बनाए गए हैं। इनमें छह बूथों को वन्नरेबल और 17 को क्रिटिकल की श्रेणी में रखा गया है। इन बूथों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। संवाद

### मतदान के 48 घंटे पूर्व से रोक रहेगा ओपिनियन पोल

**पडरौना।** मतदान के 48 घंटे पूर्व से सोशल मीडिया पर ओपिनियन पोल और एग्जिट पोल पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यह जानकारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद जफर ने दी। उन्होंने बताया कि जिले में सातवें चरण के तहत एक जून को मतदान होना है। इसको देखते हुए मतदान के अंतिम समय से 48 घंटे पूर्व यानि 30 मई की शाम छह बजे से एक जून शाम शाम छह बजे तक जिले में साइलेंस पीरियड लागू रहेगा। इस दौरान धारा 126 के तहत ओपिनियन पोल और एग्जिट पोल उपरोक्त अवधि में पूर्णतः बैन लगा दिया गया है। संवाद

# कोई भी समस्या हो तो अवगत कराएं, अफवाहों पर न दें ध्यान




**कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों तथा निर्दलीय प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी।** स्रोत-सूचना विभाग

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** कलेक्ट्रेट सभागार में बृहस्पतिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में राजनीतिक दल और निर्दलीय प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। इसमें किसी भी तरह की समस्या होने पर प्रशासन को अवगत कराने और अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की बात कही गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम उमेश मिश्रा ने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें। एक जून को मतदान शुरुआत के 90 मिनट पहले मॉकपोल के समय भी पोलिंग एजेंट अवश्य उपस्थित रहें। मतदान कार्मिकों का तीसरा रेंडमाइजेशन करा लिया गया है।

इसके बाद मतदान कार्मिक बूथवार एलॉटिड हो जाएंगे। मतदान के बाद सभी उदित नारायण इंटर कॉलेज व डिग्री कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम में ईवीएम रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि मतगणना के लिए विधानसभावार 14 टेबल लगाए जाएंगे। एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि निर्वाचन से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। हर बूथ पर फोर्स तैनात रह कर अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी तत्परता एवं ईमानदारी से करेगी।

## सुबह आठ से शाम चार बजे बदले रूट से चलेंगे वाहन

**पडरौना।** शुक्रवार को पोलिंग पार्टियों के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर प्रस्थान करेंगी। इसको देखते हुए जिला मुख्यालय पर यातायात प्रबंध के लिए सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक रूट डायवर्जन किया गया है। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि कसया से रामकोला और कप्तानगंज की तरफ जाने वाले सभी कामर्शियल वाहन टेकुआटार, रामकोला होते हुए अपने गन्तव्य की तरफ जाएंगे। खड्डा, रामकोला से कसया और फाजिलनगर की तरफ सभी प्रकार के कामर्शियल वाहन बावली चौक, मिश्रौली नहर, रामकोला, टेकुआटार, कसया एनएच-28 होते हुए अपने गन्तव्य को जाएंगे। संवाद

# चोरी के मामले में सजा सुनाई

पडरौना। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत कुशीनगर पुलिस ने चोरी के मुकदमे में पैरवी कर तीन अभियुक्तों को जेल में बिताई गई अवधि और 1500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी कर दोषी अभियुक्तों को सजा दिलवायी जा रही है। इसके तहत थाना कसया के श्यामा प्रसाद मुखर्जीनगर मथौली निवासी अंशु पुत्र छट्टू के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाकर न्यायालय ने दोषी मानते हुए जेल में बिताई गई अवधि और 1500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। इसी तरह सेवरही थाना क्षेत्र के सुमही पट्टी निवासी राकेश व सेवरही थाना क्षेत्र के पिपराघाट के जोगनी टोला निवासी विद्या निषाद को दोषी मानते हुए दोनों अभियुक्तों को जेल में बिताई गई अवधि व 1000-1000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। संवाद

# मारपीट के आरोप में तीन लोगों पर केस

पडरौना। अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम बेलवा खुर्द के निवासी विंध्यवासिनी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि जमीन विवाद को लेकर उनके पटीदार दरोगा, उमराव, सुरेश ने 24 मई को उसकी पिटाई कर दी थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# नदी में तीन युवक डूबे, दो को युवकों ने बचाया, एक लापता

## गर्मी से राहत के लिए भैंसहा घाट पर गंडक नदी में स्नान करते समय हुआ हादसा

संवाद न्यूज एजेंसी


नदी में युवक के लापता होने की सूचना पर जुटी भीड़। संवाद


कबीर व अमित को बचाया गया।

खड्डा। गर्मी से राहत के लिए बृहस्पतिवार को भैंसहा घाट पर गंडक नदी में स्नान कर रहे तीन युवक युवक डूबने लगे।


नदी में लापता अभय

आस पास के लोगों ने दो युवकों को बचा लिया। तीसरा लापता हो गया। खबर मिलते ही गांव वालों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने युवक की तलाश के लिए एसडीआरएफ को सूचना दी। देर शाम तक टीम नहीं पहुंची थी।

खड्डा कस्बे के 27 वर्षीय अभय गुप्ता कस्बा में अपना पैथालॉजी चलाते हैं। बृहस्पतिवार को तुर्कहा गांव के पास प्राइवेट अस्पताल में काम करने वाले रविंद्र नगर धूस थाना क्षेत्र के सिसवा मठिया गांव 22 वर्षीय अमित कुशवाहा, पडरौना कोतवाली बड़हरा गांव निवासी 23 वर्षीय कबीर तीनों बाइक से भैंसहा घाट पर शाम को स्नान करने पहुंचे। नदी में स्नान करते समय तीनों गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। नदी के किनारे मौजूद युवक नदी में कूद गए और अमित व कबीर को बचा लिया, जबकि अभय लापता हो गया। इसकी जानकारी होने पर घर वाले भी पहुंच गए। लापता युवक की पत्नी प्रिया गर्भवती है। उनका रो रोकर बुरा हाल है। युवक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का है। इसकी जानकारी मिलने पर तहसीलदार महेश कुमार और खड्डा थाने की पुलिस पहुंच गई। स्थानीय लोगों ने पानी में युवक की तलाश की। लेकिन, उसका पता नहीं चला। तलाश के लिए एसडीआरएफ की टीम को गोरखपुर से बुलाया जा रहा है।

### डूबने से बचे दोनों युवक सदमे में

बाल-बाल बचे अमित व कबीर ने बताया कि नदी में कई लोग नहा रहे थे। यह देख हम लोग भी नहाने लगे। इसी बीच अभय हंसते हुए दोनों को गहराई की तरफ खींचने लगा। उसे लगा कि पानी कम है लेकिन, अचानक तीनों गहराई में फंस गए और डूबने लगे। मौत के मुंह से निकले किसी तरह युवकों ने दोनों की जान बचाई।

# एसडीआरएफ ने शुरू की तलाश, नहीं मिली किशोरी

संवाद न्यूज एजेंसी

तमकुहीराज। तरयासुजान थाना क्षेत्र के बाघाचौर गांव के पास नारायणी नदी में मंगलवार को स्नान करने गई किशोरी गहरे पानी में लापता हो गई। उसकी तलाश करने के लिए के लिए बृहस्पतिवार की सुबह से ही एसडीआरएफ की टीम पानी में पसीना बहाया, लेकिन उसका पता नहीं चल सका।

कसया थाना क्षेत्र के शिवपुर मठिया निवासी 12 वर्षीय रोशनी पाठक पुत्री सुनील पाठक तरयासुजान थाना क्षेत्र के गांव दनियाड़ी निवासी अवध किशोर उपाध्याय के घर ननिहाल में आई थी। मंगलवार को परिजनों के साथ नारायणी नदी में स्नान करने गई। उसी दौरान वह पानी के तेज बहाव में डूबने लगी। यह देख परिजन किशोरी को बचाने के लिए गए, तो वे भी डूबने लगे। नदी में स्नान कर रहा एक युवक पानी में डूब रहे परिजनों को बचा लिया, लेकिन किशोरी डूब गई। बृहस्पतिवार की सुबह पहुंची एसडीआरएफ टीम किशोरी की तलाश में अभियान शुरु की। करीब चार किलोमीटर की दूरी तक उसकी खोजबीन की, लेकिन किशोरी का कहीं पता नहीं चल पाया है।

इंस्पेक्टर तरयासुजान आशुतोष सिंह ने बताया एसडीआरएफ की टीम ने स्टीमर की मदद से किशोरी की खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुनः शुक्रवार को उसकी खोजबीन की जाएगी।



बृहस्पतिवार को शाम सड़क पर चलना हुआ मुश्किल। संवाद



पडरौना नगर में हो रही झमाझम बारिश। संवाद

# धूल भरी आंधी से लड़खड़ाई बिजली आपूर्ति बारिश के साथ गिरे ओले, सुहाना हुआ मौसम

## तेज आंधी के बाद 500 गांवों में गुल हुई बिजली, धूल से सड़कों पर थम गए वाहनों के पहिए

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** पूरे दिन उमस भरी गर्मी के बाद बृहस्पतिवार रात करीब सवा आठ बजे मौसम ने अचानक करवट ली और धूल भरी आंधी चलने लगी। इसके कुछ देर बाद पडरौना समेत जिले के अन्य हिस्सों में ओला गिरने के साथ बारिश होने लगी। इससे मौसम सुहाना हो गया, जिससे बीते करीब एक सप्ताह से उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को रात मिली।

बृहस्पतिवार की सुबह से ही उमस भरी गर्मी पड़ रही थी। शहर में शाम करीब सवा आठ बजे धूल भरी आंधी चलना शुरू हुई।कुछ देर बाद शहर में ओला पड़ने के साथ बारिश होने लगी। करीब दस मिनट हुई बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया। आई तेज आंधी के बाद शहर के अलावा आस-पास के सभी गांव में बिजली गुल हो गई। पडरौना के अलावा कसया, तमकुहीराज, सेवरही, फाजिलनगर, पटहेरवा, गुरवलिया, तुर्कपट्टी और कुबेरस्थान, मंसाछापर, जटहांबाजार क्षेत्र में भी धूल भरी आंधी के साथ बरसात हुई।

*रात करीब सवा आठ बजे आई तेज आंधी और बारिश के चलते पडरौना शहर में बिजली आपूर्ति बाधित की गई है। अभी बारिश बंद हुई है। बिजली कर्मियों को पेट्रोलिंग के लिए भेजा ज रहा है, ताकि कितने स्थान पर बिजली पोल और तार पर पेड़ गिरे हैं या हवा से क्षतिग्रस्त हुए हैं, उसकी जानकारी एकत्र कर क्षतिग्रस्त तार और पोल को सही कराया जाएगा।*
***-इंद्रराज यादव, एक्सईएन,***
*पडरौना विद्युत उपकेंद्र।*

विशुनपुरा ब्लॉक क्षेत्र के पड़री पिपरपाती गांव में एक व्यक्ति का टिनशेड तेज हवा के चलते उड़कर सड़क पर गिर गए। कई जगहों पर बिजली के तार और पोल पर पेड़ गिरने की सूचना है। इससे क्षेत्र के करीब पांच सौ गांव में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बृहस्पतिवार की सुबह अधिकतम तापमान 41 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28. डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। बारिश के बाद ठंडी हवाएं चलने के कारण मौसम खुशनुमा हो गया। कृषि विज्ञान केंद्र सरगटिया के मौसम विज्ञानी श्रुति वी सिंह ने बताया कि मानसून आने से कुछ दिन पहले इस तरह के मौसम बनते हैं। एक और दो जून को भी जिले के कुछ हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश होने की अनुमान है।

खड्डा प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र में तेज आंधी के साथ बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं क्षेत्र में कई जगह बिजली के तार और पोल गिरने से बिद्युत आपूर्ति बधित हो गई। बृहस्पतिवार देर शाम अचानक मौसम ने करवट ली और गरज चमक के साथ तेज हवा चलने लगी।



पडरौना नगर में हुई ओलावृष्टि । संवाद

## एनएच पर पेड़ गिरने से आवागमन बाधित

**छितौनी।** बेलवनिया पेट्रोल पंप के पास बृहस्पतिवार की रात आंधी और बारिश के दौरान एनएच-727 पर एक पेड़ गिर गया। इससे एनएच पर आवागमन बाधित हो गया। आसपास के लोग सड़क पर गिरे पेड़ को काटकर हटाने में जुटे हैं। इसके अलावा कोटवा में बिजली का पोल और टूट गया है। बंजारी पट्टी और खड्डा नगर में लगा हाई मास्क भी आंधी में गिर गया। संवाद

# होटल में सपा प्रत्याशी के कमरे में छापा

कुशीनगर। कुशीनगर के एक होटल में ठहरे सपा प्रत्याशी और समर्थकों पर रुपये बांटने की सूचना पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट पहुंची तो होटल के बाहर भीड़ देख मजिस्ट्रेट ने पुलिस को बुलाया।

पुलिस के पहुंचने के बाद जिस कमरे में सपा प्रत्याशी ठहरे थे उस कमरे और वहां मौजूद वाहनों की जांच पुलिस ने किया। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं और पुलिस से नोकझोंक भी हुई। हालांकि प्रशासन होटल पर अधिक भीड़ होने के कारण धारा 144 का उल्लंघन का दावा कर रहा है। >> विस्तृत भीतर

# छह पशुओं को छोड़कर भागे तस्कर

**गंगुआ बाजार।** तमकुहीराज थाना क्षेत्र के समउर-तमकुही मार्ग से बिहार जाने वाले लिंक मार्ग के किनारे छह गोवंशों को छोड़ तस्कर भाग गए। इसको लेकर लोगों में नाराजगी है। गांव के लोगों ने बताया कि मंगलवार की देर रात पांच बछड़े और एक बछिया को तस्करों ने एक पिकअप से छोड़कर बिहार की तरफ भाग गए थे। गोवंश सरेह में घूम रहे हैं। समउर बाजार चौकी इंचार्ज राहुल कुमार सिंह ने बताया कि इसके बारे में जानकारी है। गंगुआ ग्राम प्रधान को देखरेख करने की जिम्मेदारी दी गई है। चुनाव बाद इस मामले की जांच कर कार्रवाई जाएगी। संवाद

# होटल में सपा प्रत्याशी के कमरे में छापा

## रुपये बांटने की शिकायत पर पहुंची पुलिस, कुछ नहीं मिला, पुलिस से हुई नोकझोंक

संवाद न्यूज एजेंसी

**पकवाइनार।** कुशीनगर के एक होटल में ठहरे सपा प्रत्याशी और समर्थकों पर रुपये बांटने की सूचना पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट पहुंची तो होटल के बाहर भीड़ देख मजिस्ट्रेट ने पुलिस को बुलाया।

पुलिस के पहुंचने के बाद जिस कमरे में सपा प्रत्याशी ठहरे थे उस कमरे और वहां मौजूद वाहनों की पुलिस ने जांच की। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं और पुलिस से नोकझोंक भी हुई।

हालांकि प्रशासन होटल पर अधिक भीड़ होने के कारण धारा 144 का उल्लंघन का दावा कर रहा है। इसकी जानकारी होने पर सोशल मीडिया पर पुलिस प्रशासन पर उत्पीड़न का आरोप सपा कार्यकर्ता लगाने लगे।

सपा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह पिंटू सैथवार शाम को प्रचार थमने के बाद कुशीनगर के लोटस निक्को होटल में पहुंचे और कार्यकर्ताओं से चुनावी चर्चा कर रहे थे। किसी ने प्रशासन को सूचना दिया कि होटल के बाहर भीड़ है और यहां से रुपये वितरण किया जा रहा है। सूचना पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट और फ्लाइंग स्क्वॉड पहुंच गया। होटल के बाहर भीड़ देख टीम ने कसया इंस्पेक्टर गिरिजेश उपाध्याय को सूचना दी।

पुलिस ने सपा प्रत्याशी जिस कमरे में ठहरे थे उसकी और होटल के बाहर खड़ी गाड़ियों की जांच की। इस दौरान पुलिस और सपा कार्यकर्ताओं के बीच पुलिस से नोंकझोंक और कहासुनी भी हुई। दूसरे दल के नेताओं पर कार्यकर्ता पुलिस से उत्पीड़न कराने का आरोप लगा रहे। इसकी जानकारी होने पर सपा कार्यकर्ताओं की भीड़ होटल के बाहर जुट गई। करीब एक घंटे तक पुलिस होटल के बाहर जमी रही।



होटल में सपा प्रत्याशी से पूछताछ करती पुलिस। संवाद

*प्रचार शाम को थम गया था। जिस होटी में सपा प्रत्याशी ठहरे थे वहां पर भीड़ अधिक थी और रुपये बांटने की शिकायत किसी ने स्टेटिक मजिस्ट्रेट से की थी। जांच में कुछ मिला नहीं है। लेकिन बिना अनुमति लिए इतनी भीड़ जुटाना आचार संहिता का उल्लंघन है। मामले की जांच की जा रही है। प्रेक्षक को इससे अवगत करा दिया गया है। -**धर्मवीर सिंह**, तहसीलदार कसया*

### प्रशासन मेरे साथ कर रहा अत्याचार : अजय

सपा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह पिंटू सैथवार ने कहा कि मेरे साथ प्रशासन अत्याचार कर रहा है। मुझे पुलिस के बल पर डराया जा रहा है। जिस होटल में मैं और कार्यकर्ता ठहरे हैं। वहां पुलिस वाले पहुंचकर नंगा नाच किए हैं। शासन प्रशासन पर दबाव बनाकर सत्ता पक्ष के लोग बुरा बर्ताव कराने पर उतारू हैं। लेकिन जनता सब समझ चुकी है। इस अन्याय के खिलाफ कुशीनगर की जनता अपने मतों से जवाब देगी। जांच में सिर्फ पीने वाला पानी का बोतल पुलिस को मिला है। लेकिन पुलिस वाले एक घंटे तक परेशान किए थे। इसकी निष्पक्ष निर्वाचन आयोग जांच कराए।

# मारपीट का केस

हाटा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेलवा सुदामा गांव निवासी रामसवारे ने पुलिस को तहरीर देकर मारने पीटने का आरोप लगाया। पुलिस ने लालजी ,दीपू ,एंव लालजी कि पत्नी गांव झांगा बाजार पर मारपीट का केस दर्ज कर लिया है। संवाद



शराब की दुकान बंद करने के लिए प्रदर्शन करतीं महिलाएं। संवाद

# शराब की दुकान खुलने से नाराज लोगों ने किया प्रदर्शन

पिपराघाट। क्षेत्र के जीरो बंधा तिराहे के पास देसी शराब की दुकान खुलने से नाराज गांव के लोगों ने बृहस्पतिवार को प्रदर्शन किया। लोगों ने शराब के दुकान को बंद कराने की मांग की।

प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे जिला पंचायत सदस्या सुधीर कुमार ने कहा कि गांव में शराब की दुकान खुलने से गांव में अराजक तत्वों एकत्र होंगे। रास्ते आते-जाते महिलाएं सुरक्षित महसूस नहीं करेंगे। गांव के गरीब परिवार के युवाओं में शराब की लत बढ़ेगी। उन्होंने गांव में शराब की दुकान बंद करने की मांग करते हुए चेताया कि यदि शीघ्र ही दुकान बंद नहीं हुई तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

इस दौरान शिगारी देवी, प्रभावती देवी, कलपतिया देवी, कमरुन नेशा, इनरपति देवी, पुनम देवी, लीलावती देवी, शांती देवी, शिवकुमारी देवी आदि महिलाएं मौजूद रहीं। संवाद

# अवध एक्सप्रेस की स्लीपर बोगी में भरा धुआं, मची चीख-पुकार

## धोड़ादेउर के पांडेय टोला के पास ट्रेन रुकते ही कूदे यात्री, 40 मिनट बाद हुई रवाना

संवाद न्यूज एजेंसी

**कुशीनगर।** बरौनी से मुंबई जा रही अवध एक्सप्रेस ट्रेन के स्लीपर कोच में बृहस्पतिवार की शाम धुआं भरने से यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। आग लगने की सूचना से ट्रेन में अफरा-तफरी मच गई।

चेन पुलिंग कर यात्रियों ने ट्रेन को धोड़ादेउर गांव के पांडेय टोला के पास रोक दिया। ट्रेन रुकते ही यात्री कूदने लगे। एसी कोच में लगे फायर यंत्र से यात्रियों ने आग पर काबू पाया। इसके चलते करीब 40 मिनट तक ट्रेन रुकी रही। आग लगने का कारण ब्रेक बैंडिंग बताई जा रही है। पिपराइच रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोकर जांच करने के बाद आगे के लिए रवाना किया गया।

बरौनी से मुंबई जा रही अवध एक्सप्रेस अभी कप्तानगंज-गोरखपुर रेलवे लाइन पर कप्तानगंज स्टेशन से आगे बढ़ी थी कि स्लीपर बोगी एस थ्री में अचानक धुआं भर गया और यात्री चीखते-चिल्लाते दूसरे बोगी में भागने लगे। अफरा-तफरी के बीच किसी यात्री ने चेनपुलिंग कर अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के धोड़ादेउर गांव के पांडेय टोला के पास ट्रेन रोक दी। यात्री बोगी से कूदने लगे। गांव वाले भी पहुंच गए।

ट्रेन रुकने के बाद धुआं देख गांव वाले भी वहां पहुंच गए। यात्रियों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए एसी बोगी से अग्निशमन यंत्र लाकर आग पर काबू पाया। ट्रेन रुकने के बाद चालक और गार्ड भी पहुंच गए। चालक की जांच में पता चला कि गर्मी की वजह से ब्रेक बैंडिंग में आग लग गई थी। इसका धुआं बोगी में भर गया था। ट्रेन पिपराइच स्टेशन पर पहुंची। यहां जांच के बाद आगे के लिए रवाना किया गया है।



अवध एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगने के बाद बोगी से बाहर निकले यात्री। संवाद

### यात्रियों ने एसी कोच से फायर यंत्र लाकर बुझाई आग, ब्रेक बैंडिंग के कारण लगी आग

पिपराइच रेलवे स्टेशन पर जननायक एक्सप्रेस और बोदरवार स्टेशन पर सप्तक्रांति एक्सप्रेस को रोकना पड़ा। एनईआर के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि ट्रेन के कोच में आग नहीं लगी थी। ब्रेक बैंडिंग से धुआं निकल रहा था। ठीक करने के बाद ट्रेन को पिपराइच से रवाना किया गया।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 31-05-2024

# सील सीमा पर आवश्यक वस्तुओं में मिली ढील

- नेपाल पुलिस ने सरहद पर फंसे भारतीय ट्रकों को जाने की दी अनुमति
- सोनौली कस्टम की इजाजत पर मालवाहकों को जाने दिया गया नेपाल

**सोनौली, हिन्दुस्तान संवाद।** लोकसभा चुनाव के लिए 72 घंटे पहले सील भारत-नेपाल सीमा पर दोनों तरफ वाहन यात्रियों की भारी भीड़ देख सरहद की सुरक्षा में तैनात एजेंसियां ने गुरूवार की शाम थोड़ी ढील दे दी। भारत से आवश्यक सेवाओं से जुड़े सामान लेकर नेपाल जाने वाले मालवाहकों को कस्टम क्लीयरेंस के बाद नेपाल जाने दिया गया। नेपाल में फंसे यात्री वाहनों व पैदल लोगों की जांच-पड़ताल के बाद भारतीय सीमा में प्रवेश करने दिया गया।

चुनाव के मद्देनजर भारत-नेपाल का बॉर्डर 72 घंटे पूर्व सील हो गया था। बुधवार की शाम 6 बजे से भारत और नेपाल बॉर्डर को सील कर दिया गया था। जिसके बाद दोनों तरफ बड़ी संख्या में भारतीय एवं नेपाली वाहन फंस गए थे। गुरुवार की दोपहर करीब एक बजे सरहद पर फंसे भारतीय ट्रकों एवं छोटे वाहनों को नेपाल पुलिस ने भारत में जाने की अनुमति दी। उसी तरह कस्टम से पास भारतीय सीमा में फंसे मालवाहक ट्रकों और यात्री बसों को जांच-पड़ताल के बाद नेपाल रवाना किया गया। एसएसबी सहायक सेनानायक अमित कुमार सिंह ने बताया कि सीमा पर गुरूवार को आवश्यक वस्तु व मेडिकल इमरजेंसी को लेकर पूर्व में जारी आदेश के अनुसार निगरानी एवं जांच के बाद वाहनों को आने-जाने दिया गया। ठूठीबारी संवाद के अनुसार गुरुवार को इंडो-नेपाल बार्डर पर लगे बैरियर को उठा दिया गया। इस संबंध में रूपन्देही जिले के डीएम गणेश आर्याल ने बताया कि उच्चाधिकारियों से वार्ता के बाद बेलहिया सीमा को खोल दिया गया है। शुक्रवार रात 10 बजे से शनिवार को मतदान होने तक बॉर्डर सील रहेगा।

# ट्रॉली पर लदी सात बोटा शीशम की लकड़ी बरामद



एसएसबी और पुलिस ने सात बोटा लकड़ी के साथ आरोपित को दबोचा।

**खनुआ, हिन्दुस्तान संवाद।** सशस्त्र सीमा बल 66वीं वाहिनी के चंडीथान व वनविभाग की संयुक्त टीम ने ट्रैक्टर ट्रॉली पर लदी सात बोटा शीशम की लकड़ी बरामद की।

कमांडेंट जगदीश प्रसाद धाबाई ने बताया कि वन विभाग के रेंजर राकेश कुमार और चंडीथान के बीओपी उप निरीक्षक रविन पंचा भाई जवानों के साथ गश्त कर रहे थे। तभी टीम ने भारत नेपाल सीमा के मुड़िला गांव के पिलर संख्या 527/17 के पास से ट्रैक्टर ट्रॉली की जांच की। उस पर शीशम की सात बोटा लकड़ी लदी थी। पूछताछ में उसकी पहचान नौतनवा थाना क्षेत्र के अड्डा बाजार, सिसवा तौसिफ निवासी दीपेंद्र चौरसिया के रूप में हुई।

# मतदान कल, आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

महराजगंज, निज संवाददाता। जिले में लोकसभा चुनाव के लिए 2084 बूथों पर मतदान शनिवार को होगा। इसके लिए पोलिंग पार्टियां शुक्रवार को सुबह से बूथों के लिए रवाना की जाएंगी। रवानगी के लिए गुरुवार को सभी तैयारियां पूरी कर ली गई। मतदान को निर्भीक, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व स्वतंत्र रूप से कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी अनुनय झा ने चुनाव से जुड़े सभी अधिकारियों को कड़े दिशा निर्देश दिए हैं।

प्रत्येक बूथ पर एक पीठासीन अधिकारी, एक मतदान अधिकारी प्रथम, एक मतदान अधिकारी द्वितीय, एक मतदान अधिकारी तृतीय शामिल हैं। इसके अलावा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी लगाए गए हैं। पोलिंग पार्टियां कलक्ट्रेट भवन से शुक्रवार सुबह से बूथों के लिए वाहनों से रवाना की जाएंगी। पोलिंग पार्टियों को बूथों तक सकुशल पहुंचाने के लिए कलक्ट्रेट परिसर में वाहनों को बूथवार आवंटित कर दिया गया है। इसमें कुल 6636 गाड़ियों को अधिग्रहित किया गया है।



पोलिंग पोर्टियों को बूथों तक ले जाने के लिए कलक्ट्रेट पसिसर में खड़े वाहन।

**मजिस्टे व माइक्रो आब्जर्वर रखेंगे नजर :** मतदान को पूरा कराने के लिए 112 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 20 जोनल मजिस्ट्रेट व 226 माइक्रो आब्जर्वर तैनात किए गए हैं। सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं। इसमें 25 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 4 जोनल मजिस्ट्रेट व 45 माइक्रो आब्जर्वर बूथों का लगातार निरीक्षण करेंगे।

## 50 फीसदी बूथों की होगी वेबकास्टिंग

लोकसभा चुनाव 2024 को निर्भीक, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से पूरा कराने के लिए इसबार 50 फीसदी बूथों का सीधा प्रसारण किया जाएगा। वेबकास्टिंग के माध्यम से बूथों पर पड़ने वाले मतदान की पूरी प्रक्रिया को लाइव दिखाया जाएगा। जिले से लेकर निर्वाचन आयोग के अधिकारी पूरी प्रक्रिया देख सकेंगे। कहीं भी गड़बड़ी होने पर तुरंत फोन करके उसमें सुधार कराया जा सकेगा। मतदान के लिए कुल 2084 बूथ बनाए गए हैं।

# आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां, मतदान कल

## 2084 मतदान केंद्रों पर 2004050 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग, 10 हजार कार्मिकों की चुनाव में लगी ड्यूटी

जागरण संवाददाता, महराजगंज: जिले में एक जून को मतदान होगा। चुनाव कराने के लिए शुक्रवार को 2084 पोलिंग पार्टियां कलेक्ट्रेट से रवाना होंगी। इसके लिए कलेक्ट्रेट में विधानसभावार पंडाल बनकर तैयार हो गए हैं। रवानगी स्थल और पार्किंग के लिए अलग-अलग काउंटर बनाते हुए स्थान निर्धारित कर दिया गया है। ताकि पोलिंग पार्टियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। मतदान कार्मिक इन स्थानों से निर्वाचन लेखन सामग्री, ईवीएम व वीवीपैट मशीन सहित अन्य जरूरी सामग्री प्राप्त कर अपने मतदान स्थलों के लिए प्रस्थान करेंगी।

मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। इसके लिए कुल 2084 मतदेय स्थल बनाए गए हैं।



कलेक्ट्रेट में पोलिंग पार्टियों को चुनाव सामग्री देने के लिए बनाए गए काउंटर• जागरण



कलेक्ट्रेट परिसर मे पोलिंग पार्टियों के लिए खड़ी बसें• जागरण

- कलेक्ट्रेट में रवानगी के लिए विधानसभावार पंडाल बनकर तैयार
- एक जून को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा मतदान

जहां 2004050 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव कराने के लिए 10 हजार कार्मिकों के अलावा 172 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 20 जोनल मजिस्ट्रेट और 174 माइक्रोआब्जर्वर की ड्यूटी लगाई गई है। जिलाधिकारी अनुनय झा ने बताया कि समस्त पोलिंग पार्टियां 31 मई को कलेक्ट्रेट से रवाना होंगी। एक जून को मतदान संपन्न कराने के बाद पुनः समस्त पोलिंग पार्टियां कलेक्ट्रेट परिसर में निर्वाचन सामग्री, अभिलेख एवं सील्ड ईवीएम, वीवीपैट अपने विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग आफिसर के काउंटर पर जमा करेंगी।

चुनावी ड्यूटी में तैनात सभी कार्मिक शुक्रवार की सुबह 10 बजे तक कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंच जाएंगे। फरेंदा की पोलिंग पार्टी ट्रेजरी के पश्चिम हाल, नौतनवा की पोलिंग पार्टी कलेक्ट्रेट के दक्षिण व पश्चिम हाल, सिसवा की पोलिंग पार्टी ट्रेजरी के उत्तरी हाल, महराजगंज की पोलिंग पार्टी कलेक्ट्रेट के पूर्वी हाल तथा पनियरा की पोलिंग पार्टी ट्रेजरी के पूर्वी हाल से रवाना होगी।

# आंधी–पानी से 60 पोल गिरे, ठप हुई बिजली

## कई स्थानों पर गिरे तार व पेड़, आवागमन भी रहा प्रभावित, मौसम बदलने से गर्मी से लोगों को मिली राहत

- बिजली गुल होने से 70 हजार की आबादी रही प्रभावित
- आंधी में दुकानों व संस्थानों के बोर्ड और होर्डिंग भी उड़े

जागरण संवाददाता, महराजगंज: जिले में गुरुवार को आंधी के साथ हुई वर्षा आफत बन गई। तेज आंधी के चलते विभिन्न स्थानों पर कुल 60 विद्युत पोल और जर्जर तार टूटकर गिर गए, जिससे जिले की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इस दौरान कई जगह झोपड़ी उड़ गई, वहीं दर्जनों पेड़ भी गिर गए। दुकानों व संस्थानों पर लगे बैनर, बोर्ड और होर्डिंग भी आंधी में उड़ गए।

गुरुवार के दिन पूरा मौसम गर्म रहा, जिससे लोग बेचैन रहे। लेकिन सायं छह बजे के बाद मौसम ने करवट बदला तो गर्मी से लोगों को राहत मिली। लेकिन आंधी पानी के चलते काफी क्षति हुई। विद्युत उपकेंद्र बैकुंठपुर में ट्रांसफार्मर में खराबी आने से महराजगंज क्षेत्र में आपूर्ति ठप हो गई। तुलसीपुर में विद्युत पोल और छोटक प्रजापति के मकान की टीनशेड तथा उद्योग चौराहे के पास स्ट्रीट लाइट गिर गई। आंधी के चलते सदर महराजगंज, परतावल, श्यामदेउरवा, पनियरा, घुघली, गंगी बाजार, सिसवा, आनंदनगर और नौतनवा के लक्ष्मीपुर के क्षेत्र में जगह-जगह पोल, तार और पेड़ गिरने से आवागमन प्रभावित रहा। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से पेड़ हटवाकर आवागमन बहाल करने की कोशिश की जाती रही। अधीक्षण अभियंता खाईपी सिंह ने कहा कि आंधी पानी के चलते विभिन्न स्थानों पर कुल 60 विद्युत पोल गिर गए हैं। कर्मचारियों को भेजा गया है। ताकि इसे ठीक कराकर आपूर्ति बहाल कर दी जाए।


आंधी-पानी में जिला उद्योग चौराहा पर गिरी स्ट्रीट लाइट • जागरण


आंधी-पानी में नगर के टेढ़वा कुटी के पास गिरा विद्युत पोल • जागरण


आंधी-पानी के दौरान तुलसीपुर के पास गिरा विद्युत पोल • जागरण


कलेक्ट्रेट परिसर में आंधी के चलते गिरा टेंट • जागरण

# रिश्तेदार के घर, होटल में ठहरने पर होगी कार्रवाई

## पुलिस लाइन में हुई बैठक में प्रेक्षक ने कार्मिकों को निष्ठा से दायित्वों का निर्वहन करने का दिया निर्देश

- बूथ से अन्यत्र कहीं रखा मिला ईवीएम तो होगी कार्मिकों पर कार्रवाई
- बूथ के दो सौ मीटर की परिधि में नहीं खड़े हो सकेंगे कोई वाहन

जागरण संवाददाता, महराजगंज: लोकसभा चुनाव में मतदान प्रक्रिया को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराए जाने के लिए पुलिसलाइन में सामान्य प्रेक्षक गुरप्रीत कौर सपरा की अध्यक्षता में एआरओ, जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर आफिसर पुलिस की बैठक हुई। प्रेक्षक ने कहा कि मतदान प्रक्रिया में तैनात सभी जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट निष्ठा से कार्य करें और आचार संहिता का अनुपालन करें। कोई भी अधिकारी व मतदानकार्मिक अपने रिश्तेदार, किसी परिचित, लाज या होटल में नहीं ठहरेगा। यदि जांच में ईवीएम मशीन निर्धारित बूथ से अन्यत्र कहीं पर रखा हुआ मिलता है अथवा इससे जुड़ा कोई वीडियो प्राप्त होता है, तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मतदान के समय कहीं कोई बाहरी नंबर की गाड़ी दिखाई दे तो उसकी भी निगरानी की जाए। कोई भी वाहन बूथ से 200 मीटर बाहर खड़ी नहीं होगी।

जिलाधिकारी अनुनय झा ने कहा कि सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट बैठक के बाद बूथों का भ्रमण कर संबंधित एआरओ को रिपोर्ट प्रस्तुत करें। भ्रमण के दौरान बूथों पर टेंट व पानी आदि की व्यवस्था देखें। अगर किसी बूथ पर कमी नजर आए तो उसकी सूचना अपने उच्चाधिकारी दें। उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता बूथ पर या बूथ के अन्दर किसी प्रकार का ज्वलनशील पदार्थ न ले जाने पाए। बूथो पर दिव्यांग व बुजुर्ग व्यक्तियों की सहायता के लिए वोटर साथी लगाए गए हैं, उनकी उपस्थिति को भी जांच लें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में तैनात सभी जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस आफिसर एक दूसरे से समन्वय स्थापित कर लें, जिससे कहीं कोई परेशानी होने पर उसका निस्तारण सुगमतापूर्वक सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान पुलिस प्रेक्षक अनुरंजन किस्कोट्टा, व्यय प्रेक्षक जितेंद्र पटेल, रविरोज खोगरे, पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना, डीएफओ नवीन कुमार शाक्य, उप निर्वाचन अधिकारी डा. पंकज कुमार वर्मा सहित सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस आफिसर,व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।


पुलिस लाइन में हुई बैठक में उपस्थित चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारी व कर्मचारी• जागरण



बैठक को संबोधित करती सामान्य प्रेक्षक गुरप्रीत कौर सपरा • जागरण

यह और अन्य खबरें देखें-
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# 390 बूथों की निगरानी करेंगे चार जोनल व 21 सेक्टर मजिस्ट्रेट

- एसडीएम ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ समीक्षा बैठक में दिए जरूरी निर्देश
- 14 पीठासीन अधिकारियों को सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु दिए जाएंगे सिमकार्ड

जागरण संवाददाता, नौतनवा : उपजिलाधिकारी नंद प्रकाश मौर्य ने गुरुवार की शाम नौतनवा तहसील क्षेत्र के समस्त 21 सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक कर उनसे मतदेय स्थलों और पोलिंग पार्टियों के रूट चार्ट की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा जरूरी दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम नंद प्रकाश मौर्य ने बताया कि नौतनवा क्षेत्र के 230 मतदान केंद्रों पर बने 390 मतदेय स्थलों पर मतदान प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने के चार जोनल मजिस्ट्रेट व 21 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।

प्रत्येक मतदान बूथ आवश्यक सुविधाओं से लैस कर दिए गए हैं। प्रचंड धूप को देखते हुड मतदान केंद्रों पर छाया के लिए टेंट लगाए जाएंगे। सीमावर्ती 14 बूथ के पीठासीन अधिकारियों को सूचनाओं के आदान प्रदान के लिए सिमकार्ड भी दिए जाएंगे। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि यदि किसी भी कारण से ईवीएम मशीन बदली जाती है तो तत्काल इसकी सूचना उन्हें देंगे। हर गतिविधि पर पैनी निगाह बनाए रखेंगे, कहीं से भी कोई असहज स्थिति उत्पन्न होती है तो तत्काल इसकी सूचना देना सुनिश्चित करेंगे, जिससे समस्या के समाधान हेतु समय रहते आवश्यक प्रयास किए जा सकें। नायब तहसीलदार सौरभ श्रीवास्तव, सेक्टर मजिस्ट्रेट डा. पीएम त्रिपाठी, डा. प्रवीण मिश्र, बृजेश वर्मा, सुनील कुमार, रामाशीष भारती, डा. बृजेश कुमार, अरुण सिंह, विनय कुमार, मो. शकील अहमद अंसारी, संदीप कुमार चौहान मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

कोठीभार : सिसवा में गुरुवार को एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस और पैरामिलिट्री के जवानों ने फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व सिसवा चौकी प्रभारी राजेन्द्र कुमार ने किया। यह फ्लैग मार्च सिसवा के विभिन्न संवेदनशील जगहों पर किया गया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोगों से अपील की गई है कि अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति या सामान संदिग्ध दिखे तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। (जासं)

# हत्या के पर्दाफाश में लगी तीन पुलिस टीमें, प्रेम प्रसंग से जुड़ रहा मामला

जासं, महराजगंज : पनियरा के नरकटहां टोला रजही में ईंट से कूंचकर की गई किशोरी संजना की हत्या के पर्दाफाश के लिए एसओजी (स्पेशल आपरेशन ग्रुप), स्वाट (स्पेशल विपंस एंड टैक्टिस) के अलावा पनियरा पुलिस टीम लगाई गई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में अब तक पूरा मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ रहा है, हालांकि पुलिस की टीमें अन्य तथ्यों को लेकर भी जांच कर रही है। घर से 50 मीटर दूर घटना स्थल को देखने पर लगता है, कि घटना उसी स्थान पर हुई है। हत्या में जिस ईंट का प्रयोग किया गया है, उसी मार्का के ईंट से रामसनेही के मकान का निर्माण भी हो रहा है, माना जा रहा है कि आरोपित ने ईंट वहीं से लिया होगा। वहीं पुलिस ने मोबाइल काल डिटेल के जरिए एक ऐसा मोबाइल नंबर ढूंढा है जिससे उसकी लगातार बात होती रही है। पुलिस मामले को प्रेम प्रसंग से भी जोड़कर देख रही है, हालांकि इस संबंध में अभी कुछ स्पष्ट तथ्य सामने नहीं आया है। पुलिस यह जानने में लगी है घटना के वक्त उस क्षेत्र में कौन-कौन से मोबाइल नंबर एक्टिव थे।

## लोकसभा चुनाव : 49,500 सुरक्षाकर्मी मतदान केंद्रों पर संभालेंगे सुरक्षा की कमान

### सातवें चरण में कल गोरखपुर मंडल के जिलों में होना है मतदान, मंडल के चार जिलों में 6,408 मतदान केंद्र और 7,600 मतदेय स्थल पर पड़ेंगे वोट



महराजगंज

कुशीनगर

देवरिया में दो सीट

### 32 जोन व 293 सेक्टर में बांट कर होगी गोरखपुर में चुनाव की निगरानी

# मतदान कल, आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

## 6636 गाड़ियों को अधिग्रहित किया गया, कलक्ट्रेट परिसर में लगा टेंट

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** लोकसभा के लिए 2084 बूथों पर मतदान शनिवार को होगा। इसके लिए पोलिंग पार्टियां शुक्रवार को सुबह से बूथों के लिए रवाना की जाएंगी। रवानगी के लिए बृहस्पतिवार को सभी तैयारियां पूरी कर ली गईं। मतदान को निर्भीक, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व स्वतंत्र रूप से कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी अनुनय झा ने चुनाव से जुड़े सभी अधिकारियों को कड़ा दिशा निर्देश दिया है।

बूथों के लिए 2084 पोलिंग पार्टियां बनाई गई हैं। इसमें प्रत्येक बूथ पर एक पीठासीन अधिकारी, एक मतदान अधिकारी प्रथम, एक मतदान अधिकारी द्वितीय, एक मतदान अधिकारी तृतीय शामिल हैं। इसके अलावा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी लगाए गए हैं। पोलिंग पार्टियां कलक्ट्रेट भवन से शुक्रवार सुबह से बूथों के लिए वाहनों से रवाना की जाएंगी। पोलिंग पार्टियों को बूथों तक सकुशल पहुंचाने के लिए कलक्ट्रेट परिसर में वाहनों को बूथवार आवंटित कर दिया गया है। इसमें कुल 6636 गाड़ियों को अधिग्रहित किया गया है।

शुक्रवार को सुबह ही पता चल सकेगा कि किस पोलिंग पार्टी को किस बूथ पर जाना है। कलक्ट्रेट परिसर में पहले मौजूद चालक गर्मी से बचाव के लिए इधर-उधर पेड़ की छांव में बैठे रहे। परिसर में टेंट लगाया जा चुका है। परिसर में विधानसभावार टेंट लगाकर अलग-अलग काउंटर बनाया गया है।

डयूटी में लगे कर्मियों को फोन कर समय से आने की जानकारी दी गई। अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि सभी तैयारी पूरी हो चुकी है। मतदान कर्मियों को समय से गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वाहन की व्यवस्था है।

### इधर से गुजरेंगे बड़े वाहन, शहर में नहीं करेंगे प्रवेश

**सिसवा** घुघुली की तरफ से आने वाले सभी भारी वाहन, कामर्शियल वाहन जिनको फरेंदा के तरफ जाना हो, वह शिकारपुर परतावल पनियरा, कैंपियरगंज होकर फरेंदा जाएंगे। निचलौल की तरफ से आने वाले सभी भारी वाहन कामर्शियल वाहन जिनको फरेंदा, गोरखपुर रोड की ओर जाना हो वह सिंदुरिया से शिकारपुर परतावल होकर जाएंगे। चौक रोड से आने वाले सभी भारी, कामर्शियल वाहन जिनको फरेन्दा, गोरखपुर की ओर जाना हो वह वाहन झंझनपुर से सिंदुरिया शिकारपुर, परतावल होकर जाएंगे। फरेंदा की ओर से आने वाले सभी भारी/कामर्शियल वाहन जिनको निचलौल, चौक, सिंदुरिया शिकारपुर जाना हो वह कैंपियरगंज, पनियरा, परतावल, शिकारपुर, सिंदुरिया होकर जाएंगे। कुशीनगर, कप्तानगंज से आने वाले वाहन परतावल होकर अपने गंतव्य की ओर से जाएंगे। गोरखपुर की तरफ आने वाले सभी भारी और कामर्शियल वाहन को परतावल बाजार से ही डायवर्जन किया जाएगा।

# 72 घंटे के लिए सील भारत-नेपाल बॉर्डर 18 घंटे में खुला

## शुक्रवार रात 10 बजे से शनिवार को मतदान होने तक बॉर्डर रहेगा सील

संवाद न्यूज एजेंसी

**सोनौली।** भारत-नेपाल सीमा सोनौली बॉर्डर को बुधवार की शाम 6 बजे से 72 घंटे के लिए सील किया गया था, लेकिन मालवाहक ट्रकों और यात्रियों के आवागमन को लेकर 18 घंटे के बाद बृहस्पतिवार को एक बजे खोल दिया गया। मालवाहक ट्रक और छोटे वाहन यात्रियों को प्रवेश की अनुमति दी जा रही है।



सोनौली बॉर्डर पर खड़े यात्री। संवाद

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारत-नेपाल का बॉर्डर 72 घंटे पूर्व सील हो गया था। चुनाव को लेकर भारत के अधिकारी सीमा का दौरा कर निगरानी और जांच के निर्देश दे रहे हैं। सीमा पर आवागमन पर लगी रोक हटा दी गई है। बुधवार की शाम 6 बजे से भारत-नेपाल बॉर्डर सील कर दी गई थी। इसके बाद दोनों तरफ भारतीय एवं नेपाली वाहन फंस गए थे। बृहस्पतिवार की दोपहर करीब एक बजे सरहद पर फंसे सैकड़ों भारतीय ट्रक एवं छोटे वाहनों को नेपाल पुलिस ने भारत में जाने की अनुमति दी। उसी तरह कस्टम के पास भारत में फंसे मालवाहक ट्रकों और यात्री बसों को नेपाल रवाना किया गया। शनिवार को मतदान को लेकर सीमा पर चौकसी तेज की गई है। साथ ही पगडंडियों पर पुलिस और एसएसबी द्वारा संयुक्त गश्त किया जा रहा है।

एसएसबी सहायक सेनानायक अमित कुमार सिंह ने बताया कि सीमा को पूर्ण रूप से खोल दिया गया है। निगरानी एवं जांच के निर्देश दिए गए हैं। शनिवार मतदान के दिन बॉर्डर पर आवागमन के लिए रोक रहेगी।

रूपनदेही जिले के डीएम गणेश आर्याल ने बताया कि भारती अधिकारियों से वार्ता के बाद बेलहिय सीमा को खोल दिया गया है। शुक्रवा रात 10 बजे से शनिवार मतदान हों तक बॉर्डर सील रहेगा।

### सिद्धार्थनगर बार्डर से रवाना हुए पर्यटक

**महराजगंज।** भारत नेपाल सीमा दोपहर तक सील रही। बृहस्पतिवार को भूलवश करीब 20 पर्यटक बार्डर से वापस सिद्धार्थनगर बार्डर से रवाना हुए। उनको महंगे दाम पर गाड़ी बुक कर जाना पड़ा। टूर ऑपरेटरों ने मौके का फायदा उठाते हुए मुंहमांगी रकम लेकर गाड़ियों की बुकिंग की। सोनौली कस्बे में सुबह 11 बजे से सुरक्षा कर्मी बार्डर पर पैनी नजर रखे रहे। शहर में आवागमन सामान्य रहा। हर रोज की तरह से ज्यादा चहल पहल नहीं दिखी। इस बीच पेट्रोलियम, गैस और फल सब्जी आवश्यक जरूरी सामान के वाहनों को नेपाल भेजा गया। दिल्ली, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र से भूलवश आने वाले पर्यटकों को यहां से सिद्धार्थनगर बॉर्डर की ओर ले जाया जा रहा है। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 31-05-2024

# संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की मौत

**नगर बाजार (एसएनबी)**। नगर थाना क्षेत्र के चंदोताल में तीना काटने गए एक वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। काफी खोजबीन के बाद दूसरे दिन शव को बरामद किया गया, जिसके बाद परिजनों ने उसका दाह संस्कार कर दिया। नगर थाना क्षेत्र के ग्राम फुलवरिया निषाद निवासी 65वर्षीय उदयराज बुद्धवार की सुबह लगभग आठ बजे घर से साईकिल लेकर चन्दोलात के पास तीना काटने के लिए गये थे। लेकिन देर शाम तक घर नही लौटे। परिजनों ने उनकी खोजबीन किया तो ताल के पास उनकी साईकिल मिली। शाम हो जाने से उन्हें नही खोजा जा सका लेकिन गुरूवार को ग्रामीणो के साथ परिजनों ने फिर से उनकी खोजबीन शुरू किया। दोपहर मे संदिग्ध परिस्थितियों में उनका शव ताल के पास से बरामद हुआ। खबर लिखे जाने तक वृद्ध का मौत का स्पष्ट कारण नही पता चल सका है।

# आरोपियो की धमकी से भयभीत दलित परिवार पलायन को तैयार

**बभनान(एसएनबी)**। पैकोलिया थानाध्यक्ष दलित पर हुये जानलेवा हमले के आरोपियो पर खूब मेहरबान है। आरोपी खुलेआम घूमकर गांव मे दलित परिवार को जान से मार डालने की धमकी दे रहे है जिससे भयभीत दलित परिवारअपनी सम्पत्ति बेचकर गांव छोड पलायन करने को मजबूर हो रहा है। बताते चले के पैकोलिया थाना क्षेत्र के मुसही गांव निवासी राम किशुन को दबंगो ने मारपीट कर अधमरा कर दिया था जो चार दिनो से मेडिकल कालेज मे जिंदगी और मौत के बीच जंग लड रहा है। इस मामले मे पुलिस ने चार लोगो के बिरुद्ध धारा 307, 308, 323, 504, 506,आईपीसी व दलित उत्पीड़न एक्ट के तहत नामजद मुकदमा काफी जद्दोजहद के बाद दर्ज किया मगर आरोपियो को गिरफ्तार करने से कतरा रही है । खुलेआम घूम रहे आरोपी दलित परिवार को जान से मार डालने के बाद जेल जाने की धमकी दे रहे जिससे भयभीत दलित परिवार थानाध्यक्ष को तहरीर देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# अवैध आरा मशीन हुई सील

**बस्ती (एसएनबी)।** बनकटी विकास खण्ड के अमानाबाद में संचालित अवैध आरा मशीन को जिला प्रशासन ने जांच के बाद सील कर दिया। प्रशासनिक कार्यवाही के बाद बिना लाइसेन्स के आरा मशीन का संचालन करने वाले संचालको में हड़कम्प मचा है। उप जिलाधिकारी सदर शत्रुघ पाठक को बिना किसी वैध कागजात के आरा मषीन के



संचालन किये जाने की शिकायत मिली थी। शिकायत के आधार पर एसडीएम सदर के साथ डीएफओ व वन विभाग सर्किल एक के उप निरीक्षक के साथ पुलिस टीम भी अमानाबाद पहुंची जहां अवैध रूप से आरा मशीन का संचालन किये जाने की स्थिति पता चली। टीम ने फाउण्डेशन से आरा मशीन को हटवाकर संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की बात कहते हुए मशीन संचालन स्थल को सील कर दिया। टीम ने आरा मशीन संचालक गोरख व अशरफ के विरुद्ध वन विभाग के माध्यम से विभागीय कार्यवाही कराते हुए मुण्डेरवा पुलिस को भी पूरे प्रकरण से अवगत कराया गया।

# लेखपाल को मारने-पीटने में दो नामजद, तीन पर केस

**हर्रैया(एसएनबी)।** तहसील क्षेत्र के माझिल गांव में तैनात लेखपाल प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव को मारने पीटने के मामले में पुलिस ने छावनी थाना क्षेत्र के माझिल गांव निवासी विशाल उर्फ मोहन दूबे पुत्र कृष्ण कुमार, शिवम तिवारी पुत्र घनश्याम तिवारी निवासी सहजौरा पूरे दुखी तथा तीन अज्ञात के विरूद्ध अपराध संख्या 99/2024 धारा 147, 148, 323, 504, 506, 332 तथा 427 के तहत आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# गाजीपुर व सोनभद्र में चुनाव कराएगी बस्ती पुलिस

**बस्ती, निज संवाददाता।** सातवें व अंतिम चरण में एक जून को मतदान के लिए जिले से गाजीपुर और सोनभद्र जिले के लिए पुलिस फोर्स रोडवेज बसों में सवार होकर सिपाही-दारोगा रवाना हो गए। इस दौरा एसपी गोपालकृष्ण चौधरी हरी झंडी दिखाकर फोर्स को रवाना किया। फोर्स की रवानगी से पहले ने उन्हें संबोधित किया। उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों को चुनाव का महत्त्व बताया और प्रेरित किया कि वह पूरी ईमानदारी के साथ पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने में अपनी भूमिका निभाएं।

इस बाबत पूछे जाने पर पुलिस कप्तान गोपालकृष्ण चौधरी ने बताया कि आखिरी चरण के मतदान के लिए जिले के 800 पुलिस कर्मी गाजीपुर व सोनभद्र जिले के लिए भेज गए हैं। वहां से चुनाव कराने के बाद दो जून वापस जनपद में आ जाएंगे। यहां पर इनकी ड्यूटी मतगणना में लगाई जाएगी।

# विवाद के बीच बचाव में आये युवक की पिटाई, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** एक व्यक्ति की दुकान के सामने दो बाइक की भिडन्त के बाद आपस में विवाद कर रहे लोगो को रोकने पर उसे मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लोगो पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत सदर अस्पताल गेट स्थित बहरैची की दुकान के पहले दो बाइक की आमने सामने की भिडन्त हो गयी। जिसके बाद दोनो द्वारा भीड़ इकट्ठा कर आपस में विवाद करने लगे। यह देख अश्वनी कुमार पाण्डेय द्वारा बीच बचाव किया गया तो विपक्षी ने उसे गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान पोखरभिटवा निवासी प्रहलाद सिंह ने भी उन्हें ऐसा करने से रोका तो उनकी भी पिटाई की गयी। मामले में पीड़ित अश्वनी कुमार पाण्डेय पुत्र अवध नारायण पाण्डेय निवासी जामडीह पाण्डेय थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने दो अज्ञात लोगो के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# घरेलू विवाद को लेकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

बस्ती (एसएनबी)। घरेलू विवाद की बात को लेकर कुछ लोगो ने मिलकर एक व्यक्ति को गालियां देते हुए मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। पुरानी बस्ती थानान्तर्गत नरहरिया गांव में घरेलू विवाद की बात को लेकर राम सागर यादव को विपक्षी हरीराम व अन्य लोगो ने मिलकर पहले गालियां दी। जिन्हें ऐसा करने से राम सागर द्वारा मना करने पर उन्हें मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित राम सागर यादव पुत्र हरीराम यादव निवासी नरहरिया काली मंदिर के पास थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी हरीराम पुत्र जोखू प्रसाद, शिवसागर पुत्र हरीराम यादव, रोशनी पत्नी शिवसागर निवासीगण नहरिया काली मंदिर के पास थाना पुरानी बस्ती के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# शान्तिभंग की आशंका में तीन लोग गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** शान्तिभंग करने की आशंका में पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने क्षेत्र से तीन अभियुक्तो को गिरफ्तार करते हुए उन्हें जेल भेजा है। उपनिरीक्षक अनिल कुमार ओझा, हेड कांस्टेबल मनोज राय की टीम ने अभियुक्त हरिराम यादव पुत्र जोखू यादव, शिवसागर व रामसागर पुत्रगण हरिराम निवासीगढ़ नरहरिया काली मंदिर के पास थाना पुरानी बस्ती को शान्ति व्यवस्था भंग होने की सम्भावना के दृष्टिगत धारा 151, 107, 116 सीआरपीसी में चालान करते हुए गिरफ्तार किया तथा न्यायालय एसडीएम सदर के समक्ष रवाना किया गया।

# बिना लाइसेंस के संचालित होटल सील

हर्रैया। लेखपाल प्रेमप्रकाश श्रीवास्तव को कार में बैठाकर अगवा करने व पिटाई के मामले में फरार आरोपियों की गिरफ्तार को लेकर लेखपाल संघ आक्रोशित है। गुरुवार को हर्रैया लेखपाल संघ अध्यक्ष कृष्णमोहन पटेल की अध्यक्षता में लेखपाल संघ ने कार्य बहिष्कार कर तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन किया। पुलिस से आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। एसडीएम हर्रैया विनोद कुमार पांडेय ने आरोपियों को जल्द गिरफ्तारी भरोसा देकर कार्य बहिष्कार खत्म करवाया। पुलिस ने लेखपाल की तहरीर के आधार पर आरोपी विशाल उर्फ मोहन तिवारी निवासी मझिलगांव थाना छावनी और शिवम तिवारी निवासी शहजौरा पूरे दुखी गांव व तीन अज्ञात के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

बहुचर्चित राहुल मद्देशिया अपहरण केस में भगोड़ा घोषित हैं अमरमणि

# पूर्व मंत्री अमरमणि के मामले में 7 जून को होगी सुनवाई

**अदालत**



- कोतवाली पुलिस ने सुनवाई के दौरान नहीं पेश की आख्या
- पिछली बार पुलिस फोर्स बाहर होने का हवाला देकर मांगी थी मोहलत

## 23 साल पुराना है अपहरण का केस

छह दिसंबर वर्ष 2001 में बस्ती कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर के धर्मराज गुप्त के बेटे का अपहरण हो गया था। तत्कालीन विधायक अमरमणि त्रिपाठी के लखनऊ स्थित आवास से पुलिस ने धर्मराज के बेटे को बरामद किया था। इस मामले में पूर्व विधायक समेत नौ लोग आरोपित रहे हैं। इनमें पूर्व विधायक अमरमणि त्रिपाठी के खिलाफ 82 सीआरपीसी और नैनीश शर्मा, शिवम उर्फ रामयज्ञ के खिलाफ कोर्ट ने भगोड़ा घोषित कर केस दर्ज करने का आदेश दिया था।

बस्ती, निज संवाददाता। बहुचर्चित राहुल मद्देशिया अपहरण कांड में भगोड़ा घोषित पूर्वमंत्री अमरमणि की संपत्तियों की तलाश करने व कुर्की की आख्या पुलिस अदालत में नहीं दे सकी। गुरुवार को इस मामले की सुनवाई थी। कोर्ट में पुकार के बाद पत्रावली पेश की गई, अभियुक्त गैरहाजिर रहे। अदालत ने अगली तारीख सात जून को आख्या तलब की है। विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम प्रमोद कुमार गिरि की अदालत ने 30 मई 2024 का वक्त दिया था। लेकिन पुलिस की ओर से कोई आख्या प्रस्तुत नहीं की गई। अदालत ने आदेश दिया कि अगली पेशी सात जून 24 को वास्ते इंतजार कोर्ट में आख्या प्रस्तुत करें।

कोतवाली पुलिस अदालत में पिछली डेट पर याचना कर जानकारी दी कि 13 अप्रैल 24 को महराजगंज की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है। लोकसभा चुनाव में फोर्स के व्यस्त होने के कारण लखनऊ की प्रापर्टी कुर्क नहीं की जा सकी है। लिहाजा उसे लोकसभा चुनाव 2024 तक मोहलत दे दी जाए। गौरतलब है कि लखनऊ के विक्रांत खंड में अमरमणि के नाम से 450 वर्गमीटर भूखंड जिसकी कीमत एक करोड़ 18 लाख 80 हजार रुपये कीमत की आकी गई है। यहां पर कुर्की की कार्रवाई फिलहाल प्रक्रिया में है। एमपी-एमएलए कोर्ट में अब अमरमणि प्रकरण की सुनवाई अब सात जून 24 को नियत की गई है।

# सिद्धार्थनगर से दिल्ली जा रही नेपाली टूथपेस्ट बरामद

**तस्करी**

**सल्टौआ, हिसं।** सोनहा थानाक्षेत्र के असनहरा पुलिस चौकी पर पकड़ी गई डीसीएम में मक्के के आड़ में नेपाली टूथपेस्ट तस्करी का मामला सामने आया है। वाणिज्य कर के असिस्टेंट कमिश्नर विकास गुप्ता व सीमा शुल्क आयुक्त कार्यालय लखनऊ की सयुंक्त टीम ने डीसीएम पर लगे त्रिपाल को हटवाया। अंदर मक्के का बोरा मिला और उसके नीचे गत्ते में नेपाली टूथपेस्ट बरामद हुई। जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 20 लाख बताई जा रही है। लखनऊ से आई कस्टम की टीम ने डीसीएम के साथ ही चालक को अपने कब्जे में ले लिया और लखनऊ रवाना हो गई। सीमा शुल्क लखनऊ हेडक्वार्टर की टीम के अधीक्षक आरजी राम ने बताया कि डीसीएम में किसान ट्रेडर्स के नाम से मक्का की रसीद है। जिसे सिद्धार्थनगर से दिल्ली भेजा जा रहा था। लेकिन उसके नीचे काफी मात्रा में गत्ते रखे मिले, जिसके अंदर नेपाली टूथपेस्ट बरामद हुआ।

उन्होंने बताया कि लखनऊ की टीम को बुधवार को ही इस बात का इनपुट मिला था कि एक डीसीएम में नेपाल से तस्करी का माल दिल्ली भेजा जा रहा है। टीम गुरुवार को सिद्धार्थनगर जा रही थी। रास्ते में बस्ती जिले की सोनहा पुलिस से संपर्क किया गया तो पता चला कि बुधवार को ही इस डीसीएम को पुलिस ने संदेह के आधार पर कस्टडी में ले लिया था और इसकी जानकारी वाणिज्य कर विभाग को दे दी थी। वाणिज्य विभाग की जीएसटी टीम असनहा चौकी पर पहुंची थी और जांच के बाद गाड़ी को पुलिस हिरासत में देकर बस्ती रवाना हो गई थी। पूछताछ में पता चला था कि अंदर साबुन व टूथपेस्ट लदा है। जीएसटी टीम ने वाहन व उसमें रखे माल को सीमा शुल्क लखनऊ की टीम को हैंडओवर कर दिया।

**मक्के की भी जांच करेगी कस्टम**

**टीम :** सीमा शुल्क लखनऊ हेडक्वार्टर की टीम के अधीक्षक आरजी राम ने बताया कि लखनऊ पहुंचने के बाद इस बात की भी जांच की जाएगी कि डीसीएम में लदा मक्का भारत का है या नेपाल का। उसे चेक कराकर आगे की कारवाई की जाएगी। कार्रवाई सीमा शुल्क के इंस्पेक्टर डीएस यादव, अंकित मल्ल, सिपाही राकेश सुधीर व चौकी इंचार्ज असनहरा जयशंकर पांडेय मौजूद रहे।



नेपाली टूथपेस्ट पकड़े जाने की जांच करती कस्टम लखनऊ व वाणिज्य कर बस्ती की टीम।

**कौशाम्बी का रहने वाला है चालक**

डीसीएम के साथ हिरासत में लिए गए चालक की पहचान इंद्रजीत निवासी पूरब शरीरा थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी के रूप में हुई। पूछताछ में उसने बताया कि उसे सिर्फ मक्का लोड करने के लिए बुलाया गया था। सोनहा क्षेत्र के दुबौली चौराहे के एक गोदाम के पास एक ट्रक आया और उसमें रखा गत्ता उतारकर डीसीएम में रखवा दिया गया। इसके अलावा नेपाल से सामान आने के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

# भूमि के विवाद में दी धमकी, चार नामजद

**बस्ती (एसएनबी)।** पुराने भूमि विवाद की बात को लेकर एक व्यक्ति को विपक्षीगणो ने मिलकर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। नगर थानान्तर्गत खुटहन पेट्रोल पम्प के सामने पुरानी जमीनी रंजिश को लेकर इन्द्रेश सिंह को विपक्षी गिरजेश सिंह, दुर्गेश सिंह, संदीप सिंह व हरिप्रकाश सिंह द्वारा मारने की कोशिश की गयी तथा गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दिया। मामले में पीड़ित इन्द्रेश सिंह पुत्र लवकुश सिंह निवासी महरीपुर थाना नगर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी गिरजेश सिंह, दुर्गेश सिंह पुत्रगण रवि प्रताप सिंह, संदीप सिंह पुत्र शत्रुहन सिंह, हरिप्रकाश सिंह पुत्र हरिश्चन्द्र सिंह निवासीगण महरीपुर थाना नगर के विरूद्ध धारा 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पैसे के लेन-देन में मारपीट, केस दर्ज

बस्ती। नगर क्षेत्र के मोहटा पुल के पास अगईभगाड़ निवासी अशोक राजभर की उसके गांव के ही दो लोगों ने पिटाई कर दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अमित सिंह, सद्दाम उर्फ अभिषेक सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर घटना की जांच शुरु कर दी है।

# किशोरी संग दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

बस्ती। कोतवाली क्षेत्र की एक किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी भी किशोर बताया गया है। किशोरी को धमका कर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब इस बात की शिकायत पीड़िता की मां ने ननिहाल में रह रहे आरोपी किशोर की मामी की तो उल्टे उसे ही जान से मारने की धमकी देने लगी। दर्ज रिपोर्ट में किशोरी की मां ने बताया कि आरोपी लालगंज थानाक्षेत्र का रहने वाला है। वह कोतवाली क्षेत्र में अपनी मामी के घर पर रहता था। शहर कोतवाल विजय दुबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत किशोर व उसकी मामी के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपी किशोर को गिरफ्तार कर लिया गया है।



गुरुवार को मुंडेरवा के अमानाबाद में अवैध आरा मशीन पर छापेमारी करने पहुंची एसडीएम सदर व वन क्षेत्राधिकारी की टीम। • हिन्दुस्तान

# अवैध रूप से चल रही दो आरा मशीनों को टीम ने उखड़वाया

- डीएम के निर्देश पर एसडीएम व वन अफसरों ने की छापेमारी
- मुंडेरवा के अमानाबाद में संचालित हो रहे थी दो अवैध आरा मशीन

मुंडेरवा (बस्ती), हिसं। जिले के मुंडेरवा थानाक्षेत्र में अवैध आरा मशीनों का संचालन एक बार फिर सुर्खियों में है। प्रकरण में डीएम अंद्रा वामसी स्तर से संज्ञान लेने के बाद विभाग भी एक्शन मोड में आ गया है। गुरुवार को डीएम के निर्देश पर एसडीएम सदर शत्रुघ्न पाठक व वन क्षेत्राधिकारी अजय प्रताप सिंह के साथ टीम नेआरा मशीनों पर छापेमारी की। इस दौरान अवैध रूप से संचालित होती मिली दो आरा मशीनों पर कार्रवाई की गई। अफसरों ने मशीन को उखड़वाने के साथ ही उसके फाउंडेशन को भी तोड़वा दिया। विभागीय कार्रवाई से अवैध आरा मशीन संचालकों में हड़कंप है।

प्रशासन व वन विभाग को यह जानकारी मिली थी कि मुंडेरवा थानाक्षेत्र के अमानाबाद में बिना लाइसेंस के दो आरा मशीन संचालित हो रही हैं। गुरुवार को डीएम के निर्देश पर पहुंचे एसडीएम, वन क्षेत्राधिकारी, वन दरोगा की टीम ने अमानाबाद पहुंच कर अवैध रूप से संचालित दोनों आरा मशीनों को बंद करा दिया। आरा मशीन को उखड़वाने के साथ फाउंडेशन को तोड़वा दिया। अधिकारियों ने बताया कि दोनों आरा मशीनों के संचालक गोरख और अशरफ के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### जनपद में मतगणना के लिए 6.30 बजे खोला जाएगा ईवीएम स्ट्रांग रूम

# पांच पंडालों में होगी मतगणना सभी में लगेंगे 14-14 टेबल

- चार जून को कोषागार से गणना स्थल पहुंचाया जाएगा पोस्टल बैलेट
- छठवें पंडाल में होगी पोस्टल बैलेट की गणना, एजेंट होंगे तैनात

बस्ती, निज संवाददाता। लोकसभा चुनाव के मतगणना की तैयारियां तेज हो गई हैं। मतगणना के लिए विधानसभावार पांच पंडाल बनाए जाएंगे। छठवें पंडाल में पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। प्रत्येक पंडाल के लिए निर्धारित मतगणना एजेंट तैनात होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रत्याशियों को पत्र भेजकर मतगणना एजेंटों की तैनाती कराने को कहा है। मतगणना स्थल पर हाईस्पीड इंटरनेट की भी व्यवस्था की जा रही है।

लोकसभा क्षेत्र के पांच विधानसभा क्षेत्र हर्रैया, कप्तानगंज, रुधौली, बस्ती सदर और महादेवा के लिए पांच पंडाल बनाए गए हैं। प्रत्येक पंडाल में 15 टेबल लगेगा, 14 टेबलों पर मतगणना होगी। एक टेबल एआरओ का होगा, जहां पर 14 टेबल के परिणामों की फीडिंग होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी नौ प्रत्याशियों को लिखे पत्र में कहा है कि प्रत्येक विधानसभा के लिए 15-15 मतगणना एजेंटों के आवेदन-पत्र दो फोटो के साथ समय से आरओ को उपलब्ध करा दें, जिससे उनके पास निर्गत किया जाए। पांचों विधानसभा क्षेत्र के लिए सभी प्रत्याशियों को 75 एजेंटों की तैनाती करनी है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा एक और पंडाल लगेगा। इस पंडाल में पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। यह पंडाल संख्या छह कहलाएगा। यहां पर गिनती के लिए 10 टेबल लगाए जाएंगे। इन 10 टेबलों पर भी मतगणना एजेन्ट की तैनाती होगी। इन सभी के आवेदन-पत्र फार्म 18 पर दो फोटो के साथ उपलब्ध कराया जाना है। पोस्टल बैलेट के थैले और बाक्स को कोषागार के डबल लॉक में रखा गया है। इसे मतगणना के दिन चार जून को गणना स्थल पर लाया जाएगा। इसके लिए नायब तहसीलदार वीर बहादुर सिंह को नोडल बनाया गया है। निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रत्याशियों से कहा है कि वह अपना प्रतिनिधि अथवा स्वयं भी पोस्टल बैलेट के डबल लॉक से निकाल कर गणना स्थल परिवहन तक साथ रह सकते हैं। इसके साथ ही सभी स्ट्रांग रूम 6.30 बजे खोला जाएगा। उस समय प्रत्याशी, उनके चुनाव अभिकर्ता अथवा अधिकृत प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

इंटरनेट कनेक्शन की रहेगी **विशेष व्यवस्था :** मतगणना स्थल पर हाईस्पीड इंटरनेट की विशेष व्यवस्था रहेगी। निर्वाचन अधिकारी ने बीएसएनएल के महाप्रबंधक व स्काईनेट कंपनी को लिखे पत्र में कहा है कि सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक लीज लाइन का कनेक्शन लगेगा। आरओ कक्ष के लिए आठ कनेक्शन देने होंगे। ऐसे में 20 एमबीपीएस की स्पीड के साथ 13 स्टैटिक आईपी उपलब्ध कराया जाना है। इसे 31 मई तक मतगणना स्थल पर स्टाल कर देना है।



मतगणना स्थल मंडी परिसर का निरीक्षण करने पहुंचे एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी।

## एसपी ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण

एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने लोकसभा चुनाव की होने वाली मतगणना में सुरक्षा के लिए नवीन मंडी स्थित स्थल का निरीक्षण किया। मतगणना को सकुशल व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए विभिन्न स्थलों पर ड्यूटी में लगे अधिकारी, कर्मचारी को सुरक्षा व यातायात व्यवस्था दुरुस्त बनाये रखने का आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस मौके पर क्षेत्रीय पुलिस के साथ सीओ सिटी उपस्थित रहे।

# अस्पताल चौराहे के पास मनबढ़ों ने किया विवाद

बस्ती। जिला अस्पताल चौराहे से पहले मंगलवार रात मनबढ़ों ने बाइक में टक्कर मारने के बाद विवाद किया। बीच-बचाव करने वालों से की। पुलिस केस दर्ज कर छानबीन कर रही है। बहरैची की दुकान के सामने रात करीब 10 बजे दो बाइकों की टक्कर हो गई। इसके बाद एक बाइक सवार ने कुछ मित्रों को बुला लिया और विवाद करने लगा। जामडीह पांडेय थाना कोतवाली निवासी अश्वनी पांडेय ने बताया कि भीड़ इकट्ठा होने पर वह बीच-बचाव करने गए तो उन लोगों ने उन्हें मारापीटा। संवाद

## बीच बचाव करने पर मारा पीटा, मुकदमा

बस्ती : कोतवाली क्षेत्र के जामडीह पांडेय निवासी अश्वनी कुमार पांडेय ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 29 मई को जिला अस्पताल के पास बहरैची की दुकान के सामने अनियंत्रित बाइक ने एक व्यक्ति को ठोकर मार दिया। ठोकर मारने वाले बाइक के चालक ने अपने कई मित्रों को बुलाकर विवाद शुरु कर दिया। भीड़ इकट्ठा देख उन्होंने बीच बचाव किया तो बाइक सवार व एक अन्य ने उन्हें मारा पीटा व जान माल की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो व्यक्ति नाम पता अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

## घरेलू विवाद को लेकर मारपीट

बस्ती : पुरानी बस्ती थाने के नरहरिया मोहल्ला निवासी रामसागर यादव ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि 28 मई को घरेलू विवाद को लेकर विपक्षीगण द्वारा उनकी पत्नी मीना को मारना पीटा गया। अपशब्द कहते हुए जान माल की धमकी दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हरीराम, शिवसागर, रोशनी पत्नी शिवसागर निवासीगण नहरिया के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## डरा धमका कर बनाया शारीरिक संबंध, मुकदमा

बस्ती : कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी 16 वर्षीय बेटी को गांव में ही अपने मामा के घर रहने वाले युवक ने डरा धमका कर जबरन शारीरिक संबंध बना लिया। इसकी शिकायत जब उसके मामी से की गई तो उसने अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित अजीत कुमार निवासी डड़वा थाना लालगंज के विरुद्ध दुष्कर्म व पोक्सो एक्ट जबकि उसके मामी सुनीता के विरुद्ध अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी देने की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाल विजय कुमार दुबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

## वोट डालने की बात को लेकर मारा पीटा

बस्ती : कप्तानगंज थाने के करचोलिया गांव निवासी अजय कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि 25 मई को वोट डालने की बात को लेकर कुछ लोगों ने उन्हें अपशब्द कहते हुए मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी।

# चुनाव में जब्त हुए रुपये प्रशासन ने किए वापस

- चेकिंग में लगी थीं 64 स्टेटिक सर्विलांस टीम और 60 फ्लाइंग स्वायड टीम
- एक भी टीम किसी प्रत्याशी का नहीं पकड़ सकी पैसा, पकड़े गए दूसरे लोग

जागरण संवाददाता, बस्ती : लोक सभा चुनाव में मतदान के पहले 11 लोगों से जब्त किए गए साढ़े बारह लाख रुपये वापस कर दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) जयदेव सीएस एवं मुख्य कोषाधिकारी अशोक कुमार प्रजापति ने पत्रावली व कागजी सुबूत की जांच करने के बाद पैसा वापस किया है।

जांच में 64 स्टेटिक सर्विलांस टीम और 60 फ्लाइंग स्क्वायड टीम लगी थी। जगह-जगह इन टीमों ने जांच की, लेकिन किसी भी प्रत्याशी का पैसा पकड़ने में टीम नाकाम रही। व्यापारी और आम लोग ही इस टीम के हाथ लगे। हर्रैया में 16 मई को एसएसटी ने डेईडीहा चेकपोस्ट पर एक सब्जी विक्रेता का 75 हजार रुपये जब्त किया था। व्यापारी ने सबूत दिए कि वह दोहरीघाट से बाराबंकी टमाटर एवं मिर्च बेचकर वापस आ रहे थे। आदेश कुमार तिवारी ने इसका सुबूत शपथ पत्र के साथ लगाया तो धन वापस किया गया। इसी दिन एफएसटी ने रुधौली में 67,500 रुपये पकड़े थे। अविनेश कुमार और राम बहाल ने बैंक आफ बड़ौदा से यह रकम मोबाइल खरीदने के लिए निकाला था। गोरखपुर विश्वविद्यालय में कार्यरत एवं चुनाव में पीठासीन अधिकारी बनाए गए संतोष पांडेय का 1.5 लाख रुपये एफएसटी ने हर्रैया में जब्त किया था। संतोष दो लाख रुपये अपने चेक से निकाले थे और मां की उपचार के लिए गृह जनपद प्रतापगढ़ जा रहे थे। सदर-मेंहदावल रोड पर सिहारी बैरियर के पास राम भवन 97 हजार के साथ पकड़े गए थे। वह संतकबीर नगर से भैंस बेचकर आ रहे थे। इसी प्रकार अन्य लोगों का निजी पैसा पकड़ा गया, जिन्होंने शपथ पत्र और कागजी कार्रवाई पूरी की। इसके बाद पैसा वापस कर दिए गए। इस मामले में मुख्य कोषाधिकारी अशोक कुमार प्रजापति ने बताया कि जिन लोगों का पैसा पकड़ा गया था, उनके कागजात देखने के बाद पैसा रिलीज कर दिया गया है। चुनाव में एक भी प्रत्याशी का पैसा टीम नहीं पकड़ सकी थी। जो भी पकड़े गए वह व्यपारी या फिर निजी कार्य से अपने पास रखे थे।

# वीवी पैट की फोटो प्रसारित करने पर मुकदमा

जागरण संवाददाता, बस्तीः लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान केंद्र पर वीवी पैट की फोटो खींच कर उसे इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करना एक युवक को महंगा पड़ गया। कोतवाली पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध भादवि व लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

सरयू नहर खंड-4 के सहायक अभियंता श्रीकृष्ण प्रताप चौरसिया ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि लोकसभा चुनाव में सेक्टर मजिस्ट्रेट के रुप में उनकी ड्यूटी लगी थी। इसी बीच सूचना मिली कि कोतवाली क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मनहनडीह में कक्ष संख्या दो व बूथ संख्या-245 में अरविंद चौधरी नाम के युवक द्वारा वीवीपैट का फोटो खींचकर अपने फेसबुक आइडी से इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया गया है।

हालांकि दैनिक जागरण इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो की पुष्टि नहीं करता। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अरविंद चौधरी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# एसपी ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण



मतगणना स्थल का निरीक्षण करते एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी • सौ. विभाग

जागरण संवाददाता, बस्ती: पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने गुरुवार को मतगणना स्थल का निरीक्षण कर मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया।

चार जून को होने वाली मतगणना के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से नवीन मंडी परिषद स्थित मतगणना स्थल का भ्रमण कर पुलिस अधीक्षक ने मतगणना को सकुशल व शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न स्थलों पर ड्यूटी में लगे अधिकारी व कर्मचारियों को सुरक्षा व यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए दिशा-निर्देश दिया।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर विनय चौहान, क्षेत्राधिकारी अभिसूचना इकाई प्रफुल्ल गुप्ता, पुरानी बस्ती के थानाध्यक्ष महेश सिंह व यातायात प्रभारी कामेश्वर सिंह भी मौजूद रहे।

# अवैध रूप से संचालित दो आरा मशीनों पर हुई कार्रवाई

जागरण संवाददाता, मुंडेरवा : वन विभाग की टीम ने मुंडेरवा थाना क्षेत्र के अमानाबाद में संचालित दो अवैध आरा मशीनों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें उखड़वा दिया।

गुरुवार को मुंडेरवा थाना क्षेत्र के अमानाबाद में स्थित अवैध आरा मशीनों पर जिलाधिकारी अन्द्रा वामसी के निर्देश पर एसडीएम सदर शत्रुघ्न पाठक और क्षेत्रीय वन अधिकारी अजय प्रताप सिंह की टीम ने गुरुवार को पहुंच कर अवैध रूप से संचालित हो रही आरा मशीनों को उखड़वा दिया। उसके फाउंडेशन को भी तोड़वा दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि दोनों आरा मशीनों के संचालक गोरख और अशरफ के खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी की जाएगी। बताया कि जहां भी अवैध आरा मशीनों के संचालन की सूचना मिलेगी वहां टीम पहुंचकर कार्रवाई करेगी।



अमानाबाद में आरा मशीन पर कार्यवाही करते एसडीएम सदर शत्रुघ्न पाठक व क्षेत्रीय वन अधिकारी अजय प्रताप सिंह।

# चुनाव ड्यूटी में बस्ती के सिपाही की मौत

खजनी (गोरखपुर)। ग्राम पंचायत भेउसा दुबे निवासी रमेश चंद चौहान की चुनाव ड्यूटी के दौरान तबीयत खराब हो गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत गंभीर देखते हुए उन्हें वाराणसी रेफर कर दिया गया।

बुधवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बृहस्पतिवार रात करीब आठ बजे उनका शव उनके गांव पहुंचा। पहुंचते ही परिवार समेत गांव रो पड़ा। वह बस्ती पुलिस लाइंस में तैनात थे। 1993 बैच रहे रमेश चंद चुनावी ड्यूटी में गाजीपुर गए थे।

परिजनों के अनुसार तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भेउसा दुबे निवासी रमेश चंद चौहान गाजीपुर में चुनाव कराने गए थे। अचानक तबीयत खराब हो गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। मामला गंभीर देख डॉक्टरों ने बनारस रेफर कर दिया। संवाद

# मोबाइल फोन से रिकवर नहीं हो पाया डाटा

## हरिकांत हत्याकांड : व्हाट्स एप पर कॉल करने वालों का नहीं चल पा रहा पता

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। 27 दिन बाद भी मुंडेरवा क्षेत्र के रामपुर रेवटी गांव के हरिकांत हत्याकांड की गुत्थी नहीं सुलझ सकी। व्हाट्सएप कॉल कर उसे बुलाया गया था, मगर पुलिस अब तक यह पता नहीं लगा पाई कि वह कॉल किसने की।

उसके मोबाइल फोन नंबर का कॉल डिटेल खंगालकर पुलिस थक चुकी है। यह पता नहीं चल पाया कि उसे किस नंबर से कॉल कर बुलाया गया था।

विवेचक एसएचओ अभिमन्यु सिंह के अनुसार हैदराबाद पुलिस के फॉरेंसिक लैब में मोबाइल का डाटा रिकवर करने के लिए भेजा गया है। मुंडेरवा क्षेत्र के रामपुर रेवटी गांव में शुक्रवार रात हरिकांत पिता भाष्कर गुप्ता के पास बिस्तर लगाकर सो रहा था। रात करीब 11 बजे मोबाइल फोन पर किसी का फोन आने के बाद उससे मिलने चला गया। रात करीब एक बजे वह लहुलूहान होगा घर पहुंचा था।

# वीडियो वायरल होने के बाद पड़ा छापा... उखाड़ दी दो आरा मशीन

## दोनों मशीन के संचालकों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू, चल रहीं दर्जनों आरा मशीनें

संवाद न्यूज एजेंसी

मुंडेरवा। क्षेत्र में बिना लाइसेंस संचालित हो रहीं आरा मशीनें का वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया है। डीएम अंद्रा वामसी के आदेश पर बृहस्पतिवार को अमानाबाद में एसडीएम के नेतृत्व में छापा मारा गया। यहां दो आरा मशीनों को अवैध करार देते हुए तत्काल उखड़वा दिया गया। आरा मशीन के दोनों मालिकों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



अमाना बाद गांव में अवैध आरा मशीन को बंद कराते अधिकारी। संवाद

एसडीएम सदर शत्रुघ्न पाठक, वन क्षेत्राधिकारी अजय प्रताप सिंह व वन दरोगा मय दलबल अमानाबाद पहुंचे। यहां बिना लाइसेंस के दो आरा मशीनें संचालित होती पाई गईं। एसडीएम के निर्देश पर दोनों आरा मशीनों को उखड़वा दिया गया। उसके फाउंडेशन को भी ध्वस्त कर दिया गया।

एसडीएम ने बताया कि दोनों आरा मशीनों के संचालक गोरख और अशरफ हैं, जिनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रशासन के इस कार्रवाई से क्षेत्र के धंधेबाजों में हड़कंप मचा है। आरोप है कि क्षेत्र के दर्जन भर स्थानों पर विभाग की मिलीभगत से अवैध आरा मशीनें संचालित की जा रही हैं। इनके पास न तो लाइसेंस हैं और न ही पेड़ों के कटान के लिए परमिट होता है। क्षेत्र के हरे पेड़ों की कटान कर आरा मशीन पर पहुंचा दिया जाता है। यहां चीरा लगाकर लकड़ी प्रकृति कुछ घंटों बाद बदल दी जाती है।

इसके बाद इसकी खेप बाजार में पहुंचाई जाती है। हरियाली को नुकसान पहुंचाने वाले इस कारोबार से क्षेत्रीय लोग भी काफी खफा है। पिछले दिनों एक आरा मशीन का चलते हुए वीडियो भी वायरल कर दिया।

इसके बाद प्रशासन सक्रिय हुआ और कार्रवाई पर उतर आया। हालांकि अभी अभी अन्य जगहों पर अवैध आरा मशीनें संचालित हो रही है। यदि इसी तरह आगे भी कार्रवाई हुई तो कई अन्य कारोबारी भी नपेंगे।

# मारपीट में तीन लोगों पर केस

कलवारी। कम्हरिया गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुए मारपीट में पुलिस ने तीन लोगों पर केस दर्ज किया है। पुलिस को तहरीर देकर भगवान दीन ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर 26 मई को अशफाक उर्फ पिंकू, बबलू व गुड्डू निवासी सरैया ने गाली गलौच करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है। संवाद

# खेत गई महिला को पीटा

गौर। हरदिया गांव में खेत में काम करने गई महिला को गांव के युवक ने मारापीटा। इस मामले में महिला की तहरीर पर पुलिस ने एक युवक पर केस दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में महिला माला देवी ने बताया कि बृहस्पतिवार को वह खेत में काम करने गई थी। गांव के मुकेश कुमार आ गए और किसी बात को लेकर गाली देते हुए मारने पीटने लगे। प्रभारी निरीक्षक रामकुमार राजभर ने बताया कि महिला की तहरीर पर मुकेश कुमार के खिलाफ मारपीट की धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# मुकुंदपुर गांव के तीन घरों में हुई चोरी

पैकोलिया। मुकुंदपुर गांव में बुधवार रात तीन घरों में चोरी हो गई। छत के रास्ते तीन घरों में घुसे चोर जेवरात समेत नकदी चुरा ले गए।गांव के मुन्ना सिंह, अरविंद सिंह, सुरेंद्र सिंह के घर में बारी-बारी से चोर छत के रास्ते घुसे। तीनों घरों को खंगाल डाला। गृह स्वामियों की तरफ से मंगलसूत्र, करधन, चांदी का गिलास और 15 हजार नकदी गायब होने की जानकारी दी गई है। थानाध्यक्ष रामफल चौरसिया ने फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की। गृह स्वामियों का कहना है कि पुलिस ने खुलासा का आश्वासन देकर केस नहीं दर्ज किया है। चोरी की इस घटना से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। संवाद

## लोहे के पाइप से पीटा, दो नामजद

**बस्ती।** नगर थाना क्षेत्र के मोहटा में रुपये के लेनदेन को लेकर मारपीट हो गई। पुलिस ने दो आरोपियों पर केस दर्ज किया है। अगई भगाड़ निवासी अशोक राजभर ने तहरीर दी कि मंगलवार की सुबह करीब सात बजे रुपये की लेनदेन की बात पर गांव के अमित सिंह व सद्दाम सिंह उर्फ अभिषेक सिंह ने लोहे की पाइप से मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। संवाद

## मारपीट में चार लोगों पर केस दर्ज

**बस्ती।** नगर थाना क्षेत्र के खुटहन पेट्रोल पंप के सामने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट में चार आरोपियों पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस संबंध में महरीपुर निवासी इंद्रेश सिंह ने तहरीर दी कि मंगलवार शाम 6:30 बजे जमीन की रंजिश को लेकर गांव के गिरजेश सिंह, दुर्गेश सिंह, संदीप सिंह और हरिप्रकाश सिंह ने मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। संवाद

## ननिहाल आए युवक ने किशोरी से किया दुष्कर्म

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म व मारपीट के मामले में महिला समेत दो आरोपियों पर केस दर्ज किया है। किशोरी की मां ने तहरीर में बताया कि उसके गांव में ननिहाल में आए लालगंज थाना क्षेत्र के डड़वा निवासी अजीत ने उसकी 16 वर्ष की बेटी को डरा धमकाकर दुष्कर्म किया। उसकी मामी सुनीता से शिकायत करने पर वह अपशब्द कहते हुए धमकी देने लगी। पुलिस केस दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल करा रही है। संवाद

## बेटी की तहरीर पर मारपीट का केस दर्ज

**बस्ती।** मुंडेरवा थानाक्षेत्र के बघाड़ी निवासी चंद्रकला ने इसी थानाक्षेत्र के एक युवक पर 70 वर्षीय वृद्ध पिता की पिटाई का आरोप लगाया है। पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार की शाम करीब पांच बजे बघाड़ी चौराहे पर वृद्ध पिता राजाराम बैठे थे। इस बीच शमशेर चौधरी वहां पहुंच कर गाली देने लगा। गाली गलौज का कारण पूछने पर पिता को पीटने लगा। आसपास के लोग बीच-बचाव कर वृद्ध को इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहां इलाज चल रहा है । संवाद

## पत्नी को भगा ले जाने का केस दर्ज

**बस्ती।** वाल्टरगंज क्षेत्र के एक गांव से महिला को भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पति ने तहरीर दी है कि 23 मई को हरिद्वार उर्फ लल्लू गुप्ता निवासी भरवलिया थाना नगर उसकी पत्नी को घर से भगा ले गया। आरोप है कि पत्नी सारे गहने भी ले गई। पुलिस केस दर्ज कर छानबीन कर रही है। संवाद

# युवती को भगाने का आरोपी दोष मुक्त

संवाद न्यूज एजेंसी

### फास्ट ट्रैक कोर्ट : अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सुनाया आदेश




**बस्ती।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम बस्ती के न्यायाधीश प्रमोद कुमार गिरि ने एक युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में आरोपी को दोष मुक्त करने का आदेश दिया है।

आजमगढ़ के ककरही निवासी मेराज पर आरोप था कि वह रुधौली क्षेत्र के एक गांव की महिला को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। अभियोजन ने न्यायाधीश को अवगत कराया कि वादी मुकदमा ने रुधौली थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री कॉलेज में पढ़ती है। वह घर से पढ़ने कॉलेज गई थी, लेकिन शाम तक वापस न आने पर उसके फोन पर कॉल किया तो वह बंद मिला।

जानकारी करने पर पता चला कि मेराज उसे भगाकर कहीं लेकर चला गया है। पुलिस ने मामले की विवेचना कर आरोपपत्र न्यायालय में प्रेषित किया। आठ गवाहों के गवाही व सक्ष्यों का अवलोकन कर न्यायाधीश ने आरोपी को दोष मुक्त करने का आदेश दिया है।

# थाने की आख्या न मिलने से अब सात जून को सुनवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**अमरमणि केस**

## व्यापारी पुत्र अपहरण केस में एमपीएमएलए कोर्ट में चल रही सुनवाई

**बस्ती।** व्यापारी पुत्र राहुल मद्धेशिया अपहरण केस में आरोपी पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी की संपत्तियों की कुर्की के मामले में बृहस्पतिवार को सुनवाई हुई। थाने से कार्रवाई के संबंध में आख्या प्राप्त न होने पर एमपीएमएलए फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम के न्यायाधीश प्रमोद कुमार गिरि ने सात जून की तारीख तय की है।

इससे पहले 15 मई को सुनवाई के दौरान पुलिस ने चुनाव में पुलिस कर्मियों की व्यस्तता के आधार पर न्यायालय में समय मांगा था, जिसे मंजूर करते हुए 30 मई तक की मोहलत दी गई थी।

लगातार अदालत से गैर हाजिर रहने की दशा में न्यायालय ने आरोपी पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी की सभी संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश दिया है। पुलिस ने जनपद महराजगंज और लखनऊ में अमरमणि की संपत्ति पाए जाने की रिपोर्ट न्यायालय को सौंपी।

दोनों संपत्तियों की कुर्की की कार्रवाई शुरू हुई। इस क्रम में कोतवाली पुलिस ने 13 अप्रैल को महराजगंज जनपद में इनके नौतनवां स्थित आवास को कुर्क किया था।

30 अप्रैल को इसकी रिपोर्ट न्यायालय में पेश भी की गई। उनके लखनऊ स्थित संपत्ति की कुर्की के लिए पुलिस ने मोहलत की अर्जी लगाई।

न्यायालय ने पुलिस को कुर्की के लिए समय तो दे दिया, मगर न्यायाधीश ने गोपनीय पत्र प्राप्त होने का जिक्र किया। कोतवाली पुलिस को आदेश दिया था कि गुमनाम पत्र में बताई गई संपत्तियों की जांच कर यदि गोरखपुर में भी आरोपी की संपत्ति है तो उसे भी कुर्क किया जाए। इसके संबंध में पुलिस की आख्या का इंतजार है।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 31-05-2024

# महिलाओं द्वारा अनिता पर अति विश्वास करने के कारण 64 लाख की लगी चपत

समूह की पूर्व महिला अध्यक्ष ने गांव की दर्जनों महिला के नाम लोन कराकर पैसा निकलवाया

दर्जनों प्राइवेट बैंकों से जिनका नाम 80 प्रतिशत लोग नही जानते, स्वीकृत कराया लोन

वृद्ध पेंशन,विधवा पेंशन,शादी अनुदान पास कराने के लिए कराया हस्ताक्षर, अंगूठा

सिद्धार्थ नगर/ बर्डपुर (एसएनबी)। सदर थाने की पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में दो अभियुक्त क ो गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है।पकड़े गए अभियुक्तो का नाम अनिता पत्नी राम निवास तथा सोमनाथ पुत्र विनय है,दोनो अभियुक्त सदर थाना क्षेत्र के ग्राम बर्डपुर नंबर 11 के टोला बरगदही तथा रेहरा का निवासी है।पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध सदर थाने मे मुकदमा अपराध संख्या 90/2024 धारा 419,420, 465,467,468, 471,474, 120 बी आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज है।अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उप निरीक्षक अनूप कुमार मिश्र,मुख्य आरक्षी दिनेश कुमार,आरक्षी प्रभाकर यादव,महिला आरक्षी अर्चना मिश्र शामिल रही। गांव की भोली भाली जनता महिलाओं का 64 लाख रुपए का गोल मल करके कई प्राइवेट बैंकों के माध्यम से लोन पास कराकर सी एस सी सेंटर के माध्यम से अपने खाते में पैसा लेनी वाली महिला पर गांव की महिलाओं ने विश्वास करके जहा जहा कहती गई सभी महिलाए हस्ताक्षर अंगूठा लगाती गई जिससे सभी महिलाए धोखा खा गई ये सब अति विश्वास करने के कारण हुआ।



ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर 11 के टोला बरगदही निवासी अनिता जो कि पहले समूह की अध्यक्ष थी अनिता ने गांव की भोली भाली महिलाओं को खूब सरकारी रुपया मिलने का सब्जबाग दिखाया और कई दर्जन महिलाओं को अपने पक्ष में किया और विभिन्न प्राइवेट बैंको जैसे उत्कर्ष बैंक,सुलेजना बैंक, रोहन बैंक,मुकुट बैंक सहित दर्जनों बैंक जिनका नाम आप हम कोई नही जानता है से संपर्क कर लोन करवाया गांव की महिलाओं को लोन लेने की बात नहीं बताई गई कहा गया कि तुम्हारा विधवा पेंशन, वृद्ध पेंशन,शादी अनुदान सहित कई अन्य कामों को बता कर जिसको जैसी आवश्यकता थी उसी अनुसार बता कर उल्लू बनाया गया और सारे कागजात पर हस्ताक्षर और अंगूठा लगवाकर 64लाख का लोन करवाकर सी एस सी सेंटर के माध्यम से पैस अपने खाते में करवा लिया।चुकी गांव की महिलाए कम पढ़ी लिखी होती है और अनीता आदि ने जैसे जैसे जहा जहा कहा वैसे वैसे सब करती गई और कुल मिलाकर 64 लाख का लोन करवाकर पैसा निकलवा लिया गया और किसी भी महिला को कोई पैसा नहीं दिया गया।गांव की महिलाए जान भी नही पाती कि मेरे नाम से लोन हो गया है चुकी प्राइवेट बैंक वाले हर महीने पैसे की वसूली के लिए अपना आदमी रखे हुए है उनके आदमी घर घर जाकर पैसे की वसूली करते है जब बैंक के आदमी इन महिलाओं के घर किस्त की वसूली करने गए तब सब जान पाई की मेरे साथ कितना बड़ा धोखा हो गया सभी महिलाओं ने उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग किए है नही तो सामूहिक रूप से आत्महत्या करने की बात प्रार्थना पत्र में लिखी है।बहरहाल अनिता और सी एस सी संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया है और अभियुक्त को पुलिस ने पकड़ लिया है लेकिन सवाल ये उठता है कि इन गांव की गरीब भोली भाली महिलाओं के लोन का पैसा कैसे जमा होगा।

# 33 लाख गबन करने के आरोप में दो गिरफ्तार

## दर्जनभर बैंकों से 16 महिलाओं को दिलाए थे ऋण, सीएससी संचालक की मदद से जालसाजी को दिया अंजाम

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : सीएससी संचालक की मदद से 33 लाख रुपये का गबन करने वाली महिला समेत दो व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसमें दूसरा व्यक्ति सीएससी संचालक ही है। महिला का नाम अनीता देवी पत्नी रामनेवास है। वह सदर थाने के बर्डपुर नंबर 11 के टोला बरगदही की रहने वाली है। उसके साथी का नाम सोमनाथ पुत्र विनय है। वह सदर थाने के रेहरा का रहने वाला है। पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

अनीता खुद निजी बैंकों द्वारा गठित समूह की सदस्य है। उसके व आसपास के गांवों की भी कई महिलाएं समूह की सदस्य हैं। बैंक से ऋण दिलाने के नाम पर अपने प्रभाव में लिया। ताकि वह अपना कोई छोटा-मोटा कार्य कर सकें। महिलाओं करीब दर्जनभर फाइनेंस बैंकों से 30-30 हजार रुपये का ऋण भी दिलवा दिया। अनीता ने एक-एक महिलाओं को आठ-नौ बैंकों से ऋण दिलवा दिया। इसमें खाताधारक को सिर्फ एक ही ऋण की जानकारी हो सकी, जबकि अन्य बैंकों से उनके नाम पर जो ऋण निकाले गए, उसकी उन्हें जानकारी ही नहीं हो सकी। अनीता ने इन रुपयों को सीएससी संचालक सोमनाथ के माध्यम से अपने व उसके खाते में ट्रांसफर करवा लिया। अनीता ने कुछ दिनों तक इन लोगों की ऋण की किश्त भी भरी। बाद में उसने बैंकों की किश्त देना बंद कर दिया तो बैंक ने उन लोगों से संपर्क किया, जिनके नाम पर ऋण था। बैंकों ने संपर्क किया तो उनके समक्ष पूरी सच्चाई सामने आ गयी। पीड़ित महिलाओं ने इसे लेकर थाने पर तहरीर दी। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि मामला सही है। पुलिस ने उनकी तहरीर पर अनीता व सोमनाथ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया और गुरुवार की सुबह उन्हें थाना क्षेत्र के बांसी मोड़ के पास से गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया। दोनों को गिरफ्तार करने वाली टीम में चौकी इंचार्ज नौगढ़ अनूप कुमार मिश्रा, हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार व अन्य शामिल रहे।




पुलिस की अभिरक्षा में अनीता बीच में व सोमनाथ दाएं से प्रथम • सौ.पुलिस मीडिया सेल

### जागरूक नहीं रहेंगी तो पड़ोसन ही ठग लेगी

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : सिर्फ समूह की सदस्य होने मात्र से आप आत्मनिर्भर नहीं हो सकती हैं। इसके आत्मनिर्भर होने के लिए मेहनती, हुनरमंद होने के साथ आपका जागरूक होना बहुत जरूरी है। अन्यथा आपकी पड़ोसन ही आपको ठग लेगी। सदर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर 11 के टोला बरगदही में ऐसा मामला सामने आ चुका है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के नाम पर गांव की अनीता ने अपनी पड़ोसनों के साथ ही जालसाजी कर ली। अनीता अपनी समूह की महिलाओं को यह बता रही थी कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बैंकों की ओर से उन्हें ऋण दिया जा रहा है। महिलाएं उसके झांसे में आ गईं, उन्होंने बैंकों से यह पता करने की कोशिश ही नहीं की कि योजना की सच्चाई क्या है। उनसे बार-बार अंगूठा क्यों लगवाया जा रहा है। ऋण के नाम पर उन्हें क्यों एक फाइनेंस बैंक से लेकर कई बैंकों के चक्कर लगवाए जा रहे हैं। पीड़िता पूनम कहती हैं कि समूह की महिलाएं तो इसी में खुश थी कि आज उन्हें अपने दम पर बैंकों से ऋण मिल जा रहा है। इन रुपयों से वह अपना रोजगार शुरू करेंगी, समाज में उनकी अपनी पहचान होगी, लेकिन अनीता ने इस भरोसे का गलत फायदा उठाया। वह गांव की महिलाओं को गुमराह करके उनके नाम पर विभिन्न फाइनेंस बैंकों से लोन कराती रही और सोमनाथ के सीएससी पर अंगूठा लगवाकर लोन की रकम अपने खाते में ट्रांसफर कराती रही। उन्होंने कहा कि अब स्थिति यह है कि आत्मनिर्भर तो कोई नहीं बना, बल्कि हर किसी के नाम पर बैंक का दो से तीन लाख रुपये का लोन हो गया है।

अनीता व सोमनाथ के नेटवर्क में थे 18 बैंक: जिले में कई निजी फाइनेंस बैंक हैं, उन्होंने गांव-गांव में महिलाओं का एक समूह बनाया हुआ है। यह उन्हें 30 हजार रुपये तक का लोन करते हैं और महिलाओं से हर 15 दिन पर उसकी किश्त जमा कराते हैं। अनीता व सोमनाथ के नेटवर्क में जिले में 18 ऐसे बैंक हैं, जहां वह महिलाओं को आसानी से लोन दिलवा देते थे। कुछ किश्तें अनीता जमा भी करती थी। रकम नहीं जमा होने के बाद बैंक वाले उसकी तलाश करते, जिसके नाम पर लोन है।

# समूह की महिलाओं से ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। समूह की महिलाओं का अपने ग्राहक सेवा केंद्र में खाता खोलवा कर लोन की मिलने वाली धनराशि को अपने खाता में ट्रांसफर करने के आरोप में पुलिस ने एक महिला समेत दो लोगों को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ के लिए दोनों को रिमांड पर लेगी।

सिद्धार्थनगर थानाध्यक्ष गौरव सिंह ने बताया कि अनीता पत्नी राम नेवास निवासिनी बर्डपुर नंबर 11 टोला बरगदही व सोमनाथ पुत्र विनय निवासी रेहरा थाना सिद्धार्थनगर ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक थे। दोनों ने गांव की विभिन्न महिलाओं को योजनाबद्ध तरीके से बहला फुसलाकर धोखे से विभिन्न समूहों के फाइनेंस बैंकों में लोन का खाता खुलवा कर लोन की धनराशि को समूहों की महिलाओं से अंगूठा लगवाकर स्वयं अपने बैंक के खाता में हस्तान्तरित करा लिया था। इसकी शिकायत मिलने के बाद दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश की जा रही थी। दोनों आरोपियों को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ के लिए उन्हें रिमांड पर लिया जाएगा।

## गिरफ्तार करने वाली टीम में ये रहे शामिल

नौगढ़ चौकी इंचार्ज अनूप कुमार मिश्र, हेडकांस्टेबल दिनेश कुमार यादव, कांस्टेबल प्रभाकर यादव व महिला कांस्टेबल अर्चना मिश्रा आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में शामिल रहीं।

# तीन के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई

सिद्धार्थनगर। जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने व अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए मारपीट, छेड़खानी की घटनाओं में संलिप्त तीन आरोपियों पर पुलिस ने गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है।

उस्का बाजार पुलिस ने प्रदीप कुमार साहनी पुत्र रामेश्वर, सोनू कुमार साहनी पुत्र बहरैची, राजकुमार साहनी पुत्र शिव साहनी निवासी उस्की थाना उस्का बाजार के विरुद्ध धारा 3(3) गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1970 की कार्रवाई की है।

# बॉर्डर से लेकर कस्बे तक की बढ़ गई रौनक

**ककरहवा।** पड़ोसी जनपद महराजगंज में एक जून को लोकसभा चुनाव को देखते हुए 72 घंटे पहले सोनौली बॉर्डर सील कर दिए जाने से नेपाल जाने वाले पर्यटकों से भरी गाड़ियां ककरहवा कस्बे से होकर जा रही हैं। इससे बॉर्डर से लेकर कस्बे तक की रौनक बढ़ गई। बॉर्डर पर तैनात जवानों, कस्टम व पुलिस टीम की ओर से सघन तलाशी के बाद ही आने जाने दिया जा रहा है।

# फ्राड कर निकाली गई धनराशि वापस कराई

**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज कस्बा निवासी एक व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड से फ्राड कर साइबर अपराधियों ने 49999 रुपये निकाल लिया था। साइबर सेल ने शिकायत के बाद पूरी धनराशि वापस करा दी। प्रभारी साइबर सेल अरुण कुमार ने बताया कि सुजात खान निवासी वार्ड नंबर 10 कस्बा डुमरियागंज के क्रेडिट एकाउंट से फ्राड कर 49999 रुपये निकाल लिया गया था।

# नियमित होगी कार्रवाई तभी लगेगा अवैध खनन पर अंकुश

जागरण संवाददाता, मन्नीजोत : लोकसभा चुनाव में प्रशासन की व्यस्तता समाप्त हो जाने के बाद भी अवैध मिट्टी खनन जोरो पर है। बिना किसी डर के माफिया दिन रात अपने काम में लगे हैं। इनका मनोबल इतना ऊंचा है कि लगातार प्रकाशन और हो रही कार्रवाई का भी इन के ऊपर कोई असर होता नहीं दिख रहा है। कुछ दिन पहले ही तहसील प्रशासन ने क्षेत्र के माली मैंनहा, सेमुआडीह, बघाडी में स्थानीय प्रशासन ने खनन माफियाओं की एक जेसीबी, दो लोडर व सात ट्रालियों को कब्जे में लेकर स्थानीय थाने को कार्रवाई के लिए सिपुर्द कर दिया था। लेकिन गुरुवार को भी क्षेत्र के कुसम्ही, महतिनिया, भरड़िया में दिन में मशीन लगाकर मिट्टी खोद कर बेचा जा रहा है। कार्य में लिप्त लोग प्रशासन के कानून कायदे की धज्जियां उड़ाते हुए सरकार द्वारा निर्धारित रायल्टी जमाकर बिना संबंधित विभाग से अनुमति खनन कर रहे हैं। इससे सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान होता है। एसडीएम संजीव दीक्षित ने कहा कि अवैध खनन पर रोक के लिए टीम लगाई गई है। जो लगातार निगरानी कर रही है। यदि कहीं कोई भी अवैध खनन में लिप्त पाया गया तो उस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।



ट्रालियों से ढोई जा रही मिट्टी ● जागरण

## तीन के विरुद्ध मुकदमा

सोहना : त्रिलोकपुर थानांतर्गत ग्राम तेतरी में मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। गांव निवासी पूजा ने तहरीर देते हुए बताया कि मोबाइल फोन पर गाली-गलौज का उलाहना देने पर हरीराम, नैन कुमार व आकाश तीनों घर के सामने आए और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## अपहरण का मुकदमा

इटवा : मिश्रौलिया थानांतर्गत एक गांव में नाबालिग लड़की को भगाने के मामले में पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा पंजीकृत किया है। नाबालिग की मां ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि जोकइला गांव निवासी शनिदेवल उर्फ शिवा ने उनकी 15 वर्षीय लड़की को बहला-फुसला कर भगा ले गया। लड़की अपने साथ 10 हजार नकद, सोने का मंगल सूत्र सोने का कान का झाला भी लेकर गई है। कार्यवाही की मांग की गई। प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र कुंवर ने बताया कि शनिदेवल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जांच की जा रही है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता की तैयार रूपरेखा

जासं, सिद्धार्थनगर : जिला जज विजेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जनपद सत्र न्यायालय के सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की बैठक हुई। 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता की रूपरेखा तैयार की। सुलह-समझौते के आधार पर अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण पर चर्चा किया। जिला जज विजेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय न्यायिक प्रणाली में लोक अदालत का महत्व है। इसमें सभी प्रकार के वाद का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते के आधार पर होता है। सभी विभागों के सहयोग से लंबित मामले निस्तारित किए जाते हैं। लोक अदालत में पारिवारिक, बैंक से संबंधित व राजस्व के मामलों को निस्तारित किया जाएगा। एडीजे मोहम्मद रफी, विशेष न्यायाधीश सुभाष चंद्र तिवारी, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत व एडीजे पाक्सो एक्ट प्रमोद सिंह-द्वितीय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तिवारी, अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन अरुण कुमार-चतुर्थ, शैलेंद्र नाथ, अंकिता चौधरी, स्वाती आनंद, सौम्या द्विवेदी, एडीएम उमाशंकर, एएसपी सिद्धार्थ के साथ बैंक के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## तीन आरोपित पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई

सिद्धार्थनगर : उस्का बाजार थाना पुलिस ने गुरुवार को तीन आरोपितों के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई की। तीनों पर महिला उत्पीड़न से संबंधित आरोप हैं। आरोपितों का नाम उस्का बाजार थाना के उसकी मोहल्ला निवासी प्रदीप कुमार साहनी, सोनू कुमार साहनी व राजकुमार है।

## पुलिस अधीक्षक के समक्ष आए 19 मामले

सिद्धार्थनगर : पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने गुरुवार को जनसुनवाई की। एसपी के समक्ष कुल 19 मामले प्रस्तुत हुए। इसमें भूमि विवाद के तीन, मारपीट के छह व दस मामले अन्य प्रकरण के रहे। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थानाध्यक्ष को मामले की जांच कर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।

# पुलिस ने खोज निकाली साइबर फ्राड की धनराशि

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : साइबर सेल की टीम ने गुरुवार को धोखाधड़ी के शिकार एक पीडित की धनराशि वापस लौटाई। साइबर ठगों के गिरोह ने पीड़ित से बैंक कर्मी बन कर उसके क्रेडिट कार्ड से संबंधित जानकारी प्राप्त की थी। इसके बाद 49999 रुपये उसके खाता से निकाल लिया था। पीड़ित का नाम डुमरियागंज थाना के वार्ड नंबर दस निवासी मोहम्मद सुजात खान है।

साइबर सेल में मोहम्मद सुजात खान ने तहरीर दिया था कि साइबर ठग के गिरोह ने उसके बैंक खाता से धन निकाल लिया है। ठगी की जानकारी होने के बाद सूचना पुलिस को दी। शिकायत के आधार पर टीम ने कार्रवाई करते हुए ठगी की गई धनराशि को बैंक खाता में वापस कराया। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी साइबर सेल अरुण कुमार, एसआइ राजेश शुक्ला, मुख्य आरक्षी अतुल चौबे, आरक्षी शिवम मौर्या, आशुतोष जायसवाल, राहुल मौर्या समेत अन्य मौजूद रहे।

# बानगंगा नदी में डूबे किशोरों का दूसरे दिन मिला शव

जासं, शोहरतगढ़ : शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के बैदौली गांव के पास नदी में डूब गए दोनों किशोरों का शव दूसरे दिन गुरुवार को सुबह आठ बजे मिला है। बुधवार को शाम तक पुलिस गोताखोरों की मदद से बच्चों की तलाश में जुटी रही। गांव में एसडीआरएफ की टीम भी पहुंच गई थी, लेकिन कामयाबी नहीं मिली थी। दूसरे दिन सुबह ग्रामीणों ने डूबे हुए स्थान पर जाल लगा कर खोजना शुरू किया। तब जाकर दोनों का शव मिल पाया। ग्राम पंचायत जोखवलिया निवासी दशरथ का 14 वर्षीय पुत्र अखिलेश यादव और तीरथ का 15 वर्षीय पुत्र अखिलेश यादव गांव से थोड़ी दूरी पर बैदौली गांव के पास भैंस चराने गए थे। इस दौरान दोनों नदी में नहाने लगे। दोनों किशोर नहाते-नहाते अचानक गहराई में चले गए। बाद में ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने गोताखोरों के माध्यम से उनकी तलाश शुरू की। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि पंचनामा कर शव स्वजन को सौंप दिया गया है।

श्री
पराग
रेस्टोरेन्ट

## सीमा क्षेत्र में बंद रहेंगी शराब की दुकानें

सिद्धार्थनगर। लोकसभा चुनाव के तहत एक जून को महराजगंज जिले में मतदान होना है। इसके लिए महराजगंज जिले की सीमा से सटे सिद्धार्थनगर जिले के अंदर आठ किमी दायरे तक की शराब की दुकानें 48 घंटे पूर्व से बंद रहेंगी। डीएम पवन अग्रवाल ने मतदान समाप्त होने तक शराब की दुकानें बंद रखने का आदेश दिया है। संवाद

# लोक अदालत की सफलता के लिए बैठक

**सिद्धार्थनगर।** जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विरजेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में 13 जुलाई 2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित किए जाने के लिए बैठक हुई। इसमें जनपद के न्यायिक अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी एवं बैंक के अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया। साथ ही अधिक से अधिक सिविल व दांडिक वाद को लोक अदालत के लिए चिह्नित किए जाने और मामलों में अधिकाधिक नोटिस निर्गत किए जाने के निर्देश दिए गए।

एडीएम उमाशंकर को राजस्व संबंधी वादों के अधिकाधिक निस्तारण व अधिकाधिक मामलों के चिह्नांकन के लिए निर्देशित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ को न्यायालय से निर्गत नोटिस को पहुंचाने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश मोहम्मद रफी उपस्थित रहे। संवाद

# बरात में मारपीट एफआईआर दर्ज

**खेसरहा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बनकटा द्वितीय गांव से बरात जाते समय दो युवकों में कुछ कहासुनी के दौरान मारपीट हो गई। पीड़िता के तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत हुआ। एक दिन पूर्व बनकटा द्वितीय गांव निवासी प्रकाश के लड़के का विवाह थाना क्षेत्र के ही करमा बाबू गांव निवासी रामदास की पुत्री से होना था।

बुधवार बनकटा से बरात जाते समय बराती के रिश्तेदारों में से दो लोग सीटी मारने लगे जिसपर गांव के लोगों ने विरोध किया। लेकिन वह माने नहीं जिसको लेकर मारपीट शुरू हो गई। गांव के ही नंदलाल ने इसकी शिकायत खेसरहा थाने पर की है।

जिसके आधार पर पुलिस ने कुड़जा निवासी गुड्डू व टीकुर निवासी महेंद्र पासवान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष खेसरहा रविन्द्र सिंह ने कहा कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

# तीन पर हुई गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**सिद्धार्थनगर।** मारपीट, छेड़खानी आदि घटनाओं में संलिप्त तीन अपराधियों पर पुलिस ने गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। इसमें प्रदीप कुमार साहनी, सोनू कुमार साहनी निवासी, राजकुमार साहनी निवासी उसका थाना उसका बाजार पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है। यह जानकारी एसओ उसका रोहित कुमार उपाध्याय ने दी है। संवाद

# साइबर सेल की मदद से मिले रुपये

**सिद्धार्थनगर।** साइबर सेल की टीम की मदद से 49999 रुपये पीड़ित को उसके खाते के माध्यम से मिल गया। शिकायतकर्ता मो. सुजात खान निवासी वार्ड नंबर 10 कस्बा व थाना डुमरियागंज का क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 49999 रुपये का फ्रॉड किया गया। शिकायतकर्ता की शिकायत पर टीम ने जांच किया और पूरी धनराशि उसके खाते में वापस करवा दिया। संवाद

# एसपी ने सुनी फरियाद, निस्तारण का दिया भरोसा

**सिद्धार्थनगर।** पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बृहस्पतिवार को जनता दर्शन का आयोजन किया। इसमें आये फरियादियों की समस्या, शिकायतों को सुना। जनसुनवाई के दौरान कुल 19 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें तीन भूमि विवाद, छह मारपीट व 10 अन्य से संबंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के लिए थानाध्यक्षों को निर्देशित किया। संवाद

# 33 लाख का गबन करने के आरोपी गए जेल

## स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के नाम लोन करवाकर हड़प लिए रुपये

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ धोखाधड़ी से खाता खुलवाकर 33 लाख रुपये हड़पने की आरोपी महिला और पुरुष को पुरानी नौगढ़ चौकी पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। थाने पर लाकर पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

शहर कोतवाल गौरव कुमार सिंह के मुताबिक तीन गांव में स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों को धोखाधड़ी करके एक ही महिला का कई खाता खोलवाकर रुपये हेराफेरी के हड़पने की शिकायत हुई थी। इसमें एक सीएफसी संचालक और एक महिला जो खाता खुलवाने और रुपये की हेराफेरी के मामले में धोखाधड़ी सहित अन्य धारा में केस दर्ज किया गया।

इसमें एक सदस्य का पांच से छह खाता खुलवाया था। कुल 111 बैंक खाते समय में आए हैं, जिसमें 33 लाख रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर करने की बात सामने आई है। केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम लगी थी।

पुरानी नौगढ़ चौकी प्रभारी अनूप कुमार को जानकारी मिली की आरोपी अनीता निवासी बर्डपुर नंबर 11 टोला बरगदही थाना व सोमनाथ निवासी रेहरा थाना सदर को गिरफ्तार कर लिया गया। थाने पर लाकर पूछताछ करके न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। पकड़ने वाली टीम में पुरानी नौगढ़ चौकी प्रभारी अनूप कुमार मिश्र आदि शामिल रहे।

### फर्जी आधार कार्ड और पहचान पत्र से खोलते थे खाता

आरोपी अनीता एवं सोमनाथ मालती ग्राहक सेवा केंद्र संचालक की ओर से गांव की विभिन्न महिलाओं को योजनाबद्ध तरीके बहला फुसलाकर धोखे से विभिन्न समूहों के फाइनेंस बैंकों में लोन का खाता खुलवाकर लोन की धनराशि को समूहों की महिलाओं से अंगूठा लगवाकर स्वयं अपने बैंक के खाता में हस्तांतरित कर लेते थे। जिससे समूहों की वास्तविक खाता धारकों तक लोन की धनराशि न पहुंचता। उक्त खाता खुलवाने के लिए अनीता एवं सोमनाथ फर्जी आधारकार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र तैयार कर समूहों की महिलाओं के साथ योजनाबद्ध तरीके से छल करते हुए धोखाधड़ी करते।

# 22 घंटे बाद मिले नदी में डूबे दोनों किशोरों के शव

## दोनों की मौत से गांव में मातम, कई घरों में नहीं जले चूल्हे, डूबने से मिलने तक 22 घंटे दिनरात तलाशते रहे ग्रामीण

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर/पकड़ी बाजार।** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के जखौलिया गांव में बृहस्पतिवार को उस वक्त चीख-पुकार उठने लगी, जब बानगंगा नदी में डूबे दोनों किशोरों का शव मिला। गांव से एक साथ दोनों की अर्थी उठी तो हर किसी की आंखें नम हो गई हैं। एक साथ दोनों डूबे थे, एक साथ लाश मिली और अगल-अगल चिता बनाकर दोनों को उसी घाट पर जलाया गया।

यह दृष्य देखकर गांव में नहीं पड़ोस के गांव के लोग भी रो पड़े। एक साथ दो मौत के बाद से गांव में मातम का माहौल छाया हुआ है। गम की वजह से अधिकांश घरों में चूल्हे तक नहीं जले। बताया जा रहा है कि एसडीआरएफ की टीम बुधवार शाम को तलाश करके चली गई थी। जबकि ग्रामीण रात में भी तलाश करते रहे। पूरे 22 घंटे तलाश के बाद लाश मिली।



शोहरतगढ़ क्षेत्र के जखौलिया गांव में रोते-बिलखते परिजन। संवाद



अखिलेश और अखिलेश। (फाइल फोटो)

क्षेत्र के जखौलिया गांव निवासी अखिलेश (13) पुत्र दशरथ व अखिलेश (14) पुत्र रामतीरथ यह दोनों किशोर बुधवार को भैंस चराने दोस्तों के साथ बानगंगा नदी बैदौली घाट पर नदी में नहाने गए थे। नहाते समय इन दोनों का पैर फिसला गया और यह गहरे पानी में चले गए और डूब गए थे। स्थानीय गोताखोर एवं गांव के लोगों की सहायता से लाश को खोजने में लोग जुट गए थे पर काफी खोजबीन के बाद भी इन दोनों का कहीं पता नहीं चल सका था।

बृहस्पतिवार की सुबह स्थानीय गोताखोर एवं गांव के लोगों की सहायता से जाल से लाश को 22 घंटे बाद पानी से बाहर ढूंढ निकाला गया। परिजन इन दोनों की लाश को लेकर अपने घर जखौलिया चले आए। लाश के घर पहुंचे ही पूरे गांव में कोहराम मच गया।

परिजन लाश का पीएम करना नहीं चाह रहे थे। परिजनों के आग्रह पर पुलिस ने पंचनामा बनाकर लाश को परिजनों को सौंप दिया। परिजन इन दोनों किशोरों की लाश को बानगंगा नदी बैदौली घाट पर एक साथ उनकी चिता को जलाकर अंतिम संस्कार कर दिया। इस संबंध में शोहरतगढ़ थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने बताया कि 22 घंटे बाद लाश को ढूंढकर पानी से बाहर निकाला गया। शव का पंचनामा कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। नायब तहसीलदार संजय राय, कानगो रामचंदर, हल्का लेखपाल मो. मुस्ताक अहमद, राजेश, विजय, प्रधान वीरेंदर जायसवाल, सुनील जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

### रात में नदी पर जमे रहे लोग, चलती रही तलाश

दोनों किशोरों को डूबने के बाद से ही परिवार और ग्रामीण नदी में पहुंच गए थे। पूरी रात गांव के अधिकांश लोग घटना स्थल पर मौजूद रहे। रात में भी तलाश करते रहे। एसडीआरएफ की टीम देर शाम को आई थी। लेकिन एक घंटे बाद चली गई थी। पर गांव के लोग हिम्मत नहीं हारे और ढूंढते रहे और सुबह लाश मिली।

**एक साथ डूबे और आसपास मिली लाश :** दोनों किशोर एक साथ आने के बाद घूमने के लिए निकले थे। एक साथ नहाते समय डूब गए। एक साथ ही दोनों की लाश मिली और एक साथ अर्थी उठी और आगे पीछे नदी पर पहुंचे। अगल-बगल दोनों की चिता बनी और फिर जलाया गया। एक साथ अर्थी उठी तो हर किसी की आंखें नम हो गई। पूरा गांव रो पड़ा। गांव का हालात यह था कि अधिकांश लोगों के घरों में शाम और सुबह दोनों टाइम चूल्हा नहीं जला। हर कोई इस मौत से दुखी था।

### दिल्ली में अलग-अलग जगह रहकर काम करते थे

रामतीरथ दिल्ली में छोले भटूरे की रेडी लगाकर रोजी रोटी का काम करते हैं। वह अभी एक सप्ताह पहले अपने परिवार के साथ घर पर घूमने के लिए आये थे। दूसरा दशरथ दिल्ली में रहकर शादी पार्टी में हलवाई का काम करते हैं। यह भी एक सप्ताह पहले अपने परिवार के साथ गांव घूमने आये थे, यह लोग फिर वापस दिल्ली जाने की तैयारी में थे। पर होनी को कौन टाल सकता ईश्वर को यह सब मंजूर नहीं था।

# SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 31-05-2024

# युवक की पिटाई के आरोप में एक नामजद

**नाथनगर** । महुली थाना क्षेत्र के स्थानीय महुली कस्बे में बीते 27 मई की रात एक मनबढ़ द्वारा हंसी-मजाक के बीच एक युवक को मारपीट कर देने के आरोप में महुली पुलिस ने गुरूवार को हमलावर युवक के विरूद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घायल को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी नाथनगर भेज दिया है। घटना के संबंध में महुली थाना क्षेत्र के स्थानीय महुली कस्बा निवासी धीरज पुत्र हिरावन ने बताया कि 27 मई की रात 9.30 बजे करीब गांव निवासी दीपक मद्धेशिया पुत्र गजराज द्वारा अपने भाई संतप्रसाद के उपर मोटर साइकिल चढ़ा देने को लेकर हंसी-मजाक चल रहा था। हंसी-मजाक के बीच दोनों पक्षों के बीच धीरे-धीरे तल्ख-बहस होने लगी तो धीरज ने विवाद शान्त कराने के लिए दोनों भाईयों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया तो दीपक मद्धेशिया अचानक आक्रोशित होकर आक्रामक हो गया और उसे भद्दी-भद्दी गालियां और जान से मार देने की धमकी देते हुए मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। घायल धीरज के तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर दीपक मद्धेशिया पुत्र गजराज के विरूद्ध आईपीसी की धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक महुली सतीश कुमार सिंह ने बताया कि जल्द ही हमलावर को गिरफ्त में लेकर उसके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# अधिकारियों ने गणना कर्मचारियों की ट्रेनिंग का किया निरीक्षण

संतकबीरनगर (एसएनबी)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना आगामी 04 जून को हीरालाल रामनिवास पीजी कालेज खलीलाबाद में प्रातः 8:00 बजे से होगी। मतगणना में लगे मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर को प्रथम प्रशिक्षण हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज खलीलाबाद में मास्टर ट्रेनर के द्वारा दिया गया। प्रथम चरण में 276 कार्मिकों ने ईवीएम के कंट्रोल यूनिट से मतों की गणना, सावधानी, विशेष स्थिति में कार्रवाई के बारे में विस्तार से बताया गया। इसी प्रकार जिन मतदाताओं द्वारा डाक मतपत्र से मतदान किया गया है उनके डाक मतपत्रों की गणना प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया। रिटर्निंग ऑफिसर/जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने प्रत्येक कक्ष में चल रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण करते हुए समस्त मतगणना कार्मिकों से कहा कि मतगणना प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी प्राप्त करें एवं मतदान दिवस पर पूर्ण आत्मविश्वास के साथ निष्पक्ष एवम पारदर्शी ढंग से कार्य करें।

मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक संत कुमार ने कार्मिकों को संबोधित करते हुए निर्देश दिया कि मतदान के बाद मतगणना एक महत्वपूर्ण चरण है। इस कार्य को सभी मतगणना कार्मिक पूर्ण निष्ठा, लगन एवं निष्पक्ष भाव से मतों की गणना करें। द्वितीय प्रशिक्षण दिनांक 03 जून को अपरा 3:00 बजे से होगी। इस कार्य में उपायुक्त, श्रम रोजगार डॉ. प्रभात कुमार द्विवेदी, बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित सिंह सहित अन्य अधिकारीगण का विशेष सहयोग रहा।





गंणना कर्मचारियों की ट्रेनिंग तथा स्टांग रूम का निरीक्षण करते रिटर्निंग ऑफिसर/जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर व एसपी सत्यजीत गुप्ता। फोटो : एसएनबी

**रिटर्निंग ऑफिसर व एसपी ने किया स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण :** रिटर्निंग ऑफिसर/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने संयुक्त रुप से लोकसभा निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत एचआर पीजी कालेज स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करके संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारीद्वय द्वारा स्ट्रांग रूम स्थल पर पार्किंग व्यवस्था, स्ट्रांग रूम में विद्युत आपूर्ति बनाये रखने तथा साफ-सफाई, शौचालय आदि को सुव्यवस्थित रखने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया।

उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा एवं चाक-चौबन्द व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, रिकेटिंग व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था को सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

# पांच नामजद समेत दो अज्ञात के विरूद्ध केस दर्ज

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के केकरहा गांव में बीते 27 मई को जमीनी विवाद के चलते घर में घुसकर वृद्ध का और उसकी बहू को मारपीट कर घायल करने के आरोप में धनघटा पुलिस ने गुरूवार को पांच नामजद समेत दो अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर घटना में घायल सास-बहू को महिला आरक्षी की अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है।

घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र केकरहा गांव निवासी सुमित्रा पत्नी ग्रीशचन्द्र पांडेय ने बताया कि गांव निवासी चन्द्रहास पांडेय पुत्र अशोक के परिवार से उसका जमीनी विवाद चल रहा है। इसी विवाद को लेकर बीते 27 मई को 7.30 बजे विपक्षी पट्टीदार चन्द्रहास पांडेय पुत्र अशोक, अशोक पांडेय व विनोद पांडेय पुत्रगण माताबदल, अभिषेक और अंकू पुत्रगण चन्द्रहास पांडेय अपने दो अज्ञात साथियों के साथ उसके दरवाजे पर पहुंच गए और उसे भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए उसे मारने के लिए दौड़ा लिया। वह जान बचाने के लिए घर में घुस कर छिपने लगी तो उक्त विपक्षी पट्टीदार घर में घुस गए और जान से मार देने की धमकी देते हुए उसे मारने-पीटने लगे। इस बीच उसकी बहू उर्मिला पत्नी रिमेन्द्र पांडेय उसका बचाव करने की कोशिश की तो हमलावर पट्टीदार मेरे साथ-साथ बहू को भी मारपीट कर घायल कर दिए और जान-माल की धमकी देते हुए फरार हो गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर पट्टीदार चन्द्रहास पांडेय,अशोक पांडेय, विनोद पांडेय, अंकू पांडेय तथा अभिषेक पांडेय समेत दो अन्य अज्ञात हमलावरों के विरूद्ध आईपीसी की धारा 147, 323, 352, 452, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार ने बताया कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# वन स्टाप सेंटर से फरार हुई किशोरी को बरामद

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** जिले के धनघटा थाना क्षेत्र एक बाजार की रहने वाली एक 13 वर्षीय किशोरी 10 दिन पूर्व घर से लापता हो गई थी। जिसके बाद किशारी के परिजन ने थाना धनघटा में मुकदमा दर्ज कराया था।

धनघटा पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करने के बाद किशोरी को बरामद करके सोमवार को जिला अस्पताल स्थित वन स्टाप सेंटर में भेज दिया था। उसके बाद मंगलवार की देर शाम करीब 8:00 बजे किशोरी वन स्टाप सेंटर के दूसरे दरवाजे के कुंडी का नट खोलकर फरार हो गई। जबकि दरवाजे के पास ही महिला आरक्षी की कुर्सी लगी थी लेकिन उन्हें जरा सी भी भनक नहीं लगी। थोड़ी देर बाद दरवाजा खुला देखकर सबके होश उड़ गये। बाद में संबंधित कर्मचारी किशोरी की तलाश करने लगे लेकिन किशोरी का कुछ पता नहीं चला। बाद में वन स्टाप सेंटर पर तैनात कर्मियों ने इसकी सूचना अपने उच्चाधिकारियों को दी। जिसके बाद से ही वहां मौजूद कर्मचारी और पुलिस किशोरी की तलाश में जुट गये। उक्त किशोरी को पुलिस टीम ने बरामद किया। जिसके बाद वन स्टाप सेंटर की कर्मचारी तथा पुलिस ने राहत की सांस ली।

# एक पर जालसाजी का मुकदमा दर्ज

संतकबीरनगर। फर्जी ढंग से विकलांग रजिस्ट्रेशन कराने के नाम पर रुपये लेने वाले आरोपी पर कोतवाली पुलिस ने जालसाजी का केस दर्ज किया। बूधा कला निवासी जामवंत पुत्र विश्वनाथ का आरोप है कि 28 मई को गोरखपुर जिले के सहजनवा क्षेत्र के अछियापार के रहने वाले राम नवल निषाद फर्जी दस्तावेज तैयार किए और उससे विकलांग रजिस्ट्रेशन कराने के नाम पर रुपये लिए। ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। कोतवाल ने बताया कि रामनवल निषाद के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज किया गया।



स्ट्रांग रूम का जायजा लेते डीएम, एसपी।

# स्ट्रांग रूम का जायजा लेने पहुंचे डीएम और एसपी

## निरीक्षण

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** डीएम/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंहवर और एसपी सत्यजीत गुप्ता ने गुरुवार को संयुक्त रूप से एचआरपीजी कॉलेज खलीलाबाद में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तीनों विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम को चेक करते हुए सीसीटीवी कैमरे के जरिए अन्दर की स्थिति भी चेक किया। इसके अलावा परिसर में चल रही मतगणना की तैयारियों का जायजा लेते हुए जरूरी निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारीद्वय द्वारा स्ट्रांग रूम स्थल पर पार्किंग व्यवस्था, स्ट्रांग रूम में विद्युत आपूर्ति बनाए रखने तथा साफ-सफाई एवं शौचालय आदि को सुव्यवस्थित रखने का निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिया गया। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा एवं चाकचौबन्द व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, बैरिकेडिंग व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था को सुनिश्चित बनाए रखने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मतगणना आयोग के निर्देशानुसार सख्ती के बीच कराई जाएगी। परिसर में अभिकर्ता और अधिकृत लोगों के अलावा किसी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। एचआरपीजी के दो सौ मीटर एरिया में किसी को भी जाने की अनुमति नहीं होगी।

# ग्रामीण ने एक्स पर की पुलिस की शिकायत

कांटे। गुरुवार को डारीडीहा गांव में एक पुलिस कर्मी सादी वर्दी में जाकर लोगों पर धौस जमाने लगा। इसकी शिकायत एक ग्रामीण ने एक्स पर पुलिस अधीक्षक से कर दिया। उसकी शिकातय पर तत्काल एसपी ने कोतवाल खलीलाबाद को जांच सौप दी। इसकी जानकारी पीआरओ सेल ने शिकायतकर्ता को एक्स पर ही दिया।

## एचआर इंटर कॉलेज में प्रथम प्रशिक्षण, मास्टर ट्रेनरों ने दी जानकारी

# मतगणना कार्मिकों को पढ़ाया गणना का पाठ

**लोकसभा चुनाव**



मतगणना कार्मिकों के प्रशिक्षण के दौरान पहुंचे डीएम, मास्टर ट्रेनरों से ली जानकारी।

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। लोकसभा सामान निर्वाचन की मतगणना चार जून को होगी। इसके लिए मतगणना कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण गुरुवार को एचआर इंटर कॉलेज खलीलाबाद में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण सीडीओ संत कुमार की निगरानी में हुआ। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर, एसपी सत्यजीत गुप्ता ने पहुंचकर प्रशिक्षण का जायजा लेते हुए जरूरी निर्देश दिए।

सीडीओ संत कुमार ने बताया कि मतगणना में लगे मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रोआब्जर्बर को प्रशिक्षित किया। प्रथम चरण में 276 कार्मिकों ने ईवीएम के कंट्रोल यूनिट से मतों की गणना, सावधानी, विशेष स्थिति में कार्यवाही के बारे में विस्तार से बताया गया। इसी प्रकार जिन मतदाता द्वारा डाक मतपत्र से मतदान किया गया है के डाक मतपत्रों की गणना प्रक्रिया, के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण में पहुंचे डीएम /जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर प्रत्येक कक्ष में चल रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण करते हुए समस्त मतगणना कार्मिकों से अपील किया कि मतगणना प्रक्रिया का संपूर्ण जानकारी प्राप्त करें एवं मतदान दिवस पर पूर्ण आत्मविश्वास के साथ निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से कार्य करें। मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार ने कार्मिकों को संबोधित करते हुए निर्देश दिए कि मतदान के बाद मतगणना एक महत्वपूर्ण चरण है, इस कार्य को सभी मतगणना कार्मिक पूर्ण निष्ठा, लगन एवं निष्पक्ष भाव से मतों की गणना करें, द्वितीय प्रशिक्षण तीन जून को अपराह्न तीन बजे से होगी। उपायुक्त, श्रम रोजगार डॉ प्रभात कुमार द्विवेदी, बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# हमलावरों की गिरफ्तारी न होने से डॉक्टरों में आक्रोश

- सीएचसी हैसर बाजार पर इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डाक्टर पर हुआ था हमला
- सोमवार तक हमलावर गिरफ्तार नहीं हुए तो अनशन पर बैठेंगे डॉक्टर

धनघटा, हिन्दुस्तान संवाद। सीएचसी हैसर बाजार पर इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे एक डॉक्टर पर शुक्रवार को आधा दर्जन से अधिक लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया था। पुलिस आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास तो शुरू की लेकिन एक सप्ताह का समय बीतने के बाद भी उनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी। जिससे डॉक्टरों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उनका कहना है कि अगर रविवार तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो सोमवार को वह ओपीडी बंद कर आमरण अनशन पर बैठेंगे।

तहसील क्षेत्र के सीएचसी हैंसर बाजार में डॉक्टर राजेश त्रिपाठी बीते शुक्रवार को इमरजेंसी ड्यूटी पर थे। सुबह 7:30 बजे हैंसर बाजार निवासी शीत बसंत, अनूप सहित आठ लोग एक मरीज को लेकर पहुंचे और अपने मनमानी दवा करवाने के लिए दबाव बनाने लगें। जब डॉक्टर ने कहा कि उपचार हम अपने हिसाब से करेंगे। इसपर मरीज के साथ आए लोगों ने डॉक्टर के ऊपर हमला कर दिया और मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने मामले में बसंत, अनूप सहित आठ लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा तो दर्जकर लिया, लेकिन लगभग एक सप्ताह का समय बीतने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर सकी। इसको लेकर डॉक्टरों में आक्रोश है। अधीक्षक डॉ रमेश सोनकर का कहना है कि पुलिस एक सप्ताह का समय मांगी थी जो कल पूरा हो रहा है। हम दो दिन का और समय देते हैं रविवार तक अगर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो सोमवार को हम लोग मजबूर होकर आमरण अनशन पर बैठेंगे और ओपीडी को बंद कर देंगे। इस संबंध में थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि आरोपियों

# विवाद के दौरान युवक की पिटाई, मुकदमा दर्ज

जासं, महुली : महुली कस्बा निवासी धीरज पुत्र हरबल से उनके कस्बे के ही दीपक मद्धेशिया से गुरुवार को कहासुनी हो गई। इस पर दीपक ने धीरज को मार पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित धीरज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मारने-पीटने, जानमाल की धमकी देने आदि धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

# शांतिभंग की आशंका में पांच लोगों को दबोचा

संतकबीर नगर : जनपद के दो थाने की पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में गुरुवार को पांच लोगों को पकड़कर थाने पर लाई। उनसे विवाद के बारे में पूछताछ की। इसमें दुधारा पुलिस ने तीन व मेंहदावल पुलिस ने दो लोगों को दबोचा है। ये लोग रंजिश को लेकर मारपीट करने पर उतारू हो गए थे।

# लाइब्रेरी के सामने से बाइक चोरी

जासं, मगहर : कोतवाली खलीलाबाद में मोहम्मदपुर कठार गांव निवासी शैलेंद्र कुमार आर्य ने तहरीर दी है। उनका कहना है कि वह सूती मिल चौराहा मगहर स्थित लाइब्रेरी में बुधवार की रात करीब 10 बजे अपने ब्राइक से पढ़ने के लिए आए थे। गुरुवार की सुबह वह बाहर आए तो देखा कि उनकी बाइक गायब है। चौकी प्रभारी मगहर राजीव सिंह ने बताया कि लाइब्रेरी के सामने लगे सीसी कैमरा फुटेज को खंगाला जा रहा है।

# 49 वाहनों से 61,500 रुपये वसूले समन शुल्क

**जासं, संतकबीर नगर :** जनपद की विभिन्न थानों की पुलिस व यातायात पुलिसकर्मियों ने सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की जांच की। इस दौरान बगैर हेलमेट व ड्राइविंग लाइसेंस के चलने, एक बाइक पर तीन-चार लोगों के बैठने, यातायात नियमों के उल्लंघन करके चलने वालों को रोका। मोटर वाहन अधिनियम के तहत 49 वाहनों से 61,500 रुपये समन शुल्क की वसूली की।

# मतगणना प्रशिक्षण में तीन कार्मिक रहे अनुपस्थित

## तीनों पर दर्ज कराया जाएगा केस, मास्टर ट्रेनरों ने मतगणना के बारे में दी जानकारी

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर:** हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज खलीलाबाद में गुरुवार को मतगणना के लिए प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। डीएम महेंद्र सिंह तंवर व एसपी सत्यजीत गुप्ता ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया, कर्मियों से बात की। 13 मास्टर ट्रेनरों ने मतगणना ड्यूटी में लगे पर्यवेक्षकों, सहायकों व माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षित किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्टेट बैंक आफ इंडिया (एसबीआइ) के सहायक प्रबंधक धीरंजन वर्मन, इंडियन ओवरसीज बैंक के सहायक प्रबंधक कुंवर नीतेश सिंह, एसबीआइ के वरिष्ठ प्रबंधक प्रदीप कुमार आदि तीन अधिकारी अनुपस्थित रहे। इनके विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।



हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज में मतदान के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचे, डीएम महेंद्र सिंह तंवर बीच में। उनके साथ हैं एसपी सत्यजीत गुप्ता • जागरण

मास्टर ट्रेनरों ने कहा कि एचआरपीजी कालेज खलीलाबाद में आगामी चार जून को सुबह आठ बजे से मतों की गिनती शुरू हो जाएगी।

प्रत्येक टेबल पर एक पर्यवेक्षक, दो सहायक व एक चतुर्थ श्रेणी कर्मी लगे रहेंगे। मेंहदावल, खलीलाबाद व धनघटा विधानसभा के लिए 276 कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाना है। इसमें माइक्रो आब्जर्वर की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के कंट्रोल यूनिट (सीयू) से मतों की गिनती कैसे की जानी है, इसमें किस तरह की सावधानी बरतनी है, विशेष स्थिति में क्या करना चाहिए, इसके बारे में मतगणना कर्मियों को विस्तार से जानकारी दी गई।

इसी प्रकार जिन मतदाताओं ने डाक मतपत्र से मतदान किया है, उनके डाक मतपत्रों की गिनती की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। कार्मिक प्रभारी(सीडीओ) संत कुमार ने मतगणना कर्मियों से कहा कि मतदान के बाद मतगणना एक महत्वपूर्ण चरण है।

इस कार्य को सभी मतगणना कर्मी पूर्ण निष्ठा, लगन व निष्पक्ष भाव से पूरा करें। मतगणना कर्मियों का द्वितीय प्रशिक्षण इसी स्थान पर आगामी तीन जून को दोपहर तीन बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर उपायुक्त मनरेगा प्रभात कुमार द्विवेदी, जिला कृषि अधिकारी पीसी विश्वकर्मा, बीएसए अमित कुमार सिंह के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# रंजिश को लेकर महिला की पिटाई, मुकदमा

**जासं, बखिरा:** थाना के इमिलिया गांव में बुधवार को रंजिश को लेकर महिला की पटीदारों ने पिटाई कर दी। इस मामले में मुकामी पुलिस ने इस गांव के तीन आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है। बखिरा थाने में दी गई तहरीर में इमिलिया गांव निवासी रीना पत्नी रोशन लाल ने यह उल्लेख किया है कि मीना, रामजीत व साधना उनके पट्टीदार हैं। इनसे रंजिश चली आ रही है। बीते 29 मई को उन्हें अकेला देखकर ये लोग उनके घर के पास पहुंच गए और अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर ये उन्हें मारा पीटा व जानमाल की धमकी दे रहे हैं।

# वन स्टाप सेंटर से फरार किशोरी को पुलिस ने किया बरामद

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर:** जिला अस्पताल परिसर स्थित वन स्टाप सेंटर से मंगलवार की रात फरार हुई किशोरी को पुलिस ने गुरुवार की सुबह धनघटा थाना के एक गांव से बरामद कर लिया। घटना के बाद से पुलिस इस किशोरी की तलाश में जुटी थी।

धनघटा थाना क्षेत्र के एक बाजार की 13 वर्षीय किशोरी 10 दिन पूर्व घर से गायब हो गई थी। स्वजन ने मुकामी थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस किशारी को बरामद करके बीते सोमवार को जिला अस्पताल स्थित वन स्टाप सेंटर में भर्ती करवा दिया था। मंगलवार की रात करीब आठ बजे किशोरी यहां से दरवाजा खोलकर फरार हो गई थी। स्टाफ कर्मी दरवाजा खुला देख किशोरी की तलाश में जुटे, लेकिन उसका पता नहीं चला था।

इन्होंने इसकी सूचना जिला प्रोबेशन विभाग के अधिकारी को दी थी। बाद में विभागीय कर्मचारी और पुलिस किशोरी की तलाश में जुट गई। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि किशोरी को धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव से बरामद करके पुनः जिला अस्पताल परिसर स्थित वन स्टाप सेंटर भेज दिया गया है।

# सड़क हादसे में कार सवार मऊ व कुशीनगर जिले के दो लोग घायल

**जागरण संवाददाता, कांटे:** गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुर्थिया चौराहे पर बुधवार की रात एक कार डिवाइडर तोड़कर लखनऊ वाले लेन पर चली गई। इस दौरान आ रहे ट्रक से टकरा गई। इस घटना में कार सवार मऊ व कुशीनगर जिले के दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने इन्हें जिला अस्पताल भेजवाया। इसमें से एक घायल की स्थिति गंभीर देखकर चिकित्सक ने बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया।

मऊ जनपद के हलधरपर थाना के गेतिया गांव निवासी 36 वर्षीय संजीव कुमार सिंह पुत्र उदय प्रताप व कुशीनगर जनपद के पटहेरवा थाना के पिपराकनक गांव निवासी अशोक कुमार सिंह पुत्र रामनरेश कार से बुधवार की रात लखनऊ से गोरखपुर जा रहे थे। यह कार कोतवाली खलीलाबाद थाना के कुर्थिया चौराहे पर पहुंची थी कि इसी दौरान अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़कर लखनऊ की तरफ जाने वाली लेन में चली गई और ट्रक से टकरा गई। इससे कार में बैठे ये दोनों लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर कांटे चौकी के पुलिसकर्मी पहुंचे। उन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया। यहां के चिकित्सक ने अशोक कुमार सिंह की हालत गंभीर देखकर उन्हें बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया। कोतवाली प्रभारी रामकृपाल सिंह ने बताया कि हादसे में घायलों के स्वजन को घटना के बारे में अवगत करा दिया गया है।

# मतगणना स्थल पर हाईस्पीड इंटरनेट तेजी से लोगों तक पहुंचेगा परिणाम

## प्रशासन-पुलिस की तैयारियां तेज, सीसीटीवी-वीडियोग्राफी के साथ अन्य व्यवस्थाएं की जा रहीं सुदृढ़

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। जिले में चार जून को होने वाली लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर सुव्यवस्थित ढंग से कराने की प्रशासन और पुलिस की तैयारियां जारी है। मतगणना स्थल पर हाईस्पीड इंटरनेट सेवा की व्यवस्था और अनवरत विद्युत आपूर्ति की तैयारी तेज हो गई है।

25 मई को लोकसभा सीट के लिए हुए मतदान के बाद प्रशासन चार जून को होने वाली मतगणना की तैयारियों में जुट गया है। मतगणना स्थल पर विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं।

मतगणना का परिणाम लोगों तक पहुंचे इसके लिए हाई स्पीड इंटरनेट की व्यवस्था की जा रही है। ताकि हर चक्र के परिणाम के दौरान कोई दिक्कत न आए। इसके साथ ही मतगणना स्थल पर सीसीटीवी, वीडियोग्राफी की व्यवस्था, पर्याप्त संख्या में अग्निशमन दल, मतगणना स्थल पर तीन व चार जून को मतगणना समाप्ति तक अनवरत विद्युत व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। मतगणना स्थल पर बने मीडिया सेंटर पर प्रत्येक राउंड की सूचना उपलब्ध कराने, मतगणना स्थल पर मोबाइल फोन जमा कराने आदि का निर्देश दिया गया है।



डीएम ने प्रशिक्षण और मतगणना स्थल का लिया जायजा। स्रोत सूचना

### स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

एचआरपीजी कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम का बृहस्पतिवार को डीएम महेंद्र सिंह तंवर और एसपी सत्यजीत गुप्त ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम स्थल पर पार्किंग व्यवस्था, स्ट्रांग रूम में विद्युत आपूर्ति बनाए रखने तथा साफ-सफाई एवं शौचालय आदि को सुव्यवस्थित रखने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा एवं चाक चौबंद व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, बैरिकेटिंग व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था को सुनिश्चित बनाए रखने का निर्देश दिया।

मतगणना के दौरान परिणाम के लिए कोई दिक्कत न आए। इसके लिए सभी तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। मतगणना के दौरान हाई स्पीड इंटरनेट की व्यवस्था भी कराई जा रही है।

–महेंद्र सिंह तंवर, डीएम, संतकबीरनगर

### हर राउंड की मतगणना का डेटा एप पर होगा अपलोड

संतकबीरनगर। सामान्य लोक सभा निर्वाचन में आयोग काफी हाईटेक दिखाई दे रहा है। मतदान के दिन जहां मोबाइल एप के माध्यम से लगातार वोटिंग प्रतिशत बताया जा रहा था अब मतगणना में एप से डाटा अपलोड होगा। वोटर हेल्पलाइन नाम से इस एप के जरिए आम जनता को मतगणना की पल-पल की जानकारी मिलेगी। लोक सभा क्षेत्र के तीनों विधान सभा क्षेत्र की मतगणना एचआरपीजी कॉलेज में होगी। सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी और परिणाम आने तक जारी रहेगा। चुनाव परिणाम जानने को हर कोई चार जून को उत्सुक रहेगा। इसके लिए काफी संख्या में लोगों की भीड़ मतगणना स्थलों पर एकत्रित होगी। मतगणना वाले दिन मतगणना स्थलों पर भीड़ न हो और आम जनता को भी परिणाम जानने में आसानी हो। इसके लिए आयोग ने वोटर हेल्पलाइन नाम एक मोबाइल एप बनाया है। इस एप मतदाताओं को मतगणना का पल पल का परिणाम घर बैठे मिलता रहेगा। इसके लिए प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाइन एप्लीकेशन इंस्टॉल करना होगा। संबंधित यूजर अपने जिले ही नहीं बल्कि किसी भी लोक सभा सीट का राउंडवार परिणाम जान सकते है। हर राउंड के बाद इस एप पर संबंधित लोकसभा सीट के सभी प्रत्याशियों को मिले वोट ऑनलाइन कर दिए जाएंगे। डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि यह व्यवस्था आयोग तरफ से की गई है। संवाद

### मतगणना प्रशिक्षण से तीन कर्मी अनुपस्थित

एचआर इंटर कॉलेज खलीलाबाद में बृहस्पतिवार को मतगणना को लेकर हुए प्रशिक्षण से तीन कर्मी अनुपस्थित रहे। सीडीओ संत कुमार ने बताया कि सहायक प्रबंधक एसबीआई, कुंवर नितेश सिंह सहायक प्रबंधक इंडियन ओवरसीज बैंक, प्रदीप कुमार वरिष्ठ प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक की ड्यूटी मतगणना प्रशिक्षण में लगाई गई थी। संवाद

# अशांति फैलाने वाले पांच आरोपी पर कार्रवाई

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में पांच आरोपी को पकड़कर अशांति फैलाने के आरोप में कानूनी कार्रवाई की। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के धरपकड़ के लिए पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। थाना दुधारा पुलिस ने तीन और थाना बखिरा पुलिस ने दो आरोपी को पकड़कर कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुतकर दिया। संवाद

# खेत की जुताई के दौरान उर्दू-फारसी शब्दों में लिखे मिले सिक्के

## प्रशासन ने कब्जे में लिए सिक्के, पुरातत्व विभाग लगाएगा पता

संवाद न्यूज एजेंसी

**मेंहदावल।** तहसील क्षेत्र के बेलहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लोहरौली मिश्र गांव में खेत की खुदाई के दौरान बृहस्पतिवार को एक मिट्टी के बर्तन में रखे सैकड़ों की संख्या में चांदी के सिक्के बरामद हुए हैं।

जानकारी तहसील प्रशासन को दी सिक्कों को अपने कब्जे में ले लिया है। तहसील प्रशासन पुरातत्व विभाग को इस सिक्के को सौंपेगा।

लोहरौली मिश्र गांव मे सुबह एक व्यक्ति के खेत की खुदाई की जा रही थी। इसी दौरान खेत में मिट्टी का बर्तन मिला जिसमें 168 सिक्के मिले। यह सिक्के मुगलकालीन समय के दिखाई दे रहे हैं। उर्दू व फारसी शब्दों में इस पर मुगल बादशाहों के नाम लिखे हुए हैं। सिक्के मिलने के बाद पूरे गांव में चर्चा तेज है।

कुछ लोग चांदी के सिक्के अपने घर उठा ले गए। मामले की जानकारी जब मेंहदावल तहसील प्रशासन को हुई तब एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसील गौरव कुमार, लेखपाल अभय सिंह और अनक मौके पर पहुंचे।

168 चांदी के सिक्के की बरामदगी किए हैं। कुछ सिक्के अभी तक ग्रामीणों ने वापस नहीं किए हैं। वापसी को लेकर तहसील प्रशासन प्रयास कर रहा है। बरामद सिक्के सील कर पुरातत्व विभाग को सौंपा जा रहा है। पूरे मामले की वृहद जांच पुरातत्व विभाग के जरिए की जाएगी। चांदी के सिक्कों पर फ़ारसी व उर्दू शब्दों में मुगल बादशाह के नामों का उल्लेख है। यह सिक्के लगभग 500 वर्ष पुराने बताए जा रहे हैं।

> बरामद सिक्कों को सील कर पुरातत्व विभाग को इसकी जानकारी दी गई है। अब मामले की जांच पुरातत्व विभाग करेगा। इसके बाद सिक्कों के बारे में स्पष्ट जानकारी सामने आ सकेगी।
>
> अरुण कुमार, एसडीएम, मेंहदावल



सिक्के को मेंहदावल तहसील प्रशासन को सौंपा। संवाद

# जांच के दौरान 49 वाहन चालकों से भरवाया जुर्माना

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने संदिग्धों की धरपकड़ के लिए किए गए वाहन जांच के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 49 वाहन चालकों से नियमानुसार जुर्माना भरवाया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने बैंक, वाहन व संदिग्ध व्यक्तियों की गहनता से जांच पड़ताल की। चेकिंग के दौरान एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई करते हुए 49 वाहनों के चालकों से 61,500 रुपये शमन शुल्क वसूल किया। संवाद

# ईवीएम की सुरक्षा में जुटे

**संतकबीरनगर।** एचआरपीजी कॉलेज में ईवीएम को सुरक्षित रखवाया गया है। सपा कार्यकर्ता ईवीएम की सुरक्षा में सोमवार से ही डटे हैं। कार्यकर्ता कॉलेज गेट के सामने टेंट लगाकर ईवीएम की सुरक्षा कर रहे हैं। संवाद

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 31-05-2024

# विवाहिता का शव फंदे पर लटका मिला, मुकदमा दर्ज

- पति व सास के विरुद्ध दहेज हत्या का केस
- रिपोर्ट आने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी

उमरी बेगमगंज, संवाददाता। थाना अंतर्गत अमदही पूरे अहलाद में संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता संगीता चौरसिया ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

घटना के विषय में बताया जा रहा है कि एक वर्ष पूर्व उदवत नगर निवासी शिव सहाय चौरसिया की पुत्री संगीता की शादी अहलाद पूरे अमदही निवासी सुनील चौरसिया पुत्र बाबूराम चौरसिया के साथ हुई थी। विवाहिता के चचेरे भाई विजय चौरसिया ने स्थानीय थाने पर तहरीर देकर घटना को संदिग्ध बताते हुए पति सुनील व सास के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मृतका के शव का पंचनामा नायब तहसीलदार के समक्ष करवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के पश्चात विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मतगणना के दौरान दो हजार पुलिसकर्मी लगेंगे

सत्ता संग्राम

गोण्डा, संवाददाता। लोकसभा चुनाव की मतगणना में चंद दिन बाकी हैं। ऐसे में मतगणना कराने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

करीब दो हजार पुलिसकर्मियों का सुरक्षा घेरा रहेगा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने गुरुवार को जायजा लिया। यहां की सुरक्षा व्यवस्था को जांचते हुए रही बची कमियों को पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा की व्यवस्था परखी। उन्होंने चार जून को होने वाली मतगणना में लगने वाले बैरियरों को चिन्हित कर नवीन गल्ला मंडी के दोनो तरफ की पार्किंग आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।



शहर के गल्ला मंडी में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने जायजा लिया।

स्ट्रांग रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गयी। सीसीटीवी कैमरे, लाइट, ईवीएम, वीवीपैट मशीन के रख-रखाव और मॉनीटरिंग की व्यवस्थाओं का मुआयना किया गया। पुलिस व खुफिया विभाग के कर्मी भी संदिग्ध लोगों के साथ ही उनके सामानो की चेकिंग करेंगे। पासधारकों को भी सघन चेकिंग के बाद ही अंदर जाने की अनुमति मिलेगी।

एसपी ने बताया कि मतगणना स्थल की सुरक्षा थ्री लेयर (त्रिस्तरीय घेरे) मे होगी। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए अर्द्धसैनिक बल (सीएपीएफ) के साथ ही पीएसी के जवान और पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती रहेगी। मतगणना स्थल की सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी। मतगणना स्थल पर आने वाले एजेंट, मतगणना कार्मि के पास देखने और गहन तलाशी के बाद ही अंदर जाने की इजाजत दी जाएगी।

# मतगणना में सुरक्षा की कमान संभालेंगे 1,188 पुलिसकर्मी

संसू, जागरण • गोंडा : लोकसभा चुनाव की चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। एक हजार 188 पुलिस कर्मियों को सुरक्षा की कमान सौंपी गई है। तीन क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) गठित की गई है। स्थानीय अभिसूचना इकाई को भी सक्रिय किया गया है।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल नवीन गल्ला मंडी स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सभी ड्यूटी प्वाइंट का हाल देखा। त्रिस्तरीय सुरक्षा आइसोलेशन कोर्डन, इनर कोर्डन, आउटर कोर्डन का निरीक्षण किया। मतगणना में लगने वाले बैरियर को चिह्नित कर मंडी परिषद के दोनों तरफ की पार्किंग व्यवस्था का जायजा लिया। स्ट्रांग रूम में लगे सीसी कैमरों की जांच की। एसपी ने कहा कि मतगणना को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से मतगणना कराने के लिए चार महत्वपूर्ण बैरियर बनाए गए हैं। पहला बैरियर श्री महादेव पेंट्स के सामने मुख्य मार्ग (मिश्रौलिया ओवरब्रिज के आगे उतरने पर) व दूसरा बैरियर बड़गाँव चौराहा के पास बनाया गया है। सुरक्षाकर्मियों को प्रत्याशी, प्रत्याशियों के अभिकर्ता व चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों का पहचान पत्र व जिला निर्वाचन कार्यालय से निर्गत पास चेक करने के उपरांत प्रवेश देने का निर्देश दिया। तीसरा बैरियर महादेव धर्मकांटा के आगे वैल्यू इलेक्ट्रानिक्स व चौथा बैरियर जय मां जहजवा सम्मय महारानी के पास बनाया गया है। मतगणना स्थल तक 150 मीटर परिधि तक किसी भी प्रकार के वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा।



नवीन गल्ला मंडी में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एसपी • जागरण

मतगणना स्थल पर पान, मसाला, सिगरेट, माचिस, इलेक्ट्रानिक डिवाइस व ज्वलनशील पदार्थ ले जाना प्रतिबंधित है।

## सुरक्षा के लिए पुलिस अधिकारियों को सौंपा गया दायित्व

एसपी ने कहा कि सात प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, 20 निरीक्षक, 149 उप निरीक्षक, सात महिला उप निरीक्षक, 820 मुख्य आरक्षी/आरक्षी, 185 महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई। 27 पुलिस कर्मी यातायात व्यवस्था के लिए लगाए गए हैं। पीएसी व सीएपीएफ के जवानों की भी तैनाती की जायेगी। स्थानीय अभिसूचना इकाई को अराजक तत्वों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। प्रत्येक क्यूआरटी में एक उप निरीक्षक व आठ मुख्य आरक्षी/आरक्षी लगाए गए हैं। प्रथम क्यूआरटी मतगणना स्थल के मुख्य प्रवेश द्वार पर, द्वितीय क्यूआरटी को बड़गांव चौराहे व तृतीय क्यूआरटी को मिश्रौलिया चौराहे पर लगाई जाएगी। एएसपी पश्चिमी राधेश्याम राय इनर कोर्डन के प्रभारी व एएससी पूर्वी मनोज कुमार रावत को संपूर्ण मतगणना/आउटर कोर्डन के प्रभारी नियुक्त किए गए है।

# जमीन विवाद में दो पक्ष भिड़े, केस दर्ज

उमरी बेगमगंज। थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनौली मोहम्मदपुर पूरे रक्षा राम पांडे में गुरुवार को एक ही परिवार के दो पक्षो में एक विवादित भूमि पर कब्जे को लेकर मोरंग गिट्टी आदि गिराए जाने के कारण आपस में भिड़ गए।

घटना में एक पक्ष के दांत टूट जाने तथा ई रिक्सा क्षतिग्रस्त कर देने व जानलेवा हमला करते हुए तथा मार डालने की धमकी देने के संबंध में मोहनलाल, सोहनलाल, शत्रुघ्न पुत्रगण लाल बहादुर एवं लालबहादुर पुत्र दुजई पर मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष से लाल बहादुर पुत्र दुजई की तहरीर पर भुलई, अशोक, बाबू व विमल पर मारपीट व धमकी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# नंदिनी में कुश्ती की जूनियर स्टेट चैम्पियनशिप आज से

- पहले दिन अखाड़े में बेटियां आजमाएंगी दांव
- देर शाम तक पहलवानों के आने का सिलसिला जारी

नवाबगंज संवाददाता। नन्दिनी कालेज के स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुक्रवार से तीन दिवसीय कुश्ती के जूनियर स्टेट चैम्पियनशिप का आगाज होगा। अंडर-17 और अंडर-23 आयुवर्ग के सभी भारवर्गो में बालकों के फ्रीस्टाइल और ग्रीकोरोमन तथा बालिकाओं मे फ्रीस्टाइल शैली के मुकाबले कराए जाएंगे। इसे लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

नंदिनी एक बार फिर पहलवानों की मेजबानी के लिए तैयार है। इस चैम्पियनशिप मे शिरकत के लिए प्रदेश भर से पहलवानों का गुरुवार के शाम तक आयोजन स्थल पर पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। कुश्ती संघ के प्रदेश अध्यक्ष करन भूषण सिंह चैम्पियनशिप के उद्घाटन सत्र मे बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के सचिव सुरेश उपाध्याय ने बताया प्रतियोगिता के पहले दिन शुक्रवार को बालिका/महिलाओं के सभी भार वर्गो के फाइनल तक के मुकाबले सम्पन्न कराए जाएंगे। दूसरे दिन शनिवार को बालको को ग्रीकोरोमन और तीसरे दिन रविवार को फ्रीस्टाइल शैली की कुश्ती कराई जाएगी।

# रंजिशन ग्रामीण को पीटा, केस दर्ज

गोंडा। वजीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गेड़सर निवासी रामजतन राना ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि पूर्व में हुई कहासुनी के विवाद को लेकर विपक्षी श्याम बाबू गुप्ता ने अभद्रता करते हुए मूका थप्पड़, डंडे से मारा पीटा व जान से मारने की धमकी भी दी है। एसओ अभय सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

# कहासुनी को लेकर हुए विवाद में मारापीटा

गोंडा। वजीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत करदा निवासी राजन जायसवाल ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि बीती 27 मई की शाम लगभग साढ़े छह बजे वह अपने गांव में जा रहा था। पूर्व में हुई कहा–सुनी के विवाद को लेकर रास्ते में गांव के विपक्षी महेश पांडेय ने अभद्रता करते हुए मूका, थप्पड़ व डंडे से पिटाई कर दी।

# व्यापारी के बेटे की हत्या में मिले अहम सुराग

गोण्डा, संवाददाता। नगर कोतवाली क्षेत्र के लालपुर चंद्रभान गांव में दो दिन पहले व्यापारी के बेटे के शव मिलने के मामले में पुलिस को अहम सुराग मिले हैं। मामले की पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस काफी सक्रिय है। इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# दुराचार के आरोपी की जमानत याचिका निरस्त

गोंडा, विधि संवाददाता। अपर जिला जज नासिर अहमद ने महिला से दुराचार करने वाले आरोपी की जमानत याचिका पर्याप्त आधार के अभाव में निरस्त कर दिया।

विशेष लोक अभियोजक के पी सिंह के अनुसार थाना कटरा बाजार अंतर्गत ग्राम काली पुरवा मौजा सेल्हरी निवासी अंजनी कुमार पुत्र छवि लाल के विरुद्ध वादिनी ने इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के मुताबिक कउसकी 31 वर्षीय पुत्री 29 अप्रैल 2024 की रात करीब नौ बजे घर के बगल स्थित खेत में शौच के लिए गई थी। अचानक शोर होने पर वह दौड़कर गई तो देखा उसकी पुत्री निर्वस्त्र पड़ी हुई है और दर्द से कराह रही थी। पूछने पर उसने बताया कि आरोपी ने उसके साथ दुराचार किया है। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना कर आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। आरोपी की ओर से अधिवक्ता ने अदालत के समक्ष जमानत याचिका प्रस्तुत किया।

# मेडिकल स्टोर में चलता मिला अस्पताल, दवाइयां सीज कीं

धानेपुर, संवाददाता। थानाक्षेत्र के कुतुबगंज बाजार में अवैध मेडिकल स्टोर की आड़ में अस्पताल का संचालन किया जा रहा था। इस बात का खुलासा बुधवार की देर रात गोंडा व बलरामपुर जिले की औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम की छापामारी में हुआ है। टीम ने एक लाख रुपए से अधिक की एलोपैथिक दवाओं को सीलकर जांच के लिए चार नमूने भरे हैं। जिसके बाद हड़कंप मच गया है।

गोंडा-बलरामपुर जिले की सीमा पर थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे तेंदुआ के कुतुबगंज बाजार में अवैध मेडिकल स्टोरों की भरमार है। यहां पर अवैध मेडिकल स्टोर की आड़ में अस्पताल का संचालन किया जा रहा था। गोपनीय



कुतुबगंज बाजार मे अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोर पर छापेमारी करती टीम।

सूचना के आधार पर बुधवार की देर रात औषधि प्रशासन गोंडा व बलरामपुर की संयुक्त टीम ने इस मेडिकल स्टोर पर छापा मारा तो अफसर भी भौंचक्का रह गए। मेडिकल स्टोर के पीछे सीलन भरे अंधेरे कमरों में महिला मरीजों को ग्लूकोज चढ़ाकर उनका उनका उपचार किया जा रहा था। यही नहीं कमरों में रोशनी की भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। देवीपाटन मंडल के सहायक आयुक्त औषधि मनोज कुमार ने बताया कि इस संबंध में गोपनीय सूचना मिली

- धानेपुर के कुतुबगंज बाजार में संयुक्त टीम ने की कार्रवाई
- एक लाख की दवाइयां सीज की गईं, चार नमूने भी भरे गए

थी। इस पर उन्होंने गोंडा की औषधि निरीक्षक रजिया बानो व बलरामपुर जिले के औषधि निरीक्षक आलोक कुमार त्रिवेदी की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जांच के लिए भेजा था। बुधवार की देर रात इस संयुक्त जांच टीम ने धानेपुर पुलिस के साथ कुतुबगंज बाजार में संचालित हो रहे मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आई। अफसरों की टीम को जांच के दौरान बाकायदा अस्पताल संचालि मिला। मेडिकल स्टोर के पीछे के द कमरों में चार मरीजों को भर्ती किय गया था। इस कार्रवाई के बाद अन् मेडिकल स्टोर वाले भी शटर बंदक भाग निकले। सहायक आयुक्त औषधि मनोज कुमार मे बताया कि मेडिकल स्टोर का संचालन राजेश यादव पुत्र अशर्फी लाल निवासी मौजा देवार खेरा, थाना रेहरा बाजार जनप बलरामपुर की ओर से किया जाना पाय गया है। मौके पर एक लाख रुपए से अधिक की एलोपैथिक दवाओं को सील कर जांच के लिए चार नमूनों को भेजा गया है। मामले की विस्तार से जांच की कराई जा रही है।

# बिना कनेक्शन मोटर चलाने पर दी तहरीर

जयप्रभाग्राम। बिजली विभाग के अवर अभियंता ने बगैर बिजली कनेक्शन के बिजली मोटर से खेत की सिंचाई कर रहे दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराने के लिए तहरीर थाने में दी है।बिजली उपकेंद्र खरगूपुर के अवर अभियंता संतोष कुमार सिंह ने बताया की योगेश कुमार निवासी कुमहारन पुरवा व राजदत निवासी गोपालपुर शिवगढ़ देवतहा बगैर कनेक्शन के बिजली मोटर चलकर खेत की सिंचाई कर रहे थे। जांच के दौरान कनेक्शन रसीद मांगने पर ये लोग नहीं दिखा सके। इस संबंध में थाना एंटी पावर थेफ्ट थाने में तहरीर देकर दोनों लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करने की मांग की गई है।

## पीड़ित परिजनों का इलाज में लापरवाही और मारपीट का आरोप

# निजी अस्पताल में मरीज की मौत के बाद हंगामा

**बवाल**

गोण्डा, संवाददाता। शहर के निजी अस्पताल में गुरुवार शाम मरीज की मौत के बाद परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। उनका आरोप है कि मरीज को भर्ती कराने के बाद कोई सीनियर डाक्टर देखने नहीं आया है। शाम को युवक की मौत होने के बाद जब परिजनों ने डाक्टर से मिलना चाहा तो स्टाफ ने अभद्रता करते हुए मारपीट की। सूचना पर फोर्स के साथ पहुंचे नगर कोतवाल राजेश कुमार ने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। उन्होंने पीड़ितों से लिखित तहरीर देने की बात कही है।

जिले के करनैलगंज थाना क्षेत्र के भंभुआ चौकी इलाके के दूंदा गांव के ओम प्रकाश दुबे (35) को उल्टी-दस्त की शिकायत थी। बुधवार को स्थानीय चिकित्सकों को दिखाने के बाद जब उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ तो परिजन बुधवार आधी रात के बाद उसे लेकर शहर के एससीपीएम अस्पताल पहुंचे। यहां डाक्टरों ने भर्ती करके उसका उपचार शुरू कर दिया। मृत मरीज के छोटे भाई लालजी दूबे ने बताया कि रात में एक बजे उसे भर्ती कराया था। उसे वेंटिलेटर पर रखकर इलाज शुरू किया गया लेकिन कोई सीनियर डाक्टर देखने नहीं आया। इलाज में लापरवाही के चलते उसके भाई की मौत हो गई। वहीं ओम प्रकाश की मां गीता दूबे ने आरोप लगाया कि मरीज की हालत गंभीर देख जब डॉ. ओएन पांडे से मिलने के लिए जा रही थी तभी गेट पर खड़े युवा लोगों ने हाथापाई और रॉड से हमला बोल दिया।

सीओ सिटी विनय कुमार सिंह भी पहुंच गए। उन्होंने परिजनों से बातचीत करने उन्हें शांत कराया। कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



अस्पताल के बाहर हंगामा कर रहे परिजनों को समझाती पुलिस।

> मरीज की हालत काफी गंभीर थी। बुधवार करीब दो-तीन बजे उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसे वेंटिलेटर पर रखने के बाद इलाज किया जा रहा है। उसे पेशाब नहीं आ रही थी। परिजनों से लखनऊ ले जाने के लिए कहा था। उनकी मिन्नत पर अस्पताल में मरीज का इलाज वरिष्ठ फिजीशियन की निगरानी में किया जा रहा था। काफी कोशिशों के बाद उसे बचाया नहीं जा सका। मारपीट का आरोप पूरी तरह से निराधार है। **डॉ. ओएन पांडेय,** चेयरमैन एससीपीएम

# एडीआरएम ने किया औचक निरीक्षण

गोंडा। अपर मंडल रेल प्रबंधक विक्रम कुमार ने गोंडा स्टेशन का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण में जहां-जहां उन्हें खामियां मिली उसमें तत्काल सुधार के निर्देश जारी किए गए। अपर मंडल रेल प्रबंधक ने सर्वप्रथम स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने साफ सफाई की व्यवस्था भी परखी। इसके बाद वह सेफ्टी कैंप पहुंच गए। यही नहीं अपर मंडल रेल प्रबंधक रनिंग रूम पहुंचकर रेल कर्मियों से संवाद किया।

# एक लाख रुपये की एलोपैथिक दवा सीज

संसू, जागरण • मेहनौन (गोंडा) : औषधि निरीक्षक राजिया बानो व बलरामपुर के औषधि निरीक्षक आलोक कुमार त्रिवेदी की संयुक्त टीम ने छापेमारी की।

मेडिकल स्टोर के पीछे सीलन भरे अंधेरे कमरों में महिला मरीजों को ग्लूकोज चढ़ाया जा रहा था। कमरों में रोशनी की भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। टीम ने मेडिकल स्टोर से एक लाख रुपये कीमत की एलोपैथिक दवाइयां बरामद की। उसे सीज किया गया है। चार दवाओं का नमूना जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। छापेमारी की सूचना के बाद बाजार अन्य मेडिकल स्टोर बंद हो गए। औषधि निरीक्षक ने बताया कि मेडिकल स्टोर का संचालन राजेश यादव निवासी मौजा देवारी खेरा, थाना रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर द्वारा किया जा रहा था। मेडिकल स्टोर संचालक के विरुद्ध मुकदमा कराया जाएगा।

# कूटरचना के आरोपित समेत दो की जमानत निरस्त

संसू, जागरण • गोंडा : खतौनी में हेराफेरी कर दो अलग-अलग बैंक से ऋण लेने के मामले में पंचम अपर सत्र न्यायाधीश राजबहादुर रामदेव यादव ने ग्राम सेठिया थाना मोतीगंज निवासी सियाराम का जमानत प्रार्थनापत्र निरस्त कर दिया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अवनीश धर द्विवेदी ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक की शाखा मनकापुर के प्रबंधक अमित सिंह ने आरोपित के विरुद्ध खतौनी में हेराफेरी व कूट रचना कर एक ही खतौनी पर दो अलग अलग बैंकों से ऋण लेने का आरोप लगाकर 22 फरवरी 2024 को पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी।

जांच के बाद पुलिस ने दो अप्रैल 2024 को मुकदमा किया था। वहीं विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी नासिर अहमद ने ग्राम कालीपुरवा सेल्हरी थाना कटरा बाजार निवासी अंजनी कुमार का जमानत प्रार्थनापत्र निरस्त कर दिया है। विशेष लोक अभियोजक कृष्णप्रताप सिंह ने बताया कि आरोपित ने थाना कटरा बाजार के एक युवती के साथ दुष्कर्म किया था।

# नायब तहसीलदार व आरआइ को गलत रिपोर्टिंग पर चेतावनी

- मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में गलत रिपोर्ट देने का मामला, लेखपाल को दी प्रतिकूल प्रविष्टि

संसू, जागरण • गोंडा : मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन को लेकर गलत रिपोर्ट देने में राजस्व कर्मी फंस गए हैं। लेखपाल को प्रतिकूल प्रविष्टि, राजस्व निरीक्षक व नायब तहसीलदार को कठोर चेतावनी दी गई है। वहीं, गलत वरासत करने के मामले में लेखपाल व राजस्व निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है।

सदर तहसील के ग्राम गूंगीदेई निवासी मनीष कुमार सिंह लोकसभा चुनाव के दौरान साधन सहकारी समिति परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को लेकर अनुमति मांगी थी। राजस्व कर्मियों ने कार्यक्रम को लेकर सहमति जताते हुए रिपोर्ट दी थी। जबकि, पुलिस ने कार्यक्रम के आयोजन में सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने में असमर्थता जताई थी। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर अनुमति न मिलने पर मनीष ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

हाईकोर्ट ने मामले में कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। एसडीएम सदर अवनीश त्रिपाठी ने गूंगीदेई के लेखपाल अरुण कुमार शर्मा को प्रतिकूल प्रविष्टि, राजस्व निरीक्षक शिवनाथ व नायब तहसीलदार अहमद हसन को कठोर चेतावनी दी है। वहीं, चिश्तीपुर में गलत वरासत करने के मामले में लेखपाल प्रशांत विक्रम सिंह व राजस्व निरीक्षक राजदेव पांडेय को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# दहाड़े मारकर रोतीं माताएं, गम और गुस्से में ग्रामीण

## शांति व्यवस्था बनाए रखने को पुलिस सक्रिय, गांव में गश्त जारी

**छतईपुरवा हादसा**

अभय सिंह • जागरण

भंभुआ (गोंडा) : छतईपुरवा गांव के पास करण भूषण सिंह के काफिले में शामिल फाच्यूंनर से निंदूरा निवासी रेहान खान व शहजादे की मौत को लेकर गुरुवार को भी ग्रामीणों में गम और गुस्सा है। मृतकों की माताएं बेटे की याद आते ही दहाड़े मारकर रोती हैं। बेटे के इस तरह से असमय चले जाने से पिता समेत दूसरे परिवारजन का भी रो-रोकर हाल बेहाल है।

मृतक रेहान दो भाई और पांच बहनों में बड़ा था। पिता बाहर सऊदी में रहते हैं। मृतक की मां चंदा बेगम रोते हुए कहती हैं कि रेहान पढ़ाई के साथ ही खेती-किसानी व घर का कामकाज देखता था। उन्हें व बेटियों को कहीं ले जाना हो या फिर बाजार से दवा व सामान लाना हो। सबकुछ रेहान ही करता था। अब पिता की गैरमौजूदगी में कौन परिवार की जिम्मेदारी उठाएगा। बहनें भी भाई को याद कर रोती हैं। पिता सऊदी से कल ही निकले हैं। गुरुवार की शाम तक घर पहुंचेंगे। शहजादे की मां फिरोज बेटे की याद में रोते बेहोश हो जाती है। होश आने पर बस रोती है। एक वर्ष बाद बेटे को देखा था। मंगलवार की रात में ही सऊदी से घर आया था। यात्रा करने से थका हुआ था, इसलिए रात में ज्यादा बात नहीं कर पाई। घर में सबके लिए सामान लेकर आया था, लेकिन बुधवार की सुबह ही दुर्घटना में उसकी मौत हो गई। बेटे के साथ समय ही नहीं बिता सकी। गांव में एक साथ दो मौतों से गम का माहौल है। हर कोई घटना को लेकर स्तब्ध है। हादसे के बाद से गांव में कानून व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए पुलिस रात से गश्त कर रही है। चौकी प्रभारी पहाड़ापुर सुरेश कुमार सिंह ने गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कोतवाल कर्नलगंज निर्भय नारायण सिंह ने कहा कि गांव में शांति व्यवस्था बनी है। पुलिस लगातार नजर रख रही है।



कर्नलगंज के निंदूरा गांव रोते बिलखते मृतक के स्वजन • जागरण

### भाजपा प्रत्याशी ने बताया, कैसे हुआ था हादसा

भाजपा प्रत्याशी के मुताबिक बुधवार को वह चार गाड़ियों के साथ कर्नलगंज होते हुए बहराइच जा रहे थे। हुजूरपुर रोड की रेलवे क्रासिंग बंद थी और जब रेलवे क्रासिंग खुली तब उनकी गाड़ी के साथ दो अन्य गाड़ियां पहले निकल गई, लेकिन जिस गाड़ी से दुर्घटना हुई वह जाम में फंस जाने के कारण पिछड़ गई थी। जिस समय दुर्घटना हुई उस समय उनकी गाड़ी वहां से पांच से सात किलोमीटर दूर थी। उनके मुताबिक गाड़ी मे सवार लोगों ने बताया कि बहराइच से कर्नलगंज की तरफ एक मोटरसाइकिल पर दो युवक कर्नलगंज की तरफ आ रहे थे। इसी दिशा से पटरी पर सीतादेवी पैदल चल रही थीं जो अचानक बिना दाएं-बाएं देखे सड़क पार करने लगीं। बाइक सवार युवकों ने महिला को बचाने का प्रयास किया, लेकिन अनियंत्रित होकर पहले बाइक ने सीता देवी को टक्कर मारी और फिर अनियंत्रित होकर वाहन संख्या यूपी 32 एचडब्लू 1800 से भिड़ गए। बाइक सवार युवकों के फार्च्यूनर से भिड़ने के कारण वाहन चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और गाड़ी अनियंत्रित होकर बाएं पटरी पर लगे खंभे से टकरा गयी। गाड़ी टकराने के कारण क्षतिग्रस्त होने के साथ एयरबैग खुल गए।

### घटना दुखदायी, चालक जिम्मेदार : बृजभूषण



कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने एक मीडिया चैनल से बातचीत में कहा कि घटना दुखदायी है। दुर्घटना के लिए चालक जिम्मेदार है। पीड़ित परिवार के साथ मेरी संवेदना है, हरसंभव मदद की जाएगी।

### दुर्घटना दुर्भाग्यपूर्ण, मैं पीड़ित परिवार के साथ : करण भूषण

जासं • गोंडा : भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह ने कहा कि दुर्घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और मैं पीड़ित परिवार के साथ हूं। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर दूसरा वाहन भेजकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन वह नहीं बच सके। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि दुर्घटना से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाकर जिस तरीके से मेरे विरुद्ध खबरें दिखाई जा रही हैं उन जिम्मेदार व्यक्तियों से मेरा अनुरोध है कि सनसनी फैलाने से बेहतर है कि खबरों की पुष्टि करें और सच को दिखाएं।



### न्याय का गला घोंट रहा पुलिस प्रशासन : अमिताभ ठाकुर

जासं • गोंडा : पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने निंदूरा गांव में पीड़ित परिवार से भेंटकर ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन उक्त प्रकरण में पक्षपात पूर्ण कार्रवाई कर रहा है। मुकदमे में न तो सही धारा लगाई गई और न ही जांच। अनपढ़ महिला से अंगूठा लगवाया गया और तहरीर दूसरे व्यक्ति से मनमाफिक लिखवाई गई। बिना तकनीकी जांच कराए ही वाहन हटा दिया गया। न्याय का गला घोंटा जा रहा है। कहा कि न्याय न मिला तो वह पीड़ित परिवार की विधिक रूप से मदद करेंगे। उनके साथ सामाजिक कार्यकर्ता नूतन ठाकुर भी रहे।



### पीड़ित परिवार को दिया जाए 50-50 लाख मुआवजा : भगतराम

जासं, गोंडा : कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी भगतराम मिश्र ने गुरुवार को निंदूरा गांव में पीड़ित परिवार से भेंटकर ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा रेहान व शहजादे गरीब परिवार से थे। माता-पिता मजदूरी करके आजीविका चलाते है। दुर्घटना ने दो परिवारों से उनकी उम्मीदें छीन ली हैं। सरकार मृतकों के परिवार को 50-50 लाख रुपये का मुआवजा दे। घायल सीतापती के इलाज का पूरा खर्च उठाने के साथ ही परिवार को दस लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की गई है। पूर्व विधायक केके ओझा, फहीम अहमद पप्पू, कृष्ण मोहन श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# बिना कार्य भुगतान मामले में शिकायत की जांच शुरू

संसू, जागरण गोंडा : मनरेगा के तहत बिना कार्य कराए भुगतान की शिकायत पर जांच शुरू हो गई है। उपायुक्त श्रम रोजगार ने मनरेगा की परियोजनाओं का स्थलीय सत्यापन करके ग्रामीणों के बयान दर्ज किए।

हलधरमऊ ब्लाक की ग्राम पंचायत पिपरीरावत निवासी हरिप्रसाद ने बुधवार को सीडीओ को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान व सचिव मनरेगा के तहत बिना कार्य कराए ही मस्टर रोल में फर्जी हाजिरी भरकर भुगतान करा रहे हैं। गांव में अमृत सरोवर व संपर्क मार्ग की मिट्टी पटाई के नाम पर भुगतान किया गया है। प्रकरण की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की थी। उपायुक्त श्रम रोजगार जर्नादन प्रसाद यादव ने गुरुवार को गांव में स्थलीय जांच किया। उन्होंने ग्रामीणों से बयान लेने के साथ ही परियोजनाओं की माप कराई। उपायुक्त ने सोनहरा गांव में भी मनरेगा के परियोजनाओं की जांच की।

# किसानों के खिलाफ जेई ने दी तहरीर

खरगूपुर (गोंडा)। बिजली विभाग के अवर अभियंता ने बिना कनेक्शन के बिजली मोटर से खेत की सिंचाई कर रहे दो किसानों के विरुद्ध तहरीर दी है। विद्युत उपकेंद्र खरगूपुर के अवर अभियंता संतोष कुमार सिंह ने बताया कि कुम्हारन पुरवा व गोपालपुर शिवगढ़ देवतहा में दो लोग बिना कनेक्शन के विद्युत मोटर चलाकर खेत की सिंचाई कर रहे थे। इस संबंध में थाना एंटी पावर थेफ्ट में तहरीर दी गई है। (संवाद)

# 'यदि आप सच लिखेंगे तो पूरी दुनिया करेगी सम्मान'

- हिंदी पत्रकारिता दिवस पर सिंचाई विभाग डाक बंगले में हुई संगोष्ठी
- वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार एसपी मिश्र ने किया शुभारंभ

संसू, जागरण • गोंडा : सिंचाई विभाग डाक बंगले में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन शाखा ने हिंदी पत्रकारिता दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार एसपी मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कैलाशनाथ वर्मा व संचालन शिक्षक रघुनाथ पांडेय ने किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि पत्रकारिता शुरू से ही एक मिशन रहा है। वर्तमान परिवेश में चुनौतियां काफी बढ़ गई हैं। फिर भी हमें ईमानदारी और निष्ठा के साथ निडर होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। पत्रकारिता की चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माखनलाल चतुर्वेदी को कई बार जेल जाना पड़ा। फिर भी वह आजीवन पूरी निष्ठा के साथ पत्रकारिता से जुड़े रहे। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की नजरिया भी बहुत खूबसूरत होना चाहिए। यदि आप सच बोलेंगे, सच लिखेंगे पूरी दुनिया आपका सम्मान करेगी। वरिष्ठ पत्रकार अंचल श्रीवास्तव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में पत्रकारों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। फिर भी वह अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करते हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता बेहतर करने के लिए अध्ययन करना बहुत ही आवश्यक है। अध्ययन एक सतत प्रक्रिया है, जो हमेशा चलती रहती है। पढ़ने लिखने और सीखने की कोई उम्र नहीं होती है। आरसी पांडेय, विजय बहादुर तिवारी, महेंद्र तिवारी ने भी संबोधित किया। राहुल तिवारी, लखन लाल शुक्ल, मणिकांत तिवारी, उमेश मिश्र, आरके मिश्र, रविंद्र प्रताप सिंह, प्रमोद शर्मा, राजू मौर्य, ओमचंद शर्मा, चंदेश्वर तिवारी उपस्थित रहे। उधर गांधी पार्क स्थित टाउन हाल में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने कार्यक्रम आयोजित किया। जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने कहा कि पत्रकारिता सामाजिक सेवा है। इसे बनाए रखने में युवा पत्रकारों की महती भूमिका है। द्वेष भावना से ग्रस्त होकर खबरें न लिखे, तथ्यपूर्ण तरीके से खबरें प्रकाशित करें जिससे समाज में एकरूपता बनी रहे।




टाउन हाल में पत्रकारिता दिवस ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते जानकीशरण द्विवेदी • जागरण




सिंचाई विभाग फील्ड हास्टल में पत्रकारिता दिवस पर आयोजित बैठक करते श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिला अध्यक्ष कैलाश नाथ वर्मा • जागरण

# मोबाइल टावर संचालक पर 2.25 लाख का अर्थदंड

संसू, जागरण • गोंडा : मोबाइल टावर पर बिजली चोरी के मामले में न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए दोषी मिले संचालक को दंडित किया है। चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश राम दयाल ने ग्राम चकरौत कोतवाली कर्नलगंज निवासी रंजित सिंह उर्फ रंजीत प्रताप सिंह को दो लाख 25 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है।

विशेष लोक अभियोजक आरएन यादव ने बताया कि 21 सितंबर 2013 को प्रवर्तन दल फैजाबाद की टीम की जांच में इंडस मोबाइल टावर पर एलटी लाइन से डायरेक्ट कटिया लगाकर बिजली चोरी मिली थी। टीम के निरीक्षक अवर अभियंता बालक राम ने टावर संचालक के विरुद्ध बिजली चोरी का मुकदमा थाना परसपुर में कराया था। उन्होंने बताया कि न्यायालय द्वारा लगाए गए अर्थदंड को दोषित ने जमा करा दिया है।

# आज सेवानिवृत्त हो जाएंगे कमिश्नर



गोंडा। देवीपाटन मंडल के कमिश्नर और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी योगेश्वर राम मिश्र शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। 31 मई को मिश्र अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। सेवा अवधि के दौरान शुक्रवार का दिन उनके लिये खास है। कमिश्नर के विदाई समारोह के लिए प्रशासन की ओर से तैयारियां की गई हैं। अधिकारियों समेत अन्य लोगों को आमंत्रण दिया गया। शाम 7:00 बजे वेंकटाचार्य क्लब में प्रीतिभोज कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। (संवाद)

# पारा पहुंचा 45 डिग्री के पार, गश खाकर गिरे रिक्शा चालक की मौत

## लू के थपेड़ों ने किया बेहाल, घर से निकलते ही झुलसा रही चिलचिलाती धूप

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** नौतपा में गर्मी से लोग बिलबिला उठे हैं। पारा 45.7 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। लू के थपेड़ों ने लोगों को बेहाल कर दिया है। घर से बाहर निकलते ही चिलचिलाती धूप लोगों को झुलसा रही है। गर्मी से जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। शहर के बहराइच रोड स्थित कोल्ड स्टोर के पास बृहस्पतिवार की दोपहर बाद धूप में आया एक रिक्शाचालक अचानक गश खाकर गिर गया। उसे मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पिछले एक माह से लोग गर्मी से परेशान हैं। मौसम के करवट लेते ही पिछले एक सप्ताह से लूट के थपेड़ों ने लोगों को बेहाल कर रखा है। 25 मई से शुरू हुए नौतपा से पारा दिनों दिन चढ़ता जा रहा है। बृहस्पतिवार को पारा 45 डिग्री सेल्सियस से पार हो गया। वहीं न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रहा। बुधवार की रात भी लोगों ने दुपहरी जैसे गर्मी महसूस की।

कोतवाली नगर क्षेत्र के केशवपुर पहड़वा गांव निवासी अमित कुमार सोनकर (25) पुत्र जीवनलाल सोनकर शहर बहराइच रोड पर रिक्शा चलाता था। वह बृहस्पतिवार की दोपहर बाद तकरीबन चार बजे चिलचिलाती धूप में रिक्शा लेकर कोल्ड स्टोर के पास पहुंचा और गश खाकर गिर गया। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची मिश्रौलिया पुलिस ने उसे बेहोशी की हालत में मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। चौकी प्रभारी मिश्रौलिया पिंटू कुमार ने बताया कि रिक्शा चालक गर्मी में रिक्शा चलाकर आया था, गश खाकर गिर गया। उसे मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।



तेज धूप से बचने को चेहरा ढककर जाते लोग। -संवाद

### तेज गर्मी से रेलकर्मी बेहोश

**गोंडा।** इस प्रचंड गर्मी ने लोगों पर कहर बरपाना शुरू कर दिया है। बृहस्पतिवार को ड्यूटी के दौरान चक्कर आने से रेलवे का आरक्षण क्लर्क विकल्प भारद्वाज बेहोश हो गया। जिसे साथी कर्मचारियों ने एंबुलेंस से रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर ने बताया कि स्थिति कंट्रोल में है। (संवाद)

### चुनाव ड्यूटी में गए गोंडा निवासी होमगार्ड की मौत

**मिर्जापुर।** गोंडा जनपद के कोतवाली शहर के बड़गांव निवासी अरुण कुमार श्रीवास्तव (55) होमगार्ड हैं। ये लोकसभा चुनाव में अंतिम चरण में मिर्जापुर में होने वाले मतदान के लिए ड्यूटी करने गए थे। ये होमगार्ड के अन्य जवानों के साथ भरुहना स्थित जीडी बिनानी कॉलेज परिसर में रुके थे। दोपहर में अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। उनको उपचार के लिए मंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जांच में उनकी बीपी बढ़ी मिली। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि लू लगने के कारण मौत हुई है। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देहात कोतवाल राणा प्रताप यादव ने बताया कि बिनानी कॉलेज में रुके होमगार्ड की तबीयत खराब हो गई। अस्पताल ले जाने पर उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। (संवाद)

### तेज धूप में पैदल चल रहा राहगीर सड़क पर गिरा, मौत

**तुलसीपुर (बलरामपुर)।** तुलसीपुर-हरैया मार्ग पर पैदल चल रहे एक 50 वर्षीय राहगीर देवीपाटन मेला गेट के पास चक्कर खाकर अचानक गिर पड़ा। अस्पताल में चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मृतक की पहचान करने में लगी है।

वहीं राहगीरों का कहना है कि भीषण गर्मी के चलते की राहगीर अचानक गिर पड़ा, जिससे उसकी मौत हो गई, हालांकि चिकित्सक गर्मी से मरने की पुष्टि नहीं कर रहे हैं। कस्बे के श्याम तिवारी का कहना है कि दोपहर में वह देवीपाटन मेला परिसर के निकट अपने निजी काम से गए थे। बताया कि दोपहर के समय दोपहर के करीब 12 बजे एक व्यक्ति पैदल ही चलते-चलते देवीपाटन मेला गेट के पास अचानक गर्मी से गश खाकर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने उसे आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर पहुंचाया।
चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी है। जिला आपदा विशेषज्ञ अरुण सिंह ने बताया गर्मी की स्थितियों पर नजर रखी जा रही है। तुलसीपुर की घटना के बारे में पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर ही स्थिति साफ होगी। (संवाद)

# कारोबारी हत्याकांड में तीन युवक हिरासत में, पूछताछ

**दोस्तों संग कार से गया था सूरज गुप्ता, दम निकलते ही छोड़कर भाग निकले थे साथी**

**गोंडा-लखनऊ हाईवे पर लालपुर चंद्रभान में सम्मय माता स्थान के पास मिला था शव**

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। नगर कोतवाली क्षेत्र के रानीबाजार के रहने वाले कारोबारी सूरज हत्याकांड में पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ कर रही है। हत्या से पहले सूरज दोस्तों संग कार से गया था। सूरज का दम निकलते ही उसके साथी शव छोड़कर भाग निकले थे। पुलिस पूछताछ से पता लगाने का प्रयास कर रही है कि सूरज के शरीर में चोट कैसे आई और हत्या से पहले क्या हुआ था। पुलिस इन सभी सवालों के जवाब तलाशने में जुटी है।



सूरज गुप्ता (फाइल फोटो)

अमर उजाला फॉलोअप

रानीबाजार के रहने वाले गल्ला व्यापारी धर्मप्रकाश गुप्ता का छोटा बेटा चीनी कारोबारी सूरज गुप्ता (26) सोमवार की रात तकरीबन आठ बजे घर से पैदल ही घूमने के लिए कहकर निकला था। मगर देर रात तक घर नहीं लौटा। दूसरे दिन मंगलवार की सुबह कोतवाली पुलिस से सूचना मिली कि उसका शव गोंडा-लखनऊ मार्ग पर लालपुर चंद्रभान गांव के सम्मय माता स्थान के पास पड़ा है। उसके चेहरे व शरीर के संग सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले थे। उसका मोबाइल फोन भी गायब था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया तो उसके शरीर पर मिले चोट के निशान के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की।

## नहीं सुलझ रही सम्मय माता स्थान पर जाने की गुत्थी

- गोंडा-लखनऊ हाईवे से 200 मीटर अंदर लालपुर चंद्रभान गांव के समीप सम्मय माता स्थान सूरज दोस्तों संग गया था या उसे जबरन ले जाया गया। हत्या के बाद लोगों की नजरों से बचने के लिए उसका शव फेंकने सभी दोस्त कार लेकर वहां गए थे। उसकी हत्या सम्मय माता स्थान पर ले जाकर ही की गई। ऐसे सभी सवाल की गुत्थी उलझ गई है। पुलिस सूरज के सीडीआर से मिले सभी नंबरों को खंगालने के साथ ही सवालों के जवाब तलाश रही है।

सूरज के मोबाइल का सीडीआर (कॉल डिटेल रिकॉर्ड) निकाला गया तो उससे कई लोगों से बातचीत व हत्या की रात उसके साथ गए साथियों के नंबर मिले। जिसके आधार पर पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में लिया है। पुलिस इनसे क्रॉस प्रश्न करते हुए तफ्तीश कर रही है। हिरासत में लिए गए युवकों से पुलिस सूरज के शरीर में चोटें कैसे आईं और हत्या से पहले उसके संग क्या हुआ था, इन सभी सवालों के जवाब तलाशने में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि पूछताछ की जा रही है।

# नाराज उपभोक्ताओं ने घेरा बिजली उपकेंद्र

संवाद न्यूज एजेंसी

धानेपुर (गोंडा)। नगर पंचायत धानेपुर में आए दिन हो रही विद्युत समस्या से आजिज लोग बृहस्पतिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बृजभूषण वर्मा की अगुवाई में धानेपुर विद्युत उपकेंद्र पहुंच गए। यहां उपकेंद्र का घेराव किया।

भाजपा नेता वर्मा ने आरोप लगाते हुए बताया कि बुधवार को नगर वार्ड 15 में लगे ट्रांसफॉर्मर का फ्यूज उड़ गया। जिसे जोड़ने के लिए संबंधित लाइनमैन को बुलाया गया, लेकिन लाइन नहीं जोड़ी गई। जिससे करीब 300 लोगों को इस भीषण गर्मी में बिना बिजली के रात बितानी पड़ी। काफी कहने सुनने के बाद बृहस्पतिवार को करीब 12 बजे उक्त ट्रांसफॉर्मर का फ्यूज जोड़ कर लाइन चालू की गई।



धानेपुर बिजली उपकेंद्र में लाइनमैन से बात करते जेई, साथ में एसडीओ व अन्य। - संवाद

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, सभासद सुशील सिंह, शकील अहमद, अनवारुल हक, शोएब, नफीस अंसारी, पवन तिवारी, जोगेंद्र मोदनवाल, पवन यादव, पंकज वर्मा व बब्लू विश्वकर्मा के साथ बिजली

## बिजली कटौती पर जताई नाराजगी

उपकेंद्र पहुंचे और घेराव कर दिया। इसके बाद एसडीओ व जेई से शिकायत दर्ज कराई। लाइनमैन पर आरोप लगाते हुए समस्याएं गिनाईं।

एसडीओ पीयूष सिंह ने बताया कि लोगों की समस्याओं को सुना गया है। उसे शीघ्र ही निस्तारित कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि संबंधित लाइनमैन से पूछताछ की गई है तथा उसे चेतावनी दी गई है। यदि पुनः शिकायत मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी केसीसी बनवाने के आरोपी को नहीं मिली जमानत

संवाद न्यूज एजेंसी

**अदालत से**

गोंडा। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जालसाजी कर फर्जी तरीके से बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) से ऋण लेने के मामले में आरोपी का अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया है।

भारतीय स्टेट बैंक की मनकापुर शाखा के प्रबंधक अमित कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि बैंक के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ धोखाधड़ी करके मोतीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सोंठिया निवासी सियाराम ने नौ मार्च 2017 को दो लाख 20 हजार रुपये का केसीसी ऋण लिया था। उसने बैंक को फर्जी शपथ पत्र देकर कहा था कि वह न तो किसी अन्य बैंक के कर्जदार हैं और न ही उन्होंने अपनी जमीन किसी को बिक्री किया है। जबकि उसने प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की मोतीगंज शाखा से भी तीन लाख का केसीसी ले रखा था।

एसपी के आदेश पर दो अप्रैल 2024 को केस दर्ज कर मोतीगंज पुलिस विवेचना कर रही है। शासकीय अधिवक्ता के अनुसार बृहस्पतिवार को सुनवाई के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-पंचम राजबहादुर रामदेव यादव ने आरोपी सियाराम का अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया।

# मेडिकल स्टोर की आड़ में चल रहा क्लीनिक सील

## एक लाख रुपये से अधिक की दवाएं सीज, चार नमूने लिए

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। मेडिकल स्टोर की आड़ में चल रहे क्लीनिक को बुधवार शाम खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम ने सील कर दिया। साथ ही लगभग एक लाख रुपये की एलोपैथिक दवाओं को सीज कर दिया गया। चार संदिग्ध दवाओं के सैंपल लिए गए और जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया।

देवीपाटन मंडल के सहायक आयुक्त (औषधि) मनोज कुमार ने बताया कि उन्हें धानेपुर थाना क्षेत्र के पूरे तेंदुआ कुतुवगंज बाजार में अवैध क्लीनिक संचालन की सूचना मिली थी, जिस पर उन्होंने गोंडा की औषधि निरीक्षक रजिया वानो व बलरामपुर के औषधि निरीक्षक आलोक कुमार त्रिवेदी की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जांच के लिए भेजा। जिस वक्त टीम मेडिकल स्टोर पर पहुंची, वहां क्लीनिक संचालित हो रहा था। मेडिकल स्टोर के पीछे के दो कमरों में चार मरीजों को भर्ती किया गया था और ग्लूकोज चढ़ाने के साथ ही उनका उपचार किया जा रहा था।

टीम ने लगभग एक लाख रुपये की एलोपैथिक दवाएं सीज कर दीं। चार दवाओं के नमूने जांच के लिए भेजे। मेडिकल स्टोर सील करने की कार्रवाई से पूरे बाजार में अफरातफरी मच गई। दूसरे मेडिकल स्टोर वाले भी शटर बंदकर भाग निकले। उन्होंने बताया कि मेडिकल स्टोर का संचालन बलरामपुर के रेहरा बाजार देवारी खेरा निवासी की ओर से किया जा रहा है। जल्द ही मामले में विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

# बिना लाइसेंस के नशीली दवा बेचने वाले मेडिकल स्टोर पर छापा, कराया बंद

### जांच के लिए औषधि निरीक्षक ने कब्जे में ली इंजेक्शन व दवाएं

### एसपी के निर्देश पर मेडिकल स्टोर पर मारा गया छापा

संवाद न्यूज एजेंसी

महदेइया बाजार (बलरामपुर)। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर पुलिस व औषधि विभाग की टीम ने बृहस्पतिवार को श्रीदत्तगंज बाजार स्थित एक मेडिकल स्टोर छापा मारा। छापे के दौरान मेडिकल स्टोर में भारी मात्रा में नशीली दवा व इंजेक्शन मिला। नशीली दवा व इंजेक्शन खरीदने व बेचने के संबंध में कोई वैध कागजात न मिलने पर औषधि निरीक्षक ने दवाओं को जब्त कर लिया है। इसके बाद मेडिकल स्टोर को बंद करा दिया गया है।

श्रीदत्तगंज बाजार स्थित कौशल फार्मा मेडिकल स्टोर पर बिना चिकित्सक के परामर्श के नशीली दवा व इंजेक्शन बेचे जाने की शिकायत स्थानीय लोगों ने पुलिस अधीक्षक से की थी। शिकायत पर पुलिस अधीक्षक ने मेडिकल स्टोर की जांच के लिए टीम गठित करते हुए छापा मारने का निर्देश दिया था। थानाध्यक्ष श्रीदत्तगंज अनिल कुमार दीक्षित, निरीक्षक जगतराम मौर्य व उप निरीक्षक सुनील कुमार यादव के साथ पुलिस टीम ने मेडिकल स्टोर पर छापा मारा।

नशीली दवा व इंजेक्शन बेचने के संबंध में पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो मेडिकल स्टोर संचालक ने बताया कि उसके पास मेडिकल स्टोर का लाइसेंस है। बताया कि कभी-कभी चिकित्सक के परामर्श के बिना ही वह लोगों को नशे की दवा व इंजेक्शन दे देता है। पुलिस टीम ने दवाओं की जांच के लिए औषधि निरीक्षक आलोक त्रिवेदी को भी मेडिकल स्टोर पर बुलाया।

औषधि निरीक्षक ने दवाओं की जांच तो तमाम इंजेक्शन व दवा नशे से संबंधित पाए गए। इन दवाओं के संबंध में संचालक कोई खरीदने व बेचने से संबंधित कागजात भी नहीं दिखा सका। औषधि निरीक्षक ने नशीली दवा व इंजेक्शन को कब्जे में लेकर दुकान को बंद करा दिया है। औषधि निरीक्षक ने बताया कि दवाओं की जांच की जा रही है। जांच में अनियमितता मिलने पर संचालक के खिलाफ केस दर्ज कराया जाएगा। वहीं थानाध्यक्ष अनिल कुमार दीक्षित ने बताया कि औषधि निरीक्षक की जांच रिपोर्ट के आधार पर संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# महिला से दुष्कर्म के आरोपी की जमानत याचिका हुई खारिज

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने घर में घुसकर महिला से जबरन दुष्कर्म के मामले में आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार खोड़ारे थाना क्षेत्र की एक महिला ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उसके पति रोजगार के सिलसिले में पूना रहते हैं। 28 नवंबर 2023 को रात करीब आठ बजे वह बच्चों के साथ घर में अकेली थी, तभी राजेश कुमार वर्मा गंदी नीयत से घर में घुस आया और दुष्कर्म करने लगा। शोर मचाने पर वह अपशब्द कहकर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया।

थोड़ी देर बाद ही उसने उसके भुसैल और कंडौर में आग लगा दी। अदालत के आदेश पर केस दर्ज कर पुलिस ने विवेचना की आरोपी राजेश कुमार वर्मा के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। बृहस्पतिवार को सुनवाई के दौरान मुकदमे के साक्ष्य, तथ्य, परिस्थितियों व अपराध की गंभीरता को देखते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफटीसी-नवीन) नम्रता अग्रवाल ने आरोपी राजेश कुमार वर्मा का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

**दलित युवती से दुष्कर्म के आरोपी को नहीं मिली जमानत :** गोंडा। विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) ने मारपीट व दलित युवती से दुष्कर्म के मामले में आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार कटराबाजार थाना क्षेत्र की एक दलित महिला ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उसकी 21 साल की लड़की 29 अप्रैल 2024 को रात में नौ बजे नित्य क्रिया के लिए बगल के खेत में गई थी।

उसके शोर मचाने पर वह मौके पर पहुंची तो देखा कि बेटी दर्द से कराह रही है और कपड़े भी फटे हैं। बेटी ने बताया कि अंजनी ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया है और जान से मारने की धमकी दी है। केस दर्ज कर पुलिस ने विवेचना की और जान से मारने की धमकी, दुष्कर्म व एससी-एसटी एक्ट के अपराध का सबूत मिलने पर आरोपी अंजनी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। बृहस्पतिवार को सुनवाई के दौरान मुकदमे के साक्ष्य, तथ्य, परिस्थितियों व अपराध की गंभीरता को देखते हुए विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) नासिर अहमद ने आरोपी सोनू का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया। (संवाद)

## महुलीखोरी हत्याकांड के आरोपी गैंगस्टर की जमानत याचिका निरस्त

गोंडा। तीन माह पूर्व छपिया थाना क्षेत्र के महुलीखोरी में हुए बहुचर्चित हत्याकांड और गैंगस्टर एक्ट में आरोपी अभियुक्त का जमानत प्रार्थना पत्र न्यायालय ने निरस्त कर दिया है। छपिया थाने की पुलिस ने 13 फरवरी 2024 को क्षेत्र के ग्राम महुलीखोरी में टिनशेड लगाने को लेकर हुए विवाद में हत्या और जानलेवा हमले में आरोपी ग्राम महुलीखोरी के पांडेयपुरवा निवासी गब्बर उर्फ राजू यादव, मायाराम यादव, राजकुमार यादव उर्फ किन्नी, अर्जुन यादव, विकास यादव और दुर्गेश यादव पर गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस मामले में विवेचना कर रही है। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि बृहस्पतिवार को सुनवाई के दौरान मुकदमे के साक्ष्य, तथ्य, परिस्थितियों व अपराध की गंभीरता को देखते हुए विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) राजबहादुर रामदेव यादव ने आरोपी राजकुमार यादव का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया। (संवाद)

अदालत से




# दहेज हत्या में आरोपी पति गिरफ्तार

**बेलसर (गोंडा)।** थाना उमरीबेगमगंज के मंगुरा बाजार में बीते नौ मई को शादी की सालगिरह पर महिला की मौत के मामले में उमरीबेगमगंज पुलिस ने पति आनंद कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थाना देहात कोतवाली के ठठिया मेटैहिया निवासी दीनानाथ ने अपने बेटी साक्षी उर्फ लक्ष्मी की शादी नौ मई 2022 को थाना उमरी बेगमगंज के मंगुरा बाजार में आनंद कुमार के साथ की थी। सालगिरह के दिन सुबह किसी बात को लेकर दोनों के बीच में मतभेद हो गया था। इसके बाद साक्षी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। चौकी प्रभारी रजनीश द्विवेदी ने बताया कि आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। (संवाद)

# मारपीट के मामले में दस आरोपियों पर केस

**तरबगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के दो ग्राम पंचायतों में आपसी व जमीन विवाद को लेकर हुए मारपीट मामले में दस आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। चिवरहा बाज पुरवा निवासी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को आपसी विवाद में गांव के बृजेश व उसकी पत्नी लक्ष्मी अभद्रता कर उसे व पत्नी को लाठी-डंडे से मारापीटा। कौंचिहा गोसाईं पुरवा निवासी सुशील कुमार ने गांव के जगदंबा, विष्णु मनोहन व गुल्ले की पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि बुधवार को हुए विवाद में आरोपियों ने अभद्रता कर लाठी से मारापीटा। बचाने आये बेटे श्रवण व बेटी रज्जू को भी मारापीटा व धमकी दी है। जबकि दूसरे पक्ष के जगदंबा ने भी अभद्रता, मारपीट व धमकी मामले में सुशील, संतोष, इंस्पेक्टर व रज्जू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक समशेर बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# कोटेदार पर पिटाई कराने का आरोप

**मोतीगंज (गोंडा)।** मोतीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़वलिया के कोटेदार विजयभान ने अपने गुर्गे राकेश से गांव के ही एक युवक को पिटवाया। पीड़ित युवक रामविलास उस समय गन्ने के खेत की सिंचाई करा रहा था। बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पर दो वीडियो वायरल हुए। जिसमें पहले वीडियो में आरोपी युवक लाठी लेकर दौड़ा रहा है व दूसरे वायरल वीडियो में गाली देकर जान से मारने की धमकी देता है। तहरीर में कहा है कि बीते 28 मई को विजयभान व राकेश कुमार खेत में आए और अभद्रता के साथ मारने लगे। कोटेदार विजयभान का कहना है आपस का विवाद है, चलता रहता है। थानाध्यक्ष मोतीगंज प्रतिभा सिंह का कहना है कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है। (संवाद)

# पीड़ित परिजनों से मिले भगतराम मिश्र, सीएम से 50 लाख मुआवजे की मांग



करनैलगंज (गोंडा)। हादसे में जान गंवाने वाले दो युवकों के परिजनों से बृहस्पतिवार को सपा प्रत्याशी व अधिवक्ता भगत राम मिश्रा भी मिले। उन्होंने कहा कि प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार है जिनका बुलडोजर सही और गलत का फैसला करता है। उन्होंने योगी आदित्यनाथ से पीड़ित परिवार को 50-50 लाख रुपये मुआवजे की मांग की। इस दौरान विधायक केके ओझा, फहीम अहमद पप्पू, पंकज गोस्वामी, गौरव गोस्वामी, राजीव तिवारी, रिशु तिवारी, गिरजा शंकर, भोला यादव मौजूद रहे। (संवाद)

# नायब और कानूनगो को चेतावनी, लेखपाल को मिली प्रतिकूल प्रविष्टि

गोंडा। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मनमाने तरीके से रिपोर्ट भेजने पर सदर एसडीएम अवनीश कुमार त्रिपाठी ने धानेपुर नायब तहसीलदार अहमद हसन और श्रीनगर राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) शिवदास को चेतावनी जारी की गई है। वहीं गूंगीदेई लेखपाल अरुण कुमार शर्मा को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दी।

रेतवागाड़ा के साधन सहकारी समिति की ओर से गत दो अप्रैल को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होना था। मगर धानेपुर नायब तहसीलदार अहमद हसन पर बिना जांच किए मनमानी रिपोर्ट भेज दी। इस पर पदीय दायित्व का निर्वाहन करने और निर्वाचन कार्य में बाधा डालने को लेकर नायब तहसीलदार को चेतावनी नोटिस जारी किया है। इसी मामले में श्रीनगर राजस्व निरीक्षक शिवदास को भी नोटिस दिया गया है। वहीं गूंगीदेई लेखपाल अरुण कुमार शर्मा को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। (संवाद)

# न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभा रहा वकील : योगेश्वर

संवाद न्यूज एजेंसी

## पीड़ितों को न्याय दिलाने अहम भूमिका निभा रहा वकील



गोंडा के कचहरी परिसर में मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र को सम्मानित करते अधिवक्ता। - स्रोतः निजी

गोंडा। अधिवक्ता समाज पेशा गरीबों, असहायों और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को न्याय दिलाने अहम भूमिका का निर्वाह कर रहा है। इससे जुड़े लोगों को वादकारी की वास्तविक स्थिति का भी ध्यान रखना चाहिए ताकि उसे सस्ता और सुलभ न्याय मिल सके।

यह बातें अधिवर्षता आयु पूरी कर 31 मई 2024 को सेवानिवृत्त हो रहे देवीपाटन मंडल के आयुक्त योगेश्वरराम मिश्र ने कार्यालय परिसर में विदाई कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने नवआगंतुक अधिवक्ताओं को सतत अध्ययन और समयबद्धता की सीख दी।

कहा कि इस पेशे में आने वाले लोगों के लिए प्रगति की अपार संभावनाएं हैं। कार्यक्रम के आयोजक कमिश्नरी के वरिष्ठ अधिवक्ता रावेंद्र सिंह समेत अन्य अधिवक्ताओं ने फूल माला, अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर अपर आयुक्त प्रशासन राम प्रकाश, अपर आयुक्त न्यायिक जेपी गुप्ता, उपायुक्त खाद्य एसके सिंह, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संगमलाल द्विवेदी, शेर बहादुर सिंह, गंगा प्रसाद मिश्र, केके मिश्र, रामशंकर पांडेय, अजय सिंह, वीपी तिवारी, भगौती पांडेय, सुनील पांडेय, शशी श्रीवास्तव, एमपी सिंह, विवेक पांडेय आदि मौजूद रहे।

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 31-05-2024

# मादा तेंदुए की निगरानी को लगाया कैमरा

ललिया, संवाददाता। ललिया थाना क्षेत्र के ठाकुरजोत के मिश्रपुरवा गांव किनारे दो दिन पूर्व झाड़ी में मादा तेंदुए के साथ दो शावकों के दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत है। वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क किया है। ठाकुरजोत मिश्रपुरवा के निकट ट्रैपिंग कैमरा लगवाकर तेंदुए की निगरानी शुरू की गई है। वन विभाग ने क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया है।



तेंदुए की निगरानी के लिए ट्रैपिंग कैमरा लगाते वन कर्मी।

मिश्रपुरवा गांव निवासी विश्राम मौर्य, विष्णु दयाल मौर्य, सुनील कुमार, जुगुल किशोर शुक्ल ने बताया कि गांव में तेंदुआ व उसके दो शावकों को लगातार देखा जा रहा है। तेंदुआ अपने शावकों के साथ गन्ना खेत व कड़ी धूप होने पर गांव के बाहर झाड़ी में घुस जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुए ने गांव के एक कुत्ते के साथ कई अन्य मवेशियों को अपना निवाला बना चुका है। जिसके अवशेष खेत में पाए गए हैं। गंगाराम, मालके, सालिक, मनोज आदि बताया कि तेंदुए के भय से महिलाओं एवं बच्चों का घर से निकलना दुश्वार हो गया है। शाम ढलते ही लोग अपने घरों में दुबक जाते हैं।

# चार वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना श्रीदत्तगंज पुलिस ने चार वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त न्यायालय से वांछित चल रहे थे। उपनिरीक्षक रमेश यादव ने बताया कि दयानंद, प्रमोद, अमिरका, सुरेश न्यायालय से वांछित चल रहे थे। जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के सुपुर्द कर दिया गया है।

# ई-रिक्शा के चलते लगता है जाम

बलरामपुर। वीर विनय चौराहा से चौक बाजार तक बैटरी रिक्शा के चलते लोगों का चलन दूभर है। बैटरी रिक्शा चालक बिना लाइसेंस चौक बाजार में दौड़ लगाते रहते हैं। जिससे बाजार में आए दिन जाम लग जाती है तथा लोगों को जाम की समस्या को झेलना पड़ता है। नगर वासी राघवेंद्र पांडेय, शाहिद अहमद, चंदन, बृजेश मिश्रा आदि ने मुख्य बाजार को एकल मार्ग करने की मांग की है।

# अवैध तमंचे के साथ पुलिस ने दबोचा

बलरामपुर। अवैध तमंचे के साथ एक अभियुक्त को उस समय रेहरा बाजार की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जब वह थाना क्षेत्र में 12 बोर अवैध तमंचे के साथ क्षेत्र में घूम रहा था। अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया है। उपनिरीक्षक धर्मराज यादव ने बताया कि उप निरीक्षक सूर्य प्रकाश शर्मा व कांस्टेबल अजीत के साथ क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। क्षेत्र में घूमते हुए हरकेश सिंह उर्फ शेरा पुत्र स्वर्गीय राम भवन सिंह की तलाशी ली गई। जामा तलाशी के दौरान उसके पास से एक 12 बोर अवैध तमंचा के साथ एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

**लापरवाही** | कभी पुलिस न मिलने तो कभी त्योहारों का हवाला देकर प्रशासन अतिक्रमण करने वालों को दे रहा है अभयदान

# अतिक्रमण हटाने के अभियान का भी असर नहीं

- अतिक्रमण करने पर जुर्माने का प्रावधान है
- कार्रवाई न होने से लोगों के हौसले बुलंद हैं

गैंड़ास बुजुर्ग, संवाददाता। अतिक्रमण हटाने के लिए चलाया जाने वाला अभियान केवल कुछ टीनशेड और होर्डिंग्स की बलि देकर ही खत्म हो जाता है। कभी पुलिस न मिलने तो कभी त्योहारों का हवाला देकर प्रशासन अतिक्रमण करने वालों को अभयदान देता आ रहा है। प्रशासन चाहे तो अतिक्रमणकारियों से जुर्माना वसूल सकता है, लेकिन अभी तक ऐसी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

अतिक्रमण हटाने के लिए एक वर्ष पूर्व उतरौला नगर में अभियान चलाया गया था। जिसमें केवल कुछ टीनशेड, होर्डिंग्स, फुटपाथ पर लगा गन्ना जूस, मोची व कसगढ़ के मिट्टी बर्तनों की बलि देकर ही खत्म हो गई थी। कभी पुलिस न मिलने तो कभी त्योहारों का हवाला देकर प्रशासन अतिक्रमण करने वालों को अभयदान देने में लगा रहता है। शहरी क्षेत्रों में स्थाई और अस्थाई


नगर का मुख्य बाजार में सड़क की पटरियों पर कर लिया गया है अतिक्रमण।

अतिक्रमण हटवाने का दायित्व निकायों का है, लेकिन उतरौला निकाय के अधिशासी अधिकारी के पास मजिस्ट्रीयल अधिकार नहीं है। वह बिना एसडीएम अथवा तहसीलदार और पुलिस बल के अतिक्रमण नहीं हटा सकते।

अतिक्रमण अभियान न चलने का एक कारण बड़े अफसरों का अतिक्रमण हटाओ अभियान में दिलचस्पी न लेना है। निकाय अतिक्रमण हटाने के लिए घोषणा तो करता हैं, लेकिन अफसर ही निर्धारित समय पर नहीं पहुंचते हैं।

इसके अलावा कई बार पुलिस बल न मिलने तो कई बार त्योहारों को देखते हुए अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है। नगर पालिका अतिक्रमणकारियों पर जुर्माना लगा सकती है, लेकिन प्रावधान न होने का बहाना बनाकर जुर्माने की कार्रवाई को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। यहीं कारण है कि उतरौला नगर क्षेत्र में अतिक्रमण तेजी से बढ़ता जा रहा है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा के चारों तरफ, मुख्य बाजार व हाटन रोड तिराहा से नगर के अंतिम सीमा तक सड़क के दोनों पटरियां अतिक्रमण की चपेट में हैं, जिससे लोगों को आए दिन जाम की समस्या को जूझना पड़ता है। लोगों का आरोप है कि नगर पालिका स्थायी अतिक्रमण हटवाने की कोशिश तक नहीं करता। प्रशासन की ओर से एक बार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर कई साल की छुट्टी कर दी जाती है। जिससे अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद रहते हैं।

भगवतीगंज स्थित मतगणना स्थल मंडी समिति का एसपी ने लिया जायजा, सुरक्षा कर्मियों को दिए कड़े निर्देश

# पार्टियों के समर्थक कर रहे ईवीएम की रखवाली

**सत्ता संग्राम**

बलरामपुर, संवाददाता। ईवीएम की रखवाली में पार्टियों के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ प्रत्याशियों के समर्थक भी मुस्तैदी में जुटे हुए हैं। आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में पार्टियों व प्रत्याशियों के समर्थकों की ड्यूटी लगाई गई है। चिलचिलाती धूप व भीषण गर्मी पड़ने के बावजूद समर्थकों का हौसला नहीं टूट रहा है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, सीओ बृजनन्द राय व कोतवाल नगर शैलेश सिंह ने बुधवार देर शाम मतगणना स्थल का जायजा लिया। एसपी ने सुरक्षा कर्मियों को पूरी मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया।

भगवतीगंज स्थित मतगणना स्थल पर निरीक्षण के दौरान एसपी केशव कुमार ने सुरक्षा कर्मियों को निर्देशित किया कि मतगणना स्थल की निगरानी में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। मतगणना स्थल पर सतर्क दृष्टि रखें। थोड़ी सी भी आशंका होने पर उसका समाधान करें। कहा कि शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से मतगणना सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी सुरक्षा कर्मियों की है। छठवें चरण में श्रावस्ती लोकसभा सीट से जुड़ी तीन विधानसभाओं का चुनाव व गैसड़ी विधानसभा का उप चुनाव 25 मई को कराया गया था। पांचवें चरण में 20 मई को गोंडा लोकसभा से जुड़ी उतरौला विधानसभा का चुनाव हुआ था। मतदान कराने के बाद सभी ईवीएम मशीन को मंडी समिति परिसर स्थित स्ट्रांग रूम में जमा कराया गया था। ईवीएम की सुरक्षा में प्रशासन ने अर्द्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। बावजूद इसके पार्टियों व प्रत्याशियों के प्रत्याशियों ने भी अपने समर्थकों को ईवीएम की रखवाली करने की जिम्मेदारी सौंप रखी है। जिले में विपक्षी पार्टियों ने अब तक ईवीएम की सुरक्षा पर कोई सवाल नहीं उठाया है। पिछले दो लोकसभा चुनाव में ईवीएम की सुरक्षा में कोई खामी उजागर नहीं हुई है।


भगवतीगंज मंडी समिति में मतगणना स्थल पर ईवीएम की रखवाली का जायजा लेते एसपी

**ईवीएम रखवाली को पार्टी पदाधिकारियों ने संभाली जिम्मेदारी** : समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ. मणिक लाल कश्यप ने बताया कि उन्हें ईवीएम की सुरक्षा में कोई गड़बड़ी होने की आशंका नहीं है। बावजूद इसके पार्टी के कार्यकर्ताओं को तीन शिफ्ट में ड्यूटी करने की जिम्मेदारी दी गई है। भीषण गर्मी व कड़ी धूप में तीन समर्थक सुनील पटेल, कृष्णा राम वर्मा व सुधीर पटेल आठ-आठ घंटे की रखवाली का जिम्मा निभा रहे हैं। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि स्ट्रांग रूम में रखी ईवीएम मशीन की रखवाली के लिए पार्टी के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। बसपा प्रत्याशी मोहनुद्दीन खान ने कहा कि निगरानी कराई जा रही है। यही नहीं निर्दलीय प्रत्याशी शांति देवी ने भी ईवीएम की रखवाली के लिए रमेश पटेल, आशीष वर्मा व राजेश कुमार को जिम्मेदारी दे रखी है।

## मतगणना के लिए लगाए गए 420 कर्मी

जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह ने बताया कि लोकसभा सीट श्रावस्ती की तीन विधानसभा बलरामपुर, गैसड़ी व तुलसीपुर एवं लोकसभा सीट गोण्डा की विधानसभा उतरौला व गैसड़ी विधानसभा उप चुनाव की मतगणना चार जून को मंडी समिति में होगी। बताया कि मतगणना स्थल पर विधानसभावार 14-14 टेबल लगाई जाएगी। इसके अलावा प्रत्येक विधानसभा में तीन-तीन रिजर्व टेबल, एक-एक रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग आफीसर की टेबल होगी। प्रत्येक गणना टेबल पर एक-एक मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, माइक्रो आब्जर्वर व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी लगाए जाएंगे।

"सभी प्रत्याशियों को ईवीएम की रखवाली में योगदान देने के लिए 17 मई को पत्र लिखा गया था। प्रत्याशियों के समर्थकों को ईवीएम से भरे स्ट्रांग रूम से 300 मीटर की दूरी पर बैठने का सुझाव दिया गया है।"

**-प्रदीप कुमार**, एडीएम/उप जिला निर्वाचन अधिकारी बलरामपुर

# नशे की दवाएं बेचने पर मेडिकल स्टोर बंद कराया

**कार्रवाई**

- सीयूजी नम्बर पर मिली थी गड़बड़ी की सूचना
- स्टोर संचालक ने क्रय विक्रय का प्रमाण नहीं दिया

बलरामपुर, संवाददाता। थाना श्रीदत्तगंज पुलिस ने नशे के इंजेक्शन की बिक्री पर रोक लगाने को लेकर अभियान चलाया है। पकड़े गए मेडिकल स्टोर को अग्रिम आदेश तक बंद करा दिया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक की गठित टीम व थाना श्रीदत्तगंज की पुलिस ने संयुक्त रूप से की है।

एसपी केशव कुमार ने बताया कि सीयूजी नंबर पर सूचना मिली कि श्रीदत्तगंज थाना क्षेत्र के कौशल फार्मा मेडिकल स्टोर पर बिना चिकित्सक परामर्श के नशीले इंजेक्शन व दवाईयां खरीदी व बेची जा रही हैं। उन्होंने बताया कि मामले को लेकर टीम गठित की गयी। श्रीदत्तगंज थानाध्यक्ष एवं ड्रग इंस्पेक्टर आलोक द्विवेदी मौके पर पहुंचे। थाना श्रीदत्तगंज अनिल कुमार दीक्षित ने बताया कि हमराहियों के साथ मेडिकल स्टोर पर पहुंच कर पूछताछ की गई। जिस पर मेडिकल स्टोर संचालक ने बताया कि कभी कभार बिना चिकित्सक परामर्श के नशे का इंजेक्शन एवं दवाओं की विक्री की जाती है। छापेमारी के दौरान मेडिकल स्टोर संचालक नशीली दावों एवं इंजेक्शन के क्रय विक्रय का कोई प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं करा सके। वहीं इस दौरान मेडिकल स्टोर पर नशीली इंजेक्शन व दवाएं भी पाई गई। ड्रग इंस्पेक्टर आलोक द्विवेदी ने बताया कि नशीली दवाओं को कब्जे में ले लिया गया है। मेडिकल स्टोर को बंद कराकर औषधि प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी की जमानत रद्द

## तलाश

बलरामपुर, संवाददाता। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी की जमानत अपर जनपद न्यायाधीश ने निरस्त कर दी है। मामला थाना सादुल्लाह नगर से सम्बन्धित है।

शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पवन कुमार शुक्ला ने बताया कि थाना सादुल्लाह नगर क्षेत्र की एक महिला ने बीते आठ अप्रैल को प्राथमिकी दर्ज कराई। बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी घर से बिना बताए गायब है। जब वह सुबह सोकर उठी तो देखा कि उसकी बेटी घर पर नहीं है। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की तो पता चला कि गांव का ही मुर्तजा उनकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा। विवेचना के दौरान पीड़िता ने बताया कि मुर्तजा उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया और करीब डेढ़ माह तक उसके साथ दुष्कर्म किया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी मुर्तजा की जमानत निरस्त कर दी।

# नशीली दवा बिक्री पर बंद कराया मेडिकल स्टोर

जासं • बलरामपुर : औषधि निरीक्षक आलोक कुमार त्रिवेदी व श्रीदत्तगंज थाना प्रभारी अनिल कुमार दीक्षित की संयुक्त टीम ने नशीली दवा बेचने वालों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान श्रीदत्तगंज कस्बा स्थित कौशल फार्मा मेडिकल स्टोर पर बिना चिकित्सीय परामर्श के नशीली दवाएं व इंजेक्शन की बिक्री पाई गई। मेडिकल स्टोर को अग्रिम आदेशों तक बंद कराते हुए दवा बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। मेडिकल स्टोर संचालक विकास कौशल से स्पष्टीकरण मांगा है।

पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि उनके सरकारी नंबर पर दूरभाष से सूचना दी गई कस्बा श्रीदत्तगंज स्थित कौशल फार्मा मेडिकल स्टोर पर बिना चिकित्सक के परामर्श के नशीले इंजेक्शन व दवाइयां बेची जाती हैं। इस पर श्रीदत्तगंज पुलिस व औषधि निरीक्षक की टीम को छापेमारी के लिए भेजा गया। जांच के दौरान शिकायत सही पाई गई। कड़ाई से पूछताछ करने पर विकास कौशल ने स्वीकार किया कि मेरे पास मेडिकल स्टोर का लाइसेंस है। कभी-कभी चिकित्सक के बिना परामर्श के ही लोगों को नशे का इंजेक्शन व दवा बेच देता है। कोई प्रमाण पत्र भी नहीं था। औषधि निरीक्षक ने संचालक के विरुद्ध थाना में लिखित तहरीर दी है।

# निजी अस्पतालों में परखे अग्नि सुरक्षा के इंतजाम

## अपर सीएमओ ने तीन दिन में मांगा शपथ पत्र



नगर स्थित गीता नर्सिंग होम में अग्निशमन यंत्र की जांच करते अपर सीएमओ डा. एके चौधरी • सौ. विभाग

**जागरण प्रभाव**

जासं • बलरामपुर : बढ़ते तापमान के कारण संभावित अग्निकांड को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने गुरुवार को निजी नर्सिंग होम और चाइल्ड केयर सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पतालों में फायर अलार्म सिस्टम, अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन निकास, फायर फाइटर प्लांट आदि का निरीक्षण किया। 'दैनिक जागरण' ने 29 मई के अंक में नई दिल्ली में बेबी केयर न्यू बार्न अस्पताल में आग लगने से छह नवजातों की मौत का हवाला देते हुए 'अस्पतालों में आग से निपटने को सिलेंडर ही सहारा' शीर्षक से खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इसे देखते हुए जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सरकारी व निजी अस्पतालों में अग्निशमन संसाधनों की जांच का निर्देश दिया।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अजय शुक्ला व डा. अनिल चौधरी के नेतृत्व में टीम ने सिविल लाइन स्थित अल रहमान हास्पिटल, झारखंडी रेलवे स्टेशन स्थित निदान हास्पिटल, गीता नर्सिंग होम, बलरामपुर नर्सिंग होम, पन्ना लाल सरावगी लायंस नेत्र चिकित्सालय व दीप नेत्रालय का निरीक्षण किया। सीएमओ डा. मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि जिले के सभी अस्पतालों, नर्सिंग होम विशेषकर बच्चों के अस्पतालों में फायर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। सभी अस्पताल संचालकों को अग्नि सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने व क्षमता से अधिक व्यक्तियों का प्रवेश प्रतिबंधित करने की हिदायत दी गई है। साथ ही इलेक्ट्रिकल सेफ्टी के दृष्टिगत विद्युत उपकरणों व तारों का इलेक्ट्रिकल आडिट कराकर लोड के अनुसार उपकरण व तारों को स्थापित कराने का निर्देश दिया गया है।



अस्पतालों में आग से निपटने को सिलेंडर ही सहारा

दैनिक जागरण में 29 मई के अंक में प्रकाशित समाचार

40 व

# 24 घंटे बाद उतराता मिला किशोर का शव

संसू, जागरण •हरैया सतघरवा (बलरामपुर) : सिंगाही गांव के पास राप्ती मुख्य नहर में नहाने समय डूबकर गायब 17 वर्षीय अमर तिवारी का शव 24 घंटे बाद तुलसीपुर के गदाखौवा और नैकिनिया गांव के बीच नहर में उतराता मिला है।

प्रधान प्रतिनिधि बाबूलाल ने बताया कि बुधवार दोपहर अमर तिवारी राप्ती नहर में नहाते समय गहरे पानी में चले जाने के कारण डूब गया था। गुरुवार को गांव से करीब पांच किलोमीटर दूर गदाखौवा और नैकिनिया गांव के बीच नहर में शव उतराता मिला। प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# दुष्कर्म करने वाले को 10 वर्ष की सजा

संवादसूत्र, जागरण● बलरामपुर : विशेष सत्र न्यायाधीश पास्को एक्ट दीप नारायण तिवारी ने सलीम को नाबालिग से दुष्कर्म का दोषी करार देते हुए 10 वर्ष की सजा व 32 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

सरकारी अधिवक्ता पवन वर्मा ने बताया कि थाना महराजगंज तराई में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी को गांव के सलीम ने एक सितंबर 2018 को बहला फुसलाकर ले गया था। उसके सहयोग में नानकन व अकबर अली भी थे। पुलिस जांच के बाद लड़की को बरामद किया । पुलिस ने जांच के बाद सलीम के खिलाफ दुष्कर्म की धारा बढ़ाते हुए आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया।

नानकन व अकबर को जांच अधिकारी ने निर्दोष साबित कर दिया। सत्र परीक्षण के दौरान पत्रावली का अवलोकन करने के बाद न्यायाधीश पास्को एक्ट दीप नारायण तिवारी ने सलीम को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष की कैद और 32 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड में से 30 हजार रुपये पीड़ता को देने का आदेश दिया।

# मतगणना अभिकर्ताओं के पास जारी करने को अधिकारी नामित

जागरण संवाददाता ● बलरामपुर : लोकसभा श्रावस्ती सीट व गैंसड़ी विधानसभा उप चुनाव के मतों की गणना चार जून को नवीन कृषि मंडी समिति भगवतीगंज में होगी। लोकसभा श्रावस्ती सीट के 12 व गैंसड़ी विधानसभा के सात प्रत्याशियों के किस्मत का फैसला मतों के गिनती के साथ होगी। प्रत्याशियों ने मतगणना कराने के लिए अभिकर्ता बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि सहायक निर्वाचन अधिकारी मतगणना अभिकर्ताओं का फोटोयुक्त पहचान पत्र निर्गत करेंगे। इसके लिए विधानसभावार सहायक निर्वाचन अधिकारी नामित किए गए है।



भगवतीगंज मंडी समिति के गेट पर तैनात पुलिस कर्मी ● जागरण

मतगणना अभिकर्ताओं का पास जारी कराने के लिए प्रत्याशी या उनके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा फार्म 18 में आवेदन किया जाएगा। इसमें निर्वाचन अभिकर्ता का नाम, पता और उम्मीदवार या अभिकर्ता का हस्ताक्षर आवश्यक है। यह फार्म मतगणना की निर्धारित तिथि से तीन दिन पहले शाम पांच बजे तक प्राप्त कराना होगा। बलरामपुर में श्रावस्ती लोकसभा सीट की तीन विधानसभाओं गैंसड़ी, तुलसीपुर और बलरामपुर के मतों की गिनती की जाएगी। दो विधानसभाओं के मतों की गणना श्रावस्ती जिले में की जाएगी। इसके साथ ही गैंसड़ी विधानसभा उप चुनाव और गोंडा लोकसभा क्षेत्र के उतरौला विधानसभा के मतों की गणना होगी। प्रत्येक मतगणना हाल में 15 टेबल लगेंगी। रिटर्निंग आफिसर के हाल में एक एवं पोस्टल बैलेट की गिनती के लिए एक टेबल लगेगी।

### ये अधिकारी जारी करेंगे पास

विधानसभा भिनगा उप जिलाधिकारी भिनगा मोबाइल नंबर 9454416088, श्रावस्ती का उप जिलाधिकारी इकौना 9454416089, तुलसीपुर का अपर उपजिलाधिकारी बलरामपुर 9454416064, गैसड़ी का उपजिलाधिकारी तुलसीपुर 9454416057, बलरामपुर का उपजिलाधिकारी सदर 9454416055 व उतरौला विधानसभा का उप जिलाधिकारी उतरौला 9454416056 तथा गैसड़ी विधानसभा उप चुनाव के लिए उपजिलाधिकारी तुलसीपुर ही अभिकर्ता पास जारी करेंगे।

# अदालत ने सदाचार बनाए रखने का दिया आदेश

- जबरन दीवार गिराने के मामले में पांच अभियुक्तों को ठहराया दोषी

संवादसूत्र, जागरण ● बलरामपुर : अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट अनूप कुमार पांडेय न जबरन दीवार गिराने के मामले में पांच अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए एक वर्ष सदाचार बनाए रखने का आदेश दिया है।

थाना गौरा चौराहा के ग्राम आवर के निवासी जगराम ने वर्ष 2004 में अदालत पर परिवाद दायर करते हुए आरोप लगाया कि उनकी जमीन में 10 फीट दीवार का निर्माण था। इससे ग्राम चक्कीडीह आवर निवासी रामदीन, रामनाथ, बालक राम, निब्बर, रामधीरज छोटकऊ ने गिरा दिया। फरियादी ने गवाहों का बयान अंकित कराया गया। बचाव पक्ष से कहा गया कि दीवानी मुकदमे की रंजिश को लेकर झूठा परिवाद दायर किया गया है।

अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद पांच अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए आदेश दिया कि अभियुक्तगण 25-25 हजार का बंध पत्र प्रस्तुत कर साल भर सदाचार बनाएं रखेंगे। शर्त उल्लंघन की दशा में अदालत पुनः सजा के बिंदु पर सुनवाई करेगी।

### दुष्कर्म मामले में जमानत प्रार्थना पत्र खारिज

संवादसूत्र, जागरण ● बलरामपुर : विशेष सत्र न्यायाधीश दीप नरायण तिवारी ने दुष्कर्म करने के मामले में जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया है। सरकारी अधिवक्ता पवन कुमार शुक्ल ने बताया कि थाना सादुल्लाहनगर क्षेत्र की नाबालिग को गुलाम मुर्तजा बहला फुसलाकर भगा ले गया और जबरन दुष्कर्म किया। घटना की प्राथमिकी थाना सादुल्लाहनगर में दर्ज की गई। जमानत प्रार्थना पत्र पर कहा गया कि आवेदक निर्दोष है। पीड़िता बालिग है। प्रेम संबंध के कारण स्वयं चली गई थी। अभियोजन की ओर से कहा गया कि घटना सामाजिक अपराध है और जमानत का संदेश गलत जाएगा। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद मामला गम्भीर मानते हुए जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

## पांच वारंटियों को पकड़ा

बलरामपुर : श्रीदत्तगंज थाना की पुलिस ने चार व रेहराबाजार थाना पुलिस ने एक वारंटी आरोपित को गिरफ्तार किया है। श्रीदत्तगंज थाना प्रभारी अनिल दीक्षित ने बताया कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में अमारेभरिया गांव निवासी दयानंद, बदलपुर त्रिलोकपुर निवासी प्रमोद, अमिरका व सुरेश की गिरफ्तारी की गई है। रेहराबाजार थानाध्यक्ष ओपी सिंह चौहान ने बताया कि एससी-एसटी एक्ट से संबंधित वारंटी सदईकडीह शेरगंज ग्रिंट गांव निवासी संतराम राजभर को गिरफ्तार किया गया है। (जासं)

## अवैध तमंचा संग गिरफ्तार

बलरामपुर : रेहराबाजार थाना पुलिस ने अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद करते हुए आरोपित दवनपुरवा बढ़या फरीदखां गांव निवासी हरिकेश सिंह उर्फ शेरा सिंह को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ओपी सिंह चौहान ने बताया कि आरोपित के 12 बोर अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद होने पर आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया है। (जासं)



# अस्पतालों में आग से बचाव के हों मुकम्मल इंतजाम

बलरामपुर। बढ़ती गर्मी से संभावित आग की दुर्घटनाओं से बचाव के लिए अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने बृहस्पतिवार को निजी अस्पतालों में व्यवस्था की हकीकत परखी। उन्होंने निजी अस्पतालों का निरीक्षण में संचालकों को अग्निशमन यंत्रों की मरम्मत व फायर ऑडिट कराने का निर्देश दिया। सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी के निर्देश पर एसीएमओ डॉ. अजय कुमार शुक्ल, डॉ. अनिल कुमार चौधरी व पटल सहायक राजेश कुमार हंस की टीम ने बृहस्पतिवार को नगर स्थित अल रहमान हास्पिटल सिविल लाइन, निदान हास्पिटल, गीता नर्सिंग होम, बलरामपुर नर्सिंग होम, पन्नालाल सरावगी नेत्र चिकित्सालय व दीप नेत्रालय का निरीक्षण किया। (संवाद)

# तमंचे के साथ आरोपी को दबोचा

रेहरा बाजार (बलरामपुर)। पुलिस ने तमंचा व जिंद कारतूस के साथ एक आरोपी को धर दबोचा है। सीओ उतरौला प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि थाना रेहरा बाजार की पुलिस ने ग्राम दवनपुरवा बढ़या फरीद खां निवासी हरिकेश सिंह को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

# पुलिस ने वारंटी को भेजा जेल

रेहरा बाजार (बलरामपुर)। पुलिस ने वारंटी को जेल भेज दिया है। सीओ उतरौला प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि अनुसूचित जाति जनजाति सहित अन्य कई धाराओं में ग्राम सदईकडीह के मजरा शेरगंज ग्रिंट निवासी संतराम राजभर को उसके घर से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

# संस्थानों की सुरक्षा का लिया जायजा

बलरामपुर। बैंक व डाकघरों के ग्राहकों को सुरक्षा दिलाने के लिए वृहस्पतिवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। एसपी केशव कुमार के निर्देश पर कोतवाली नगर की पुलिस ने भारतीय स्टेट बैंक, पीएनबी व डाकघर की चेकिंग की। सीसीटीवी कैमरा व फायर अलार्म की भी जांच की गई। बैंक व डाकघर के कर्मचारियों से वार्ता की गई। (संवाद)

# चार आरोपी गिरफ्तार

श्रीदत्तगंज (बलरामपुर)। स्थानीय थाना की पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार दीक्षित ने बताया कि ग्राम अमारे भरिया निवासी दयानंद, प्रमोद, सुरेश व अमरिका को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

# 24 घंटे बाद नहर में उतराता मिला किशोर का शव



अमर तिवारी। _फाइल फोटो

**हरैया सतघरवा (बलरामपुर)।** बुधवार की सुबह राप्ती मुख्य नहर डूबे 17 वर्षीय अमर तिवारी का शव 24 घंटे बाद बृस्पतिवार की सुबह करीब पांच किमी दूर गदाखौवा गांव के पास उतराता मिला है।

प्रधान प्रतिनिधि बाबू लाल ने बताया कि हरैया थाना क्षेत्र के सिंगाही गांव निवासी अमर तिवारी बुधवार को अपने दोस्तों के साथ गांव के पास स्थित राप्ती मुख्य नहर में नहाने गया था। गहरे पानी में चले जाने के कारण डूब गया था। पुलिस व गोताखोरों के द्वारा उसकी तलाश की जा रही थी।

वहीं उसके पिता कमलेश तिवारी मुंबई थे, उन्हें सूचना दी गई। वह मुंबई से बृहस्पतिवार को लौटे, उनका रो- रोकर बुरा हाल है। अमर तिवारी का शव मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। (संवाद)

# मतगणना के दिन बंद रहेगा गोंडा मार्ग

## भगवतीगंज चौराहा से फुलवरिया बाईपास तक यातायात रहेगा प्रतिबंधित

संवाद न्यूज एजेंसी



वोटों की गणना करने का प्रशिक्षण देते जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अमित कुमार। संवाद

**बलरामपुर।** मतगणना के दिन चार जून को गोंडा रोड पर भगवतीगंज चौराहा से फुलवरिया बाईपास चौराहा तक सभी वाहनों के आवागमन पर रोक रहेगी। बैरिकेडिंग कराकर वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। रूट डायवर्जन करके वाहनों को शहर से बाहर निकाला जाएगा। मतगणना पूरी होने तक लोग इस रास्ते पर फर्राटा नहीं भर सकेंगे।

यातायात प्रभारी उमेश सिंह ने बताया कि गोंडा रोड स्थित भगवतीगंज मंडी परिसर में चार जून को श्रावस्ती लोकसभा सीट की तीन, गोंडा लोकसभा की एक व गैसड़ी विधानसभा सीट के उप चुनाव की मतगणना कराई जाएगी। मतगणना के दिन रूट डायवर्जन की व्यवस्था की जाएगी। गोंडा की तरफ से उतरौला जाने वाले छोटे-बड़े वाहनों को फुलवरिया बाईपास से होकर निकलेंगे। उतरौला से गोंडा जाने वालों को इसी रास्ते से गुजरना होगा। वहीं गोंडा से तुलसीपुर जाने वाले वाहनों को फुलवरिया बाईपास से नहर बालागंज होते हुए भगवतीगंज चौराहा से गुजरना होगा। बहराइच से गोंडा जाने वाले वाहनों को सेखुईकला चौराहा से फुलवरिया बाईपास स्थित रेलवे ओवरब्रिज से होकर गुजरना पड़ेगा।

**जुलूस नहीं निकाल सकेंगे प्रत्याशी :** चुनाव जीतने वाले प्रत्याशी जुलूस नहीं निकाल सकेंगे। मतगणना स्थल परिसर के अंदर व बाहर सुरक्षा बलों का पहरा लगा दिया गया है। मतगणना के दिन विजय जुलूस पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं। प्रमुख दलों के कार्यालयों के साथ ही प्रत्याशियों के चुनाव कार्यालयों पर कड़ी नजर रहेगी। इसके लिए पुलिस व मजिस्ट्रेट की टीमें मुस्तैद की गई हैं।

**20 जून तक धारा 144 लागू :** जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह ने चुनाव के साथ कई त्योहारों को देखते हुए जिले में धारा 144 लागू कर दिया है। डीएम ने बताया कि जिले में 82.5 किमी. लंबी भारत-नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा है। चार जून को मतगणना के साथ 17 जून को बकरीद भी है। इस दौरान जिले में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए 20 जून तक धारा 144 लागू कर दी गई है।

## सरहद से 362 सैन्य कर्मियों ने किया मतदान

**बलरामपुर।** सरहद से 362 सैन्य कर्मियों को मतदान के लिए इलेक्ट्रानिक पोस्टल बैलेट भेजा गया है। चार जून को होने वाली काउंटिंग के दिन सुबह आठ बजे तक पोस्टल बैलेट भेजने वाले सैनिकों के वोटों को शामिल किया जाएगा। डीएम व जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह ने चार जून को मंडी समिति में सैनिकों के वोटों की गिनती कराने की जिम्मेदारी जिला समाज कल्याण अधिकारी एमपी सिंह व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी यशवंत मौर्य को सौंपी है। सैन्य कर्मियों के वोटों की काउंटिंग कराने का तरीका जिला सूचना विज्ञान अधिकारी कुमार गौतम ने कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कार्यालय में सिखाया। विधानसभा क्षेत्र तुलसीपुर में 41, गैसड़ी में 24, सदर में 123, भिनगा में 63 व श्रावस्ती में 111 सैन्य कर्मियों को इलेक्ट्रानिक पोस्टल बैलेट से अपने मताधिकार का प्रयोग करके चार जून को सुबह आठ तक भेजना है, जिसे काउंटिंग में शामिल किया जाएगा। इन सैन्य कर्मियों के वोटों से श्रावस्ती लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने वाले 12 और गैसड़ी विधानसभा सीट पर उपचुनाव लड़ने वाले सात प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होना है। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 31-05-2024

# एसपी ने सुरक्षा को लेकर की ब्रीफिंग

बहराइच। एसपी वृन्दा शुक्ला ने दरगाह जेठ मेला कैम्प कार्यालय में मेले में ड्यूटी से सम्बंधित समस्त राजपत्रित अधिकारियों व कर्मचारियों की गोष्ठी की। मेला को सकुशल शांति पूर्ण संपन्न कराने को सभी संबंधित अफसरों को निर्देशित किया गया।

एसपी ने हिदायत दी की जहां पर भी ड्यूटी लगाई गई है, उस प्वाइंट को देख लें। अपनी ड्यूटी को भली भांति समझ लें। साथ ही ड्यूटी प्वाइंट पर यदि सुरक्षा के दृष्टिकोण से कोई प्रबन्ध आवश्यक हो तो उसे समय से करा लें। यातायात व्यवस्था में ट्रैफिक डायवर्जन की जो योजना बनाई गई है। उसका कड़ाई से पालन कराएं। डायवर्जन प्लान का मीडिया, सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार भी किया जाय।

## दो अपहृत किशोरी बरामद, जांच कराई

बहराइच । फखरपुर एसएचओ करुणाकर पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महिला सिपाहियों की मदद से दो अलग-अलग गांवों से अपहृत किशोरियों को गुरुवार को बरामद कर लिया गया है। महिला सिपाहियों की अभिरक्षा में उन्हें मेडिकोलीगल को भेज दिया गया है।

## दहेज हत्या मामले में आरोपी गिरफ्तार

बहराइच । रानीपुर थाने मे तैनात उपनिरीक्षक शैलेन्द्र यादव, सिपाही दीपक राज राना ने गौड़रिया गांव में दबिश दी। पुलिस ने इसी गांव निवासी बेचन उर्फ बेंचू को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी पर दहेज हत्या मामले में केस दर्ज था। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजा गया है।

## कोर्ट से गैर हाजिर आरोपी गिरफ्तार

बहराइच। रानीपुर थाने के उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार यादव, सिपाही शिव मोहन सिंह, दीपक राज राना ने रामपुर टेपरा में दबिश दी। पुलिस ने विनोद कुमार उर्फ संतराम को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष आरती वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी श्रावस्ती जनपद कोर्ट से गैर हाजिर चल रहा था। गिरफ्तार आरोपी को श्रावस्ती जनपद कोर्ट में पेश किए जाने पर जेल भेजा गया है।

# हिन्दुस्तान

# दरगाह मेला में परिवर्तित रूट से होगा लोगों का आवागमन

**यातायात**

**बहराइच, संवाददाता।** सैय्यद सालार मसऊद गाजी दरगाह पर गुरुवार से शुरू हुए सालाना मेले के मद्देनजर एसपी के निर्देश पर गुरुवार से 30 जून तक रूट डायवर्जन किया गया है। जायरीनों के आने वाले वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर खड़े होंगे। यातायात प्रभारी आनेन्द्र यादव ने बताया कि झिंगहाघाट मोड़ से कोई भारी वाहन नगर में प्रवेश नहीं करेगा। ऐसे वाहनों को रामगांव मोड़ होते हुए गंतव्य को भेजा जाएगा। कैलाश होटल तिराहा से कोई भारी वाहन दरगाह मेला की तरफ प्रवेश नहीं करेगा।

इस मार्ग पर आने वाले भारी वाहन आसाम चौराहा, रिसिया मोड़ होकर अपने गंतव्य को जाएंगे। पोद्दार पेट्रोल पंप से मेला की तरफ कोई भी चार पहिया वाहन प्रवेश नहीं करेगा। नूसी क्लीनिक से जंजीरी गेट की तरफ नूसी क्लीनिक से जंजीरी गेट की ओर जाने वाले लिंक मार्ग से कोई चार पहिया वाहन नहीं जाएगा। दो पहिया वाहनों को पास बने भिनगा, मल्हीपुर वाहन स्टैंड तक जाने दिया जाएगा। उसके आगे सभी जायरीन पैदल जाएंगे। गुल्लावीर की तरफ से आने वाले चार पहिया वाहनों को रेलवे क्रासिंग से आगे नहीं जाने दिया जाएगा। रेलवे क्रासिंग 132 केवीए लिंक मार्ग गोण्डा- इस मार्ग से कोई भी चार पहिया वाहन मेला की तरफ नहीं जाने दिया जाएगा। इस मार्ग पर आने वाले वाहनों को भिनगा- मल्हीपुर मुख्य मार्ग से आसाम चौराहा की तरफ मोड़ दिया जाएगा। छावनी चौराहा- छावनी चौराहे से मेला क्षेत्र की तरफ कोई भी चार पहिया वाहन नहीं जाने दिया जाएगा। ऐसे वाहनों को डिग्गिहा तिराहा, चांदपुरा चौराहा की तरफ मोड़ दिया जाएगा। छावनी चौराहा से दोपहिया वाहन मेले में नहीं जाएंगे।

इनको मल्हीपुर एवं भिनगा स्टैंड तक जाने दिया जाएगा। गुरुनानक चौक- गुरुनानक चौक से किसी भी भारी वाहन बस, ट्रक- ट्रैक्टर को डिग्गिहा तिराहा, छावनी चौराहा की तरफ नहीं जाने दिया जाएगा। ऐसे वाहनों को पुलिस लाइन तिराहा की तरफ मोड़ दिया जायेगा। गोलवाघाट मोड़ - कैसरगंज, हरदी मार्ग से आने वाले समस्त भारी वाहनों को नगर की तरफ नहीं जाने दिया जाएगा। ऐसे वाहनों को रामगांव मोड़ तिराहा होकर गंतव्य की तरफ भेजा जायेगा। भिनगा वैरियर - कोई चार पहिया वाहन इस वैरियर से मेला स्थल की तरफ प्रवेश नहीं करेगा।

### मेला परिसर से बाहर की गई पार्किंग व्यवस्था

बहराइच। गोण्डा-बलरामपुर श्रावस्ती से आने वाले जायरीनों के वाहन बस, ट्रक, टैम्पो, डीसीएम, पिकअप आदि वाहनों को टोल प्लाजा पार्किंग व आरोहुल कोल्हू पार्किंग कल्पीपारा में वाहनों को खड़ा कराया जाएगा। लखनऊ रोड से आने वाले जायरीन के वाहन गोलवाघाट मोड़, केडीसी तिराहा, पानी टंकी चौराहा से पुलिस लाइन रोड से दीनवक्का तिराहा व डीहा तिराहा होते हुए टोल प्लाजा के पास बने पार्किंग एवं आरोहुल कोल्हू के पास बने पार्किंग में खड़ी कराई जाएगी। चार पहिया व दोपहिया वाहनों की पार्किंग बक्शीपुरा पाकड़ पेड़ के पास, जैन कोल्ड स्टोरेज के पीछे पार्किंग में की जाएगी। नानपारा, रिसिया से आने वाले जायरीन के वाहनों को आवास-विकास कालोनी के पास पार्किंग की जाएगी।

# यातायात कर्मी डायवर्जन प्लान का सख्ती से कराएं पालन

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बहराइच।** एसपी ने बृहस्पतिवार को कैंप कार्यालय में सैय्यद सलार मंसूद गाजी की दरगाह पर लगने वाले मेले में ड्यूटी से संबंधित समस्त राजपत्रित अधिकारी व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं, मेला आयोजकों से जरूरी सुरक्षा मानकों का पालन कर मेला आयोजित करने की बात कही। एएसपी सिटी ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए यातायात कर्मियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

एएसपी सिटी रामानंद कुशवाहा ने यातायात कर्मियों को ट्रैफिक डायवर्जन का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए। प्लान का मीडिया, सोशल मीडिया से प्रचार, पार्किंग में वाहनों को खड़ा करने, बेतरतीब खड़े वाहनों को क्रेन की मदद से तुरंत हटाने के आदेश दिए। मेला प्रबंधन कमेटी से समन्वय स्थापित करते हुए प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई के थाना प्रभारी व मेला प्रभारी को निर्देश दिए। दुकानदारों को आग बुझाने के यंत्र, भीड़भाड़ वाली जगहों में सादी वर्दी में महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती की बता कही।



सैयद सालार मसऊद गाजी की दरगाह पर जेठ मेले लिए तैयारी बैठक में मौजूद पुलिसकर्मी। संवाद

इस दौरान समस्त क्षेत्राधिकारी, एलआइयू निरीक्षक, टीएसआई, अग्निशमन अधिकारी सहित आदि मौजूद रहे। वहीं उच्चाधिकारियों ने पुलिसकर्मियों के साथ मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था भी परखी।

हिन्दुस्त

# मतगणना के लिए नामित किए गए तीन प्रेक्षक




बहराइच, संवाददाता। लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर आयोग की ओर से जिले में तीन प्रेक्षकों की तैनाती कर दी गई है। जिनकी मौजूदगी में सातों विधानसभा क्षेत्रों में हुए मतदान की मतगणना होगी।

डीएम मोनिका रानी ने बताया कि सुरक्षित लोकसभा सीट के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 284-मटेरा व 286-बहराइच के लिए आईएएस अनिल राज राय को प्रेक्षक नामित किया गया है। प्रेक्षक के लाइजनिंग आफिसर सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी का मोबाइल नम्बर 9717279623 है। इसी प्रकार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 282-बलहा (अ.जा.) व 283-नानपारा के लिए आईएएस अमनदीप बंसल को प्रेक्षक नामित किया गया है। प्रेक्षक के लाईज़निंग आफिसर जिला प्राबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह का मोबाइल नम्बर 8318473750 है।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 285-महसी, 287-पयागपुर व 288-कैसरगंज के लिए एससीएस सुश्री रूपश्री को प्रेक्षक नामित किया गया है। प्रेक्षक के लाईज़निंग आफिसर सहायक अभियन्ता चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी का मोबाइल नम्बर 9450531248 व सिंचाई निर्माण मण्डल कल्पीपारा विजय लक्ष्मी अम्बेडकर का मोबाइल नम्बर 9305381719 है।

# जागरण में खबर प्रकाशित होने के बाद हरकत में आई पुलिस

**जागरण प्रभाव**

- छात्रा से जबरन विवाह करने का आरोपित गिरफ्तार
- दुष्कर्म, बाल विवाह अधिनियम की धाराओं में भेजा गया जेल

संसू, जागरण ● फखरपुर (बहराइच) : कक्षा छह की छात्रा व उसकी मां को डरा धमकाकर बाल विवाह करने वाले आरोपित को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दैनिक जागरण में खबर प्रकाशित होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने किरकिरी होने के बाद कार्रवाई की।

इलाके के एक गांव निवासी कक्षा छह की छात्रा और उसकी मां ने फखरपुर थाने में बाल विवाह अधिनियम, मारपीट,व धमकी का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप था कि कुछ दिन पहले पिता की मृत्यु के बाद उसके एक रिश्तेदार ने जबरन 23 वर्ष बड़े उम्र के युवक के साथ उसकी शादी करा दी। मां-बेटी ने जब इसका विरोध किया तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। किशोरी किसी तरह आरोपितों के चंगुल से भाग निकली थी। एसपी को आपबीती सुनाकर कार्रवाई की मांग की। एसपी ने मामले को गंभीरता से लिया। इसके बाद फखरपुर थाने में पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया, लेकिन आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं की जा रही थी। आरोपित लगातार पीड़ित को जानमाल की धमकी दे रहे थे। मंगलवार को जागरण ने पुलिस की पकड़ से दूर बाल विवाह कराने वाले आरोपित शीर्षक से खबर प्रकाशित की। इसके बाद पुलिस ने हुजूरपुर के सासलमपुर निवासी आरोपित पति पंकज को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

# मुख्यमंत्री पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

- वीडियो प्रसारित होने के बाद एक्शन में आई थी पुलिस
- घटना से भाजपाइयों में भड़का था आक्रोश

संसू, जागरण • फखरपुर/कैसरगंज (बहराइच) : मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ का नाम लेकर युवक द्वारा अभद्र व अमर्यादित टिप्पणी किए जाने का वीडियो गुरुवार को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गया। घटना से भाजपाइयों में आक्रोश व्याप्त था। वीडियो प्रसारित होने के बाद पुलिस एक्शन मोड में आ गई। आरोपित युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रसारित वीडियो दैनिक जागरण के पास भी है।

प्रसारित वीडियो एक सप्ताह पूर्व का बताया जा रहा है, जिसमें दो-तीन युवक कैसरगंज के भकला चौराहा के पास स्थित गांधीघाट पर एकत्रित होकर मुख्यमंत्री योगी का नाम लेकर अभद्र टिप्पणी करते नजर आ रहे हैं। यही नहीं सीएम को गाली देते हुए वीडीओ बनाकर युवकों ने उसे इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। गुरुवार को वीडियो प्रसारित होने के बाद भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप पांडे, भाजपा नेता कृष्ण कुमार त्रिपाठी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्यामजी त्रिपाठी, शुभम उपाध्याय समेत अन्य नेताओं ने पुलिस को तहरीर दी। उल्लेख किया गया है कि कैसरगंज कोतवाली इलाके का रहने वाले सत्यम सोनी ने सीएम का नाम लेकर गालियां दी हैं। सीओ रूपेन्द्र गोड ने बताया कि आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया हे।

जिले की महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

# दोनों देशों के अधिकारियों की बैठक में सीमा सुरक्षा पर चर्चा

नानपारा/रुपईडीहा : भारत-नेपाल सीमा पर वाहनों के आवागमन को लेकर गुरुवार को रुपईडीहा थाने में सीओ राहुल पांडेय की अध्यक्षता में बैठक हुई। बीते मंगलवार को सशस्त्र सीमा बल व कस्टम में मतभेद होने से कस्टम विभाग ने सीमा पर अचानक वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी थी। एसडीएम ने बताया कि भारत-नेपाल मैत्री बस सेवा अग्रिम आदेशों तक आइसीपी चेक पोस्ट व पूर्व की भांति आकस्मिक वाहन भी आईसीपी चेक पोस्ट से आवागमन के निर्देश दिए गए हैं। (संसू)

# माफिया गब्बर के खिलाफ आरोप तय, विचारण की मांग

जासं • बहराइच : मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवेंद्र कुमार मिश्र की अदालत में गुरुवार को प्रदेश के टाप-50 माफिया देवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ गब्बर को जेल से कड़ी सुरक्षा के बीच लाया गया। कोतवाली नगर की पुलिस सुरक्षा में लगी रही। अदालत में पत्रावली पेश होने तक सह अभियुक्त मनीष जायसवाल गैर हाजिर था। अदालत की सख्ती के बाद उसने हाजिर होकर जमानत प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया। अदालत ने जमानत मंजूर करते हुए गब्बर व मनीष के खिलाफ आरोप तय किया। आदेश को पढ़कर आरोपितों ने आरोप से इनकार करते हुए विचारण की मांग की।

शहर के कानूनगोपुरा दक्षिणी निवासी जसवीर सिंह ने देवेंद्र सिंह उर्फ गब्बर व मनीष जायसवाल के खिलाफ 20 नवंबर 2018 को साढ़े पांच बजे असलहा से लैस होकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। बुधवार को फिरोजाबाद जेल से माफिया गब्बर को न्यायालय लाया गया, लेकिन देरी होने के कारण कार्रवाई पूरी नहीं हो सकी थी।

अदालत ने प्रशासनिक आधार पर आरोपित गब्बर को पड़ोसी जिले के बलरामपुर जेल में रखने का आदेश दिया था। गुरुवार को आरोप तय होने के बाद माफिया को फिरोजाबाद जेल भेज दिया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से अभियोजन अधिकारी निर्मल यादव पैरवी कर रहे हैं।

**अदालत से**

• अदालत की सख्ती के बाद सह आरोपित मनीष जायसवाल ने हाजिर होकर कराई जमानत

## अदालत के सामने गिड़गिड़ाया माफिया

सीजेएम शिवेंद्र कुमार मिश्र की अदालत में माफिया गब्बर सिंह गुरुवार को गिड़गिड़ाता नजर आया। हाथ जोड़कर अदालत से कहा कि मेरी जान बचा लीजिए, मेरा शुगर बढ़ा हुआ है। इंसुलिन लगवाकर वह जेल से चलता है। रास्ते में दवा-इलाज के लिए उसे सुविधा नहीं मिल पाती है। इंसुलिन का असर सिर्फ तीन घंटे का होता है। उसने अदालत से प्रार्थना की कि उसे किसी पड़ोसी जिला जेल में कर दिया जाए, जिससे वह इंसुलिन लगवाकर चला आए। फिरोजाबाद से आने में काफी समय लग जाता है। अदालत ने उसकी बात गंभीरता से सुनी, लेकिन कोई आदेश पारित नहीं किया।

# भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने हाईवे जाम कर किया प्रदर्शन

संसू, जागरण • मोतीपुर/मिहींपुरवा(बहराइच) : मिहींपुरवा तहसील के ग्रामपंचायत कंजड़वा के प्रेमनगर में आबादी की भूमि पर वर्ष 1995 से संत रविदासजी की मूर्ति स्थापित की गई थी। इसी भूमि पर डा.भीमराव आंबेडकर एवं भगवान बुद्ध की जयंती मनाई जाती रही है। आरोप है कि कुछ अराजक तत्वों ने पंचशील का झंडा देखकर भगवा झंडा लगा दिया। इससे भीम आर्मी कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए और कुड़वा डगरा के पास नानपारा-लखीमपुर हाईवे जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इससे वाहनों की लंबी लाइन लग गई। प्रशासन के लोगों ने काफी प्रयास के बाद जाम हटवाया। एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि भीम आर्मी एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के बीच झंडा लगाने को लेकर विवाद हुआ था। किसी भी पक्ष से तहरीर नहीं मिली है।

# ट्रेन में सेवानिवृत्त वन दारोगा पर चाकू से हमला

संसू, जागरण • चित्तौरा(बहराइच): भाई के तेरहवीं संस्कार में शामिल होने जा रहे सेवानिवृत्त वन दारोगा पर बहराइच-गोंडा के बीच चिलवरिया के पास चलती ट्रेन में चाकू से हमला कर मोबाइल व रुपये छीनकर लुटेरा फरार हो गया। गंभीर हालत में उन्हें एंबुलेंस से बहराइच मेडिकल कालेज में लाकर भर्ती कराया गया है।

कोतवाली देहात इलाके के घसियारीपुरा निवासी सुरेश कुमार द्विवेदी गुरुवार की दोपहर में ट्रेन से अपने भाई के तेरहवीं संस्कार में शामिल होने कौड़िया जा रहे थे। आरोप है कि चिलवरिया स्टेशन पर ट्रेन पहुंचने वाली थी, तभी अज्ञात युवक ने सेवानिवृत्त वन दारोगा पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमलावर उनका मोबाइल और रुपये छीनकर भाग गया।

# वारंटी गिरफ्तार

बहराइच। दरगाह शरीफ पुलिस ने धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं के वारंटी बक्शीपुरा नई बस्ती निवासी मनोज कुमार, सुनीता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। (संवाद)

# अपहर्ताओं को किया बरामद

फखरपुर। थाना पुलिस ने दो अपहृताओं को बरामद करते हुए बयान दर्ज करने के बाद वन स्टॉप सेंटर भेज दिया। (संवाद)

# धार्मिक स्थल से झंडा उतारने को लेकर सड़क जामकर प्रदर्शन

मोतीपुर (बहराइच)। ग्राम पंचायत कंजड़वा स्थित एक धार्मिक स्थल पर बीते सप्ताह एक झंडा उतार कर दूसरा झंडा फहराया गया था। इसको लेकर बृहस्पतिवार को भीम आर्मी के लोगों ने नानपारा-लखीमपुर हाईवे पर सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंची पुलिस और उच्चाधिकारियों ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। इस दौरान शाम चार बजे से साढ़े पांच बजे तक यातायात बाधित रहा।

मोतीपुर थाना क्षेत्र के कंजड़वा गांव में 26 मई की रात कुछ लोगों ने एक धार्मिक स्थल से झंडा उतार कर दूसरा लगा दिया था। इसके बाद भीम आर्मी के लोगों के थाना मोतीपुर में प्रार्थना पत्र देकर शरारती तत्वों पर कार्रवाई करने की मांग की थी। कार्रवाई न होने से नाराज भीम आर्मी के लोगों ने बृहस्पतिवार को नानपारा-लखीमपुर मार्ग स्थित कुड़वा तिराहा पर जाम लगा दिया। सूचना पाकर मौके पर एसडीएम संजय कुमार, तहसीलदार मिहींपुरवा अंबिका चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा व नानपारा राहुल पांडेय व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। (संवाद)

# चोरी के सामान के साथ एक गिरफ्तार

**फखरपुर (बहराइच)।** कोठवल मजरा डंडी बगिया कोठवल खुर्द गांव निवासी ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर दी थी। बताया कि बुधवार को उनके घर में पेड़ के सहारे चोर घुस गए। कमरों में रखा जेवरात, नकदी, मोबाइल आदि चुरा ले गए। तहरीर पर पुलिस ने थानाक्षेत्र से चोर को गिरफ्तार कर चोरी किया गया सामान बरामद कर जेल भेज दिया। फखरपुर थाना क्षेत्र के डंडी बगिया गांव निवासी राममूरत के घर में चोर नीम के पेड़ के सहारे घर मे घुसे थे। थानाध्यक्ष करुणाकर पांडे ने बताया कि कोठवल कला गांव निवासी रवि को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, पूछताछ में उसने बताया कि बीते दिनों जरवल रोड थानाक्षेत्र में भी उसने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। (संवाद)

# मुख्यमंत्री पर युवक ने की अभद्र टिप्पणी

**बहराइच।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें एक युवक प्रदेश के मुख्यमंत्री पर अभद्र टिप्पणी कर रहा है। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिदरखा निवासी सत्यम सोनी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें युवक अपनी मूंछों पर ताव देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लेते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहा है। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। कोतवाल राजनाथ सिंह ने बताया कि एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है। (संवाद)

# बाल विवाह करने के आरोपी को भेजा जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

## बालिका के बयान के आधार पर दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई

**फखरपुर(बहराइच)।** कक्षा छह की छात्रा व उसकी माता को डरा धमकाकर बाल विवाह करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दुष्कर्म की धारा को बढ़ाते हुए उसे जेल भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी बारह वर्षीय कक्षा छह की छात्रा और उसकी मां ने फखरपुर थाने में बाल विवाह अधिनियम, मारपीट, जान से मारने की धमकी का मुकदमा पांच लोगों के खिलाफ दर्ज कराया था। आरोप लगाया था कि लगभग एक साल पहले उनके एक रिश्तेदारी में फूफा ने 23 वर्ष बड़े उम्र के हुजूरपुर निवासी युवक पंकज से छात्रा की जबरन शादी करा दी थी।

बृहस्पतिवार को पुलिस ने हुजूरपुर थाना क्षेत्र के सासलमपुर निवासी पति पंकज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष फखरपुर करुणाकर पांडे ने बताया कि छात्रा के बयान के आधार पर दुष्कर्म की धारा बढ़ा दी गई है।

# दुष्कर्मी की जमानत याचिका खारिज

अदालत से

**बहराइच।** पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सरसा निवासी राम गोविंद के खिलाफ कोतवाली नगर की पुलिस ने घर में घुसकर नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में अप्रैल, 2024 में मुकदमा दर्ज किया था। बृहस्पतिवार को अभियुक्त के अधिवक्ता की ओर से विशेष न्यायाधीश पॉक्सो दीपकांत मणि की कोर्ट में जमानत याचिका प्रस्तुत की गई थी। जिसे कोर्ट ने निरस्त कर दी। (संवाद)

# मतगणना के लिए तीन प्रेक्षक नामित

बहराइच। लोकसभा सभा सीट बहराइच व कैसरगंज के आंशिक भाग की मतगणना चार जून को संपन्न होगी। जिसको लेकर निर्वाचन आयोग की ओर से तीन प्रेक्षक नामित किए गए हैं। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बहराइच की विधानसभा मटेरा व बहराइच के लिए अनिल राज राय को प्रेक्षक व प्रेक्षक के लाइजनिंग ऑफिसर सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी को नामित किया गया है। साथ ही विधानसभा बलहा व नानपारा के लिए अमनदीप बंसल को प्रेक्षक व जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय सिंह को लाइजनिंग ऑफिसर बनाया गया है। बहराइच लोकसभा के विधानसभा महसी व लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र कैसरगंज के आंशिक भाग विधानसभा पयागपुर व कैसरगंज के लिए रूपश्री के को प्रेक्षक व सहायक अभियंता चंद्र प्रकाश त्रिवेदी और विजय लक्ष्मी अंबेडकर को उनका लाइजनिंग ऑफिसर बनाया गया है। (संवाद)

# मेला परिसर क्षेत्र में भारी वाहनों व कार ले जाने पर लगा प्रतिबंध

**बहराइच।** मेला परिसर की व्यवस्था को लेकर अपर एसपी सिटी रामानंद कुशवाहा ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेला परिसर की तरफ जाने वाले रास्ते पर ट्रक, बस व चार पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। वहीं, स्थानीय यातायात कर्मी शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को नियंत्रित करते हुए अपने-अपने ड्यूटी प्वांइटों पर आवश्यक रूप से तैनात रहेंगे। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 31-05-2024

# जांच में 15 वाहनों का चालान

श्रावस्ती। यातायात नियमों का पालन कराने को लेकर पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत एसपी के निर्देशन में विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 15 वाहनों को नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। जिनका मोटर अधिनियम के तहत ई-चालान कर 18 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# सुरक्षा को लेकर पुलिस ने पैदल गश्त किया

श्रावस्ती। कानून व्यवस्था मजबूत रखने को सुरक्षा बनाए रखने को पुलिस लगातार रूटीन गश्त कर रही है। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने पैदल गश्त किया। गश्त के दौरान पुलिस ने लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया। साथ ही लोगों से संवाद कर सुरक्षा संबंधी जानकारी ली और समस्या होने पर पुलिस को सूचना देने की सलाह दी।

# पुलिस अधीक्षक ने सुनी लोगों की शिकायत

श्रावस्ती। एसपी घनश्याम चौरसिया ने गुरुवार को जनता दर्शन में लोगों की शिकायत सुनी। इस दौरान कुल 18 प्रार्थना पत्र मिले। जिसमें तीन भूमि विवाद, छह पारिवारिक विवाद व नौ अन्य विवादों से संबंधित रहे। लोगों की शिकायत सुन एसपी ने संबंधित अधिकारियों को सभी शिकायतों का समय से निस्तारण कराने का निर्देश दिया।

## जरूरत पर इस्तेमाल करें हेल्पलाइन नंबर

**श्रावस्ती।** महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा से उन्हें जागरूक करने के लिए बृहस्पतिवार शक्ति मोबाइल टीम ने इकौना के सीताद्वार मंदिर व इकौना बस स्टैंड में चौपाल का आयोजन किया। जहां महिलाओं व बालिकाओं को वीमेन पॉवर लाइन-1090 सहित उनके अधिकारों के लिए बने कानून व नियमों की जानकारी दी गई। इस दौरान उन्हें साइबर अपराध के बारे में जानकारी देकर सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के टिप्स भी बताए गए। साथ ही उन्हें हेल्पलाइन-181, पुलिस कंट्रोल-112 बारे में भी जानकारी देकर समय पड़ने पर इन नंबरों का इस्तेमाल करने की सलाह भी दी गई। (संवाद)

## शांतिभंग में पांच गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस की ओर से बुधवार रात अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से पांच लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध शांतिभंग के आरोप में कार्रवाई करते हुए संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। (संवाद)

# जनता दर्शन में एसपी ने सुनीं शिकायतें

श्रावस्ती : एसपी घनश्याम चौरसिया ने गुरुवार को पुलिस कार्यालय सभागार में जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायतें सुनीं। कुल 18 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। एसपी ने थाना प्रभारियों को जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। (वि.)